CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $24^{0}$ C
न्यूनतम : $11^{0}$ C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 42 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

**नौवां रोज़ा**

## ज़कात का ज़ेवर है नौवां रोज़ा

इस्लाम मजहब में ज़कात की बड़ी अहमियत है। कुरआने-पाक के पहले पारे में अल्लाह का इरशाद है, और नमाज कायम रखो और ज़कात दो और रुकूअ करने वालों के साथ रुकूअ करो। ज़कात, दोस्ती का दस्तावेज तो है ही, रोज़े का ज़ेवर भी है। ज़कात का ज़ेवर रोज़े की ज़ैब-ओ-ज़ीनत बढ़ाता है। ज़कात में दिखावा नहीं होना चाहिए। ज़कात का दिखावा, 'दिखावे' की ज़कात बन जाएगा। दिखावा शैतानियत का निशान है, इंसानियत की पहचान नहीं। रोज़ा पाकीज़गी का परचम और इंसानियत का हमदम है। इसलिए इंसानियत भी। रूहानियत की ताकत है रोज़ा, रोज़े की ताकत है ज़कात। हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फर्माया, रोज़ा रखते हुए शख्स को बुरी बात कहने से बचना चाहिए, यह भी ज़कात है।

# एनसीईआरटी की पुस्तक के पुनर्मुद्रण व डिजिटल प्रसार पर पूर्ण रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रचलन में मौजूद सामाजिक विज्ञान की किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की उस पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का संदर्भ दिया गया था।

न्यायालय ने प्रचलन में मौजूद किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का निर्देश दिया और इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट मांगी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यह एनसीईआरटी के निदेशक और उन सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, जहां यह किताब पहुंची है। उन्हें अपने परिसर में मौजूद किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त कर सील करना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि संबंधित पुस्तक के आधार पर छात्रों को कोई निर्देश या शिक्षा न दी जाए। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इस आदेश का पालन करने और दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों या बदले हुए शीर्षकों के जिरए इस आदेश का उल्लंघन करने की किसी भी कोशिश को अदालत की अवमानना और निर्देशों की सीधी अवहेलना माना जाएगा। इससे पहले बुधवार को मुख्य न्यायाधीश ने पुस्तक की सामग्री पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि वह किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली पीठ ने इसे न्यायपालिका के खिलाफ एक गहरी साजिश करार दिया।



### एनसीईआरटी मामले में न्यायपालिका के आदेश का पालन किया जाएगा : धर्मेन्द्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक विवाद पर कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों का पालन किया जाएगा। श्री प्रधान ने उच्चतम न्यायालय के एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पर गुरूवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं। न्यायपालिका ने जो भी कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ है, उससे मैं दुखी हूं, और मैं इस पर अफसोस जताता हूं।

## युवा कांग्रेस ने संगठन के नेताओं की रिहाई के लिए किया सत्याग्रह

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को यहां शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने गुरुवार को बताया कि सत्याग्रह में देश भर से आए युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य तथा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। श्री पांडे ने बताया कि सत्याग्रह में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव आदि शामिल हुए।




# इजरायल में भारतीय UPI चलेगा

## मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता, पीएम मोदी बोले: जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री मोदी इजरायल दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकास्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है।

वहीं, पीएम मोदी ने इजरायली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। फिर पीएम मोदी और इजरायली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजरायल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजरायल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) करेगा। मोदी बुधवार को इजरायल पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजरायली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और वहां की जनता का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। नेसेट (इजरायली संसद) से मिले सम्मान को उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों और भारत-इजरायल दोस्ती को समर्पित किया। कहा कि दोनों देशों के रिश्ते भरोसे, लोकतंत्र और इंसानी मूल्यों पर बने हैं। अब इस रिश्ते को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला हुआ है। यह दोनों देशों के लोगों की उम्मीदों को दर्शाता है। दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा करने की कोशिश होगी। एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और जरूरी खनिज जैसे क्षेत्रों में साथ काम होगा। इजरायल में यूपीआई इस्तेमाल के लिए समझौता हुआ है। रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग- रक्षा क्षेत्र में दोनों दोशों का भरोसेमंद सहयोग है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। जाइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर काम होगा। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ेगी। किसानों और गांवों के लिए नई पहल- कृषि क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग पहले से सफल रहा है। भारत में इजरायल की मदद से बने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक बढ़ाई जाएगी। गांव-गांव तक नई खेती तकनीक पहुंचाने के लिए 'विलेज ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जाएंगे। इससे किसानों की आय और उत्पादन बढ़ेगा। भारतीय कामगारों ने इजरायल में मेहनत से भरोसा जीता है। अब सहयोग को कामर्स और सर्विस सेक्टर तक बढ़ाया जाएगा। युवाओं और रिसर्चर्स को जोड़ने के लिए इंडिया-इजरायल अकादमिक फोरम बनेगा। वैश्विक मुद्दों पर साझेदारी- दोनों देशों ने आईएमईसी कॉरिडोर और आई2यू2 ग्रुप जैसे प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने पर चर्चा की।



- इजरायल आना मेरे लिए गर्व की बात: मोदी
- भारत और इजरायल के बीच 16 एमओयू हुए साइन
- फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत का पहला दौर पूरा

### पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फालोअर्स वाले पहले नेता

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फालोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पालिटिशियन बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फालोअर्स हैं। ट्रम्प 43.2 मिलियन फालोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फालोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फालोअर्स की संख्या से कम है। ट्रम्प के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फालोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फालोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। तुर्की के प्रेसिडेंट एर्दोगन के 11.6 मिलियन फालोअर्स हैं। पीएम मोदी ने बुधवार देर रात इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फालोअर्स का आंकड़ा छुआ। 2025 में पीएम मोदी के फालोअर्स 95 मिलियन हुए। इसकी के साथ उनका अकाउंट ग्लोबल इन्फ्लुएंसर्स अकाउंट्स की लिस्ट में जोड़ा गया। उनकी पोस्ट को लाखों-करोड़ों लाइक्स मिलना आम बात हुई।

# मियां मुसलमान विवाद पर असम सीएम को हाईकोर्ट का नोटिस

गुवाहाटी, वार्ता

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंता बिस्वा सरमा के मियां मुसलमान वाले बयान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। ये नोटिस राज्य में माइनॉरिटी कम्युनिटी के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया गया।

याचिका में कहा गया था कि सीएम सरमा के हेट स्पीच के वीडियो वायरल होने के बावजूद, असम पुलिस ने खुद से एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसमें दावा किया गया है कि सीएम के खिलाफ कार्रवाई न करने से सजा से बचने का माहौल और डरावना असर होता है। असमिया स्कॉलर डा. हिरेन गोहेन और दो अन्य लोगों ने इसे दायर किया था। इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने पिटीशनर्स से कहा था कि वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। मामले की सुनवाई के बाद, चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस अरुण देव चौधरी की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार, असम सरकार, डीजीपी और मुख्यमंत्री को नोटिस जाकी किया। कोर्ट ने अंतरिम राहत की अर्जी पर भी नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस स्टेज पर भाजपा को नोटिस जारी करना जरूरी नहीं है। एक पिटीशनर की ओर से पेश हुए सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस व्यक्ति के काम की एक जैसी, लगातार और आदतन प्रकृति को देखिए। वह अपने पद की शपथ और आर्टिकल 14, 15 के हर जाने-माने नियम, प्रस्तावना के शब्दों, सेक्युलरिज्म और भाईचारे और बीएनएस के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। सिंघवी ने कहा कि जब कोई पब्लिक ऑफिस की शपथ लेता है, खासकर राज्य का सीएम, तो ऐसे मामले मंजूर नहीं हैं। सिंघवी ने 2023 में छत्तीसगढ़ में सरमा की एक कथित टिप्पणी का जिक्र किया।

**याचिका में हिमंता को हेट स्पीच देने से रोकने की मांग की गई थी, कोर्ट ने केंद्र और असम डीजीपी को भी नोटिस भेजा**



## दिल्ली हाईकोर्ट का सैनिकों के हक में फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन को सिर्फ यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि बीमारी 'लाइफस्टाइल डिसऑर्डर' है या वह पीस एरिया में तैनाती के दौरान हुई।

हाईकोर्ट ने कहा कि गैर-ऑपरेशनल क्षेत्रों में भी सैन्य सेवा तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। बता दें कि सेना में 'पीस पोस्टिंग' का मतलब है कि सैनिक या अधिकारी की पोस्टिंग बॉर्डर पर नहीं बल्कि शांत और सुरक्षित शहरों या छावनियों में होती है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। वे हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में।

- कहा: लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बताकर दिव्यांगता पेंशन नहीं रोक सकते, सैन्य सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण

## अजित पवार प्लेन क्रैश: भतीजे रोहित व योगेंद्र बारामती पहुंचे

**बारामती।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के प्लेन क्रैश मामले में अजित के दोनों भतीजे रोहित और योगेंद्र पवार गुरुवार सुबह बारामती पहुंचे। यहां दोनों ने बारामती ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचकर क्रैश मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और एयरक्राफ्ट कंपनी वीएसआर के खिलाफ एफआईआर की मांगी की। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) के विधायक रोहित पवार ने थाने से बाहर आकर कहा कि हमारी पुलिस के साथ 2 घंटे बातचीत हुई, पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# ईडी ने तीन करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति की कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक मामले में 3.35 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के नागपुर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके परिवार के सदस्यों की कुर्क की गई संपत्तियों में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 10.37 एकड़ है। पीएमएलए जांच नागपुर के धंतोली और सीताबल्डी पुलिस स्टेशनों में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके सहयोगियों के खिलाफ उनकी कथित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के लिए दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी। जांच में यह खुलासा हुआ कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनकी पत्नी श्रीमती खुशी सचिन पांडे ने नागपुर में दो संपत्तियों में कोई हिस्सेदारी न होने के बावजूद, उन संपत्तियों को 2.5 करोड़ रुपये में बेचने के लिए शिकायतकर्ता अमित कोठारी के साथ जानबूझकर समझौता किया और 2-2 करोड़ रुपये नकद प्राप्त किए। बाद में जब शिकायतकर्ता के पक्ष में संपत्तियों को स्थानांतरित करने वाला बिक्री विलेख (डीड) निष्पादित नहीं किया गया, तो आरोपियों ने समझौता किया।

- जब्त संपत्ति में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177



## संक्षिप्त समाचार

### मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण न देने वाले कर्मचारियों को 10 तक मौका

**लखनऊ।** मानव सम्पदा पोर्टल पर सम्पत्ति का विवरण न देने वाले 47 हजार 816 कर्मचारियों को राहत देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतिम मौका दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की तरफ से गुरुवार को सभी एसीएस और प्रमुख सचिवों सहित विभागा ध्यक्षों और मण्डलायुक्तों को आदेश जारी कर 10 मार्च तक अपलोड कराने के निर्देश दिया हैं। कर्मचारियों को 31 जनवरी तक सम्पत्ति का विवरण देना था। गोयल द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि तक संपत्ति का विवरण दर्ज न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा, उन्हें एसीपी का लाभ नहीं मिलेगा तथा विदेश यात्रा और प्रतिनियुक्ति के लिए विजिलेंस क्लियरेंस भी नहीं दी जाएगी।

### उप्र के हर जिले में विकसित होंगे मॉडल तालाब

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने तालाबों के पर्यावरणीय और सामाजिक महत्व को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जिले में 100-100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इन मॉडल तालाबों को ग्रे वाटर और प्लास्टिक अपशिष्ट से मुक्त बनाया जाएगा। इससे जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा मच्छरजनित रोगों में कमी आने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब जल संचयन, भूजल रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक गति. विधियों के केंद्र रहे हैं।

## मोदी ने किया इजरायल का खुला बचाव: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेल अबीव में इजराइल की संसद में बुधवार को दिए अपने भाषण पूरी तरह से इजरायल का बचाव किया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि इजरायल की संसद कनेसेट में मोदी में जो भी बात कही उसमें इजरायल का बचाव था।

कांग्रेस मांग करती रही है कि इजरायली संसद में मोदी गाजा में हुए नरसंहार का मुद्दा भी उठाएं। रमेश ने कहा ष्कल कनेसेट में दिए गए अपने संबोधन में-जो उनके मेजबान का खुला बचाव था। मोदी ने इस तथ्य पर ध्यान दिलाया कि जिस दिन उनका जन्म हुआ था, उसी दिन भारत ने इजरायल को एक नए राष्ट्र के रूप में मान्यता दी थी। कांग्रेस नेता ने इजरायल की स्थापना को लेकर विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि 13 जून 1947 को अल्बर्ट आइंस्टीन ने इजरायल की स्थापना के विषय पर जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा था। एक महीने बाद नेहरू ने आइंस्टीन को उसका उत्तर दिया। 5 नवम्बर 1949 को दोनों की मुलाकात प्रिसटन स्थित आइंस्टीन के घर पर हुई थी। नवम्बर 1952 में आइंस्टीन को इजरायल के राष्ट्रपति पद का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

### नेहरू ने देश के हितों के साथ कई बार किया था समझौता: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर देश के हितों के साथ कई बार समझौता करने का आरोप लगाया और कांग्रेस और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्री गांधी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा कंप्रोमाइज्ड (समझौता) शब्द गलत है। असल में देश को कमजोर करने वाले फैसले नेहरू के शासन काल में लिए गए थे।

## कांशीराम के नाम पर राजनीति कर रही है सपा: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर दी तीखी प्रतिक्रिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी द्वारा बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर बहुजन समाज पार्टी द्धबसपात्र की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तंज कसते हुए कहा कि सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- कांशीराम की जयंती पर 'पीडीए दिवस' मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनी. तिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है। सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है। उन्होंने 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि वह घटना बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सपा सरकारों ने कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए गए कई कार्यों को बदलने या समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार द्वारा कांशीराम नगर, संत रविदास नगर और कांशीराम के नाम पर स्थापित संस्थानों के नाम सपा सरकार ने बदल दिए, जो बहुजन समाज के साथ विश्वासघात है। मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि सपा ने मुस्लिम समाज के साथ भी वादाखिलाफी की और अपने शासनकाल में साम्प्रदायिक दंगों को रोकने में असफल रही। उन्होंने कहा कि सपा और भाजपा एक-दूसरे की राजनीति को मजबूत करने का काम करती रही हैं, जिससे प्रदेश की जनता को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सपा को यह जवाब देना चाहिए कि कांशीराम के निधन के बाद उन्हें उचित राजकीय सम्मान क्यों नहीं दिया गया।

### बसपा विधायक की कंपनी पर आयकर की छापामार कार्रवाई

**कौशांबी।** बहुजन समाज पार्टी विधायक उमाशंकर सिंह की कंपनी छात्रशक्ति इंफ्रा लिमिटेड के कार्यालय पर बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई कई घंटे तक चलती रही। सूत्रों के अनुसार सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर गांव में उमाशंकर सिंह का गिट्टी और बालू मिक्सिग प्लांट संचालित है, जिसकी देखरेख प्रोजेक्ट मैनेजर वरुण सिंह करते हैं। बताया गया है कि कौशांबी बौद्ध स्थल तक 42 किलोमीटर सड़क निर्माण का टेंडर उनकी कंपनी को मिला हुआ है। बुधवार को आधा दर्जन वाहनों से पहुंचे आयकर विभाग के अधिकारियों ने जयंतीपुर स्थित प्लांट और संबंधित कार्यालय में गहन छानबीन की।

### जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही

## शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द

**नई दिल्ली, वार्ता**



सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे: नितिन गडकरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी' विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं इसलिए इस नियम को ज्यादा सख्त किया जा रहा है और बार बार शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ड्राइविग लाइसेंस को ग्रेड सिस्टम में बदला जा रहा है और बार बार गलती होने पर जैसे ही 12 ग्रेड पर पहुंचेगा लाइसेंस को निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हर साल होती हैं, जिनमें 1 लाख 80 हजार लोगों की मृत्यु होती है। इनमें 72 प्रतिशत युवा होते हैं जिनकी उम्र 18 से 45 साल के बीच होती है जबकि 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 बच्चों की मौत होती है। हेलमेट न पहनने के कारण 54,122 और सीट बेल्ट का उपयोग न करने से 14,466 लोगों की मृत्यु का आंकड़ा है। इसके अलावा तेज गति भी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है और इससे 1.2 लाख लोगों की मौत होती हैं। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहन चलाते समय मोबा. इल फोन का उपयोग करना जैसे कई कारण सड़क दुर्घटनाओं के हैं। सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें रोड इंजीनियरिंग में डीपीआर की गुणवत्ता में कमी भी एक कारण है इसलिए इसमें बदलाव लाया गया है और ठेकेदारों और डीपीआर कंपनियों की रेटिग तय कर दी गई है। इसी तरह ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में भारत एनसीएपी स्टार रेटिग लागू की गई है और किफायती मॉडलों में भी छह एयरबैग अनिवार्य किए गए हैं। उनका कहना था कि भारत में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के मानक अब वैश्विक मानकों के बराबर हैं। इसके साथ ही बस बॉडी कोड को गत सितम्बर से लागू किया गया है और इसके तहत अब टाटा, अशोक लीलैंड और वोल्वो जैसी कंपनियां मानक के अनुसार बस बॉडी बनाएंगी।

### सड़क सुरक्षा कानून के पालन को सख्त करना जरूरी

गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा कानून के पालन को सख्त करना जरूरी है। उनका कहना था कि कानून का डर रहेगा तो सड़क सुरक्षा बढ़ेगी। इसके तहत जुर्माना भी बढ़ाया गया है, लेकिन असली समस्या कानून का सम्मान और इसके प्रति डर की है। इसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। साथ ही ड्राइविग लाइसेंस के लिए ग्रेडेड पॉइंट सिस्टम लाया जा रहा है, जिसमें 12 पॉइंट खत्म होने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। बार-बार शराब पीकर ड्राइविग करने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द होगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए शिक्षा और जागरूकता को आवश्यक बताया और कहा कि दुर्घटनाएं कम करने के लिए बच्चों और युवाओं पर विशेष ध्यान देना होगा।

## एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की साजिश

**वाराणसी, वार्ता**



ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ झूठा मामला उछालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित 'एपस्टीन फाइल्स' से ध्यान भटकाने की साजिश की जा रही है।

गुरुवार को मीडिया से बात. चीत में उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य को बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि आखिर यह सब क्यों किया जा रहा है और स्वयं ही उत्तर देते हुए कहा कि देश की जनता को 'शंकराचार्य विवाद' में उलझाकर दुनिया भर में चर्चा में रही 'एपस्टीन फाइल्स' से ध्यान हटाने का प्रयास किया जा रहा है। आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जांच रिपोर्ट सार्वजिनक किए जाने पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी कथित हिस्ट्रीशीटर द्वारा पुलिस जांच रिपोर्ट साझा किया जाना गंभीर विषय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या उत्तर प्रदेश पुलिस ने उन्हें अपना प्रवक्ता बना दिया है। मठ परिसर में 'शीशमहल' होने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए शंकराचार्य ने कहा कि यदि परिसर में शीशे लगे हैं तो इससे पारदर्शिता ही बढ़ती है और कोई भी अंदर की स्थिति देख सकता है। उन्होंने कहा कि मठ में कुछ भी छिपा नहीं है और यदि सरकार के अधिकारी देखना चाहें तो कभी भी आ सकते हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 82225.92
**निफ्टी** 25424.65



**सोना** 160394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 263917
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में लिवाली

**मुंबई, वार्ता**



ऑटो और फार्मा सेक्टरों में लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को प्रमुख सूचकांकों में उतार.चढ़ाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स सुबह के कारोबार में एक समय 303 अंक की बढ़त में था, लेकिन दोपहर बाद 305 अंक से ज्यादा उतर गया। अंत में यह 27. 46 अंक (0.03 प्रतिशत) टूटकर 82,248.61 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंत में 14. 05 अंक यानी 0.06 प्रतिशत ऊपर 25,496.55 अंक पर बंद होने में कामयाब रहा। मझौली कंपनियों में लिवाली का जोर रहा जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-50 सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। ऑटो, सार्वजिनक बैंक, फार्मा, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में ज्यादा तेजी रही। एफएमसीजी, मीडिया और वित्तीय कंपनियों के सूचकांक लाल निशान में रहे। संसेक्स में बीईएल का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत चढ़ गया। अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा और मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत मजबूत हुए। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, टाटा स्टील औरर आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी ऊपर रहे। ट्रेंट का डेढ़ प्रतिशत से अधिक टूट गया। इटरनल और पावरग्रिड के शेयर भी एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे। एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी नीचे बंद हुए।

## दूरसंचार कंपनियों का तीसरी तिमाही का राजस्व 34 अरब डॉलर के पार: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घरेलू दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की एक रिपोर्ट में भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि तिमाही के दौरान भारती एयरटेल का राजस्व सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया का दो प्रतिशत बढ़ा।

रिलायंस जियो के राजस्व में 11 प्रतिशत की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। देश के दूरसंचार क्षेत्र के कुल राजस्व में इन तीनों कंपनियों की संयुक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही। एक साल पहले के मुकाबले रिलायंस जियो की राजस्व हिस्सेदारी सबसे अधिक 123 आधार अंक (1. 23 प्रतिशत) बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गई। एयरटेल की राजस्व हिस्सेदारी (39 आधार अंक) बढ़कर 39-5 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी 83 आधार अंक घटकर 13-फीसदी रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो और एयरटेल का वर्चस्व आने वाले समय में और बढ़ेगा। क्षेत्र का राजस्व साल 2028 तक 3-7 लाख करोड़ रुपये (42 अरब डॉलर) पर पहुंचने की संभावना है।

## चावल, चीनी मजबूत, गेहूं के भाव टूटे, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी भी मजबूत हुई। गेहूं की कीमतों में गिरावट रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव छह रुपये घटकर 2,838 रुपये प्रति क्विंटल रहा। आटा भी सात रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 17 रुपये और मूंग दाल 12 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल की कीमत 15 रुपये और उड़द दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 48 रिंगिट टूटकर 4,005 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.84 प्रतिशत की गिरावट में 60.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 70 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल भी 14 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल 42 रुपये और वनस्पति 16 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल आठ रुपये और सोया तेल चार रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7773.94 रुपये, मसूर काली 8071.73 रुपये, मूंग दाल 10131.52 रुपये, उड़द दाल 10700.33 रुपये, तुअर दाल 11173.76 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2838.24 रुपये और चावल 3852.21 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3299.89 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना लोकतंत्र का मूल आधार: राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

राधाकृष्णन ने गुरूवार को श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालयों को भले ही बुनियादी ढांचे और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता हो, लेकिन उनकी सच्ची विरासत उनके स्नातकों के चरित्र और योगदान में झलकती है। उन्होंने 1948 में स्थापित कश्मीर विश्व. विद्यालय की गौरवशाली विरासत और बढ़ते अकादमिक प्रभाव की सराहना की। उन्होंने छात्रों से निरंतर अनुकूलन करने, नए कौशल हासिल करने और नवाचार को अपनाने का आग्रह किया। भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवप्रवर्तक के रूप में उभरने पर जोर देते हुए उन्होंने युवाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वदेशी नवाचारों को आगे बढ़ाने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यो जिनमें श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विस्तार और चेनाब रेल पुल जैसी महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं, उन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल नए अवसर पैदा करती हैं और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रीनगर स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत देश का सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना, और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से नशे से दूर रहने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया।

## रेल यात्रियों को विवादों में दावा करने की होगी ऑनलाइन सुविधा: वैष्णव

**नई दिल्ली, वार्ता**



रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान हादसे, अनहोनी घटनाओं अथवा सामान के नुकसान या चोरी आदि के मामलों में क्षतिपूर्ति के दावों के लिए इलेक्ट्रानिक सुविधा मिलेगी जिससे कोई यात्री ऐसे किसी भी मामले में रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आसीटी) के समक्ष कहीं से भी दावा कर सकेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को 52 सप्ताह में 52 सुधार के संकल्प की दिशा में दो नए सुधारों की घोषणा की जिसमें रेल यात्रियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित दावे और निपटान की इलेक्ट्रानिक रेलवे दावा न्यायाधिकरण (ई-आरसीटी) की सुविधा शामिल है। रेलमंत्री ने आज घोषित दूसरे सुधार के अंतर्गत स्टार्टअप और नवप्रवर्तो को रेलवे के समक्ष यात्री सुरक्षा, संरक्षा, रेल-ट्रैक निगरानी आदि किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर प्राद्योगिकी समाधान या विचार प्रस्तुत करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म-'रेलटेक डिजिटल' का अनावरण किया। रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान घटना-दुर्घटना या रेलवे के साथ किराए अथवा अन्य विवाद के संबंध में कहीं से दावा करने की ई-आरसीटी सुविधा के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि आनलाइन दावे की सुविधा चरणबद्ध तरीके से 12 महीने में आरसीटी की सभी शाखाओं में लागू कर कर दिया जाएगा। इस प्रौद्योगिकी आधारित सुधार से आसीटी के देश भर में सभी 23 शाखाओं को दावों की प्रक्रिया और निस्तारण की डिजटलीकृत सुविधाएं कर दी जाएगी। इस अवसर पर आरसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति कंवलजीत सिंह अहलुवालिया भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल के लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव को बधाई दी और कहा कि उनके पास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भी है जिसके चलते यह सुधार तेजी से होने जा रहा है । उनके नेतृत्व की प्रसंसा करते हुए श्री अहलुवालिया ने कहा कि एआई आधारित ईआरसीटी प्रणाली से रेलवे में लंबित दवों का तेजी से सामाधान करने में बड़ी मदद मिलेगी। रेलवे का कहना है कि ई-आरसीटी चौबीसों घंटे ई-फाइलिग और स्वचालित चेतावी के साथ दावों में तेजी, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी। वैष्णव ने 'रेलटेक' डिटिटल प्लेटफार्म को को 'स्टार्ट द्वारा, स्टार्टअप के लिए खुला मंच बताते हुए कहा कि रेलटेक नीति का मसौदा स्टर्टअप इकाइयों ने ही बना कर दिया था। उन्होंने रेलटेक डिजिटल मंच को बटन दबा कर प्रारंभ करते हुए कहा कि यह सतत खुला रहेगा। इस वेबसाइट पर आप अपने विचार, प्रौद्योगिकी समाधार कभी भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले श्री वैष्णव ने 14 परवरी को देश के विभिन्न हिस्सों में 500 कार्गो टर्मिनल बनाने तथा बिना आरक्षण वाले डिब्बों में आरक्षित डिब्बों की तरह सफाई की व्यवस्था करने की घोषणा की थी। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से बात. चीत में कहा कि रेल टेक नीति के तहत एक रेल टेक वेबसाइट बनाई जाएगी, जहां कोई भी नवप्रवर्तक अपना आइडिया सीधे रेल मंत्रालय और सरकार के दो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह नीति रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और बायोटेक क्षेत्र की सफल नीतियों से सीख लेकर तैयार की गई है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और उपभोक्ताओं के अनुकूल होगी। अच्छे सुझावाओं पर रेलवे आगे के काम के लिए 50 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता देगा। वाणिज्य उपयोग के लिए रेलवे द्वारा चयनित तकनीकी समाधानों के लिए रेलवे बड़े आर्डर प्रस्तुत कर सकती है। इसके अलवा प्रौद्योगिकी विकासकरने वाली इकाइयां प्रौद्योगिकी-उत्पाद का निर्यात भी कर सकेंगी। रेल मंत्री ने कहा, ष्उदाहरण के लिए कोई इकाई हाथियों के ट्रैक पर आने के जोखिम की पूर्व सूचना देने वाला एआई आधारित तकनीकी उपाय प्रस्तुत कर सकती है तो कोई ट्रेन के डिब्बों में बिजली की तार गरम होने से आग के खतरे का एआई आधार अलर्ट विकसित कर सकती है। कोई हमें ड्रोन रेल लाइन में फैक्चर की निगरानी करने वाला समाधान दे सकता है। कुछ स्टार्टअप ऐसे समाधानों पर काम कर रहे हैं।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



09वां रोज़ा इफ्तार
27 फरवरी शुक्रवार
सुन्नी.................. 06:20
शिया.................... 06:32
10 वां रोज़ा सहरी
28 फरवरी शनिवार
सुन्नी.................. 05:19
शिया.................... 05:26



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# दिल्ली की इनकम टैक्स की टीम कारोबारी के घर पहुंची, कई घंटे तक चली छानबीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरूवार की सवेरे शहर के जैन मिलन विहार में दिल्ली की आयकर विभाग की टीम एक पेपर ट्रेडिंग से जुडे व्यापारी के घर पहुंच गई। इस समय आसपास के लोग सोए हुए थे, लेकिन दिल्ली से मुजफ्फरनगर पहुंची आयकर विभाग की टीम व्यापारी के घर पहुंचकर दस्तावेज को खंगाल रही थी। टीम के साथ अर्धसैनिक बल भी मौजूद थे जो घर के चारो ओर खड़े हुए थे और टीम दस्तावेज की जांच पड़ताल में लगी हुई थी। इस कार्यवाही से यहां आफरा-तफरी का माहौल बना।

बताया जाता है कि गुरूवार की अल सवेरे अधिकतर लोग अपने-अपने बिस्तरों पर आराम फरमा रहे थे तो कुछ लोग टहलने के लिए निकले थे। इस समय ठीक से अंधेरा



भी नहीं छटा था इसी बीच जैन मिलन विहार कॉलौनी की एक बड़े पेपर कारोबारी के आवास पर दिल्ली की टीम पहुंची। टीम को देखते ही यहां अफरा-तफरी मच गई, क्योकि दिल्ली की टीम तीन वाहनों में सवार होकर अर्धसैनिक बल के साथ व्यापारी के घर पहुंची थी। इस समय अर्धसैनिक घर के चारो ओर खड़े हो गए। उक्त व्यापारी कागजत के थोक कारोबारी है और घर में प्रवेश करते ही टीम जहां दस्तावेजों की छानबीन में जुटी तो वहीं टीम के कुछ अधिकारी कारोबारी और परिजनों से पूछताछ में लग गए। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि इस समय सभी फोन अपने कब्जे में कर लिए गए थे, जबकि घर के मुख्य द्वार पर अर्धसैनिक खडे हुए थे। टीम ने यहां रखे दस्तावेज और लेखा-जोखा संबंधी तथा महत्वपूर्ण कागजों की जांच पडताल शुरू की। सूत्र बताते है कि कुछ ही देर में यह खबर आसपास के निवासियों को भी लग गई थी, लेकिन अर्धसैनिक बलों ने किसी को अंदर आने की अनुमति नहीं दी। आयकर विभाग की टीम की माने तो जिस-जिस जगह जांच पडताल की गई यहां अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी एक साथ ही छानबीन का अभियान चलाया गया। इस दौरान यहां पहुंची टीम ने किसी को किसी भी संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। कई घंटे तक चली छानबीन से अन्य व्यापारियों में भी हलचल मची रही। दिल्ली से आई टीम ने यहां क्या कार्यवाही की, कौन से दस्तावेज अपने कब्जे में लिया या नहीं इसका भी अभी तक कोई खुलासा सामने नहीं आ सका है।

# कपिल के बुलावे पर होली खेलने आए हजारों लोग

## लम्बे अरसे के बाद किसी राजनेता ने किया भव्य होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कई दशक के बाद रंगपर्व होली पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एक नई शुरूआत करते हुए शानदार और ऐतिहासिक होली मिलन समारोह का आयोजन दा एसडी पब्लिक स्कूल के विशाल प्रागंण में किया जिसमें पांच हजार से अधिक लोगों ने शामिल होकर फूलों की बरसात कर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णा ने होली के भजन सुनाकर राज्यमंत्री कपिल देव सहित सैकडों लोगों को होली की भंगडा करने पर मजबूर कर दिया। होली मिलन कार्यक्रम में सर्वसमाज के लोग शामिल हुए।

इस दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आने वाले हजारों लोगों का स्वागत किया और संकेत दिए कि भविष्य में भी सभी पर्वो को इसी तरह से वह भव्य ढंग से मनाएगे।

कार्यक्रम में होली का रंग नेताओ पर खूब चढ़ा। भाजपा के हजारों कार्यकर्ता और समर्थक होली के रंग में ढूबे नजर आए। प्रख्यात कवित्री अनामिका अंबर तथा सौरभ सुमन ने अपने विशिष्ट शैली में होली और देश की राजनेतिक जरूरत से जुडी रचनाएं सुनाकर आनंद के समुंद्र में श्रोताओं को डुबकी लगवाई।

मंत्री सोमेन्द्र तोमर, मंत्री अनिल कुमार, विधायक राजपाल बालियान, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, मण्डलाध्यक्ष दीपक मित्तल, नंनद किशोर, अमित शास्त्री, प्रवीन खेडा आदि ने कार्यकर्ताओं को प्रेम के रंग में बनते हुए संगठन को ओर ज्यादा गति देने के लिए प्रेरित किया। हास्य और व्यंग की पिचकारियां भी खूब चली।

कार्यक्रम में भारी भीड़ रात्रि आठ बजे तक बनी रही। अंत में रंग गुलाल उडाकर भी होली का हुल्लड़ मचाने से मंत्री समर्थक बाज नहीं आए। होली के गीतों पर थीरकते हुए उन्होने एक दूसरे को रंगों से सरोवार कर दिया। राज्यमंत्री कपिल देव ने कहा कि हम सब मिलकर देश-प्रदेश और जिले के विकास और सर्मद्धि के लिए काम करेगे।

उन्होने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है। उनका उद्देश्य भी समाज को एक जुट कर भाईचारे के बंधन में बांधना है। और अपनी सांस्कृतिक विरासत को मजबूती से जोडना है।



मुजफ्फरनगर: होली मिलन समारोह में राज्यमंत्री कपिल देव पर पुष्पवर्षा करते भाजपाई।



मुजफ्फरनगर: निशान यात्रा में झूमते श्याम प्रेमी।

# श्याम परिवार सुखी परिवार ने निकाली निशान यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति ने पहले की भांति एक बार फिर इतिहास रच दिया नगर के शिव चौक पर श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के आह्वान पर हजारों श्याम प्रेमी श्री खाटू श्याम जी के श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव मानने को एकत्र हुए। सभी के हाथों में श्री खाटू श्याम जी के निशान (धर्म ध्वजा) लहरा रही थी। प्रदेश के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, भाजपा नेता अचिंत मित्तल, विशाल गर्ग, एवं समिति के सभी सदस्यों द्वारा धारण किए गये ध्वज की पूजा अर्चना व भगवान श्याम की आरती करने के साथ ही निशान यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र सूरजगढ़ निशान रहा कहते हैं जो बाबा का प्रेमी इस निशान के नीचे से निकल गया श्याम बाबा उसके सभी काम बना देते हैं और यह सूरजगढ़ निशान खाटू श्याम मंदिर के शिखर पर लहराता है शिव चौक से निशान यात्रा धूमधाम से प्रारंभ होकर झांसी की रानी चौक, मालवीय चौक से भोपा रोड रेलवे पुल होकर गौशाला रोड से पीठ बाजार बिंदल बाजार होते हुए गणपति खाटू श्याम मंदिर पहुंची। यहां पर हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना करते हुए श्री श्याम प्रभु के चरणों में निशान अर्पित किए। मंदिर के बाहर अंकित गर्ग नैनो चावल वालो ने कढ़ी चावल प्रसाद वितरित किया और कहा में बहुत पहले से श्याम परिवार सुखी परिवार समिति से जुड़ा हुआ हूँ और रहूंगा समिति ने अंकित गर्ग का आभार व्यक्त किया। शुक्रवार 27 फरवरी 2026 को श्री रामलीला भवन निकट नई मंडी कोतवाली पर श्याम बाबा के विशाल संकीर्तन का आयोजन समिति के द्वारा किया गया है जिसमें वृंदावन से रसिक संत बाबा चित्र विचित जी महाराज पधार रहे हैं जो बाबा को एवं बाबा के प्रेमियों को अपने भजनों से रिझाएंगे श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति में से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल,अचिन सागर गर्ग ,विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग,संजीव वर्मा, हर्षित अग्रवाल,प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल,अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्नवाल, गौरव गर्ग ,विवेक बंसल, मनोज खंडेलवाल एवं श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के सभी एकादशी सदस्य मौजूद रहे।

# स्वच्छता को मीनाक्षी स्वरूप की बड़ी पहल, अब हर घर में बनेगी कूड़े से खाद

## कचरा मुक्त शहर के संकल्प को सार्थक करने के लिए होम कम्पोस्टिंग अभियान शुरू, पालिकाध्यक्ष ने नागरिकों को बांटे कचरे से खाद बनाने के कंटेनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर को गारबेज फी सिटी बनाने के संकल्प के साथ नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने गीले कचरे के निस्तारण के लिए होम कम्पोटिंग अभियान की शुरुआत कर स्रोत पर ही कूड़े के निस्तारण के लिए होम कम्पोस्टर कंटेनर वितरित कर प्रेरक संदेश देने का काम किया है। अब शहर के 55 वार्डों में आने वाले हर घर में होम कंपोस्टिंग यानी घरेलू खाद बनाने की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके लिए पालिका सभासदों और अन्य टीमों के साथ लोगों को जागरुक भी करेगी।

नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ शहर की परिकल्पना को सार्थक बनाने के लिए कूड़े के निस्तारण की होम कम्पोस्टिंग विशेष योजना को प्रारम्भ किया। गुरुवार को कंपनी बाग में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और सभासदों के साथ नागरिकों को होम कम्पोस्टिंग के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए प्लास्टिक के कंटेनर वितरित किए गए। इनमें रसोई से निकलने वाला गीला कचरा एकत्र कर उसे खाद में परिवर्तित किया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को आईटीसी सुनहरा कल की टीम द्वारा होम कम्पोटिंग के लिए जागरूक करने के साथ ही इस कंटेनर के उपयोग की जानकारी दी गई। बताया गया इनमें फल और सब्जियों के छिलके, चाय की पत्ती, सड़ा-गला अनाज, खराब फल-सब्जियां आदि डाले जा सकते हैं। निचले हिस्से में एक टोंटी लगाई गई है, जिसे सप्ताह में दो से तीन बार खोलकर निकलने वाले तरल को किसी बोतल में भरकर पुनः उसी पात्र में डालना होगा। यह तरल कचरे के शीघ्र अपघटन में सहायक होगा। लगभग 30 से 45 दिनों के भीतर गीला कचरा सूखकर जैविक खाद में बदल जाएगा और नीचे तरल खाद भी उपलब्ध होगी। तैयार खाद का उपयोग घरों में लगे पौधों और बगीचों में किया जा सकेगा। इतना ही नहीं, अतिरिक्त खाद को बेचकर नागरिक अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकेंगे।

नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि शहर को कचरा मुक्त बनाना केवल पालिका प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में कुछ वार्डों में प्रयोग के तौर पर इस प्रक्रिया को शुरू किया गया था, जहां इसे अच्छा प्रतिसाद मिला। अब इसे पूरे शहर में लागू किया जा रहा है। इसके लिए अभी पांच हजार ये विशेष कंटेनर खरीदे गये हैं। प्रत्येक वार्ड में 100-100 कंटेनर हम सभासदों के माध्यम से अभी वितरित कर रहे हैं, इसके पश्चात 10 हजार कंटेनर खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। शहर के हर घर में ये कंटेनर पालिका प्रशासन निःशुल्क उपलब्ध करायेगा। इसका अधिष्ठापन कराने के लिए आईटीसी और एसबीएम टीम लोगों के घरों में पहुंचेंगी और प्रशिक्षण भी देगी। इनके सहारे रसोई का कचरा रोका जा सकेगा और इससे जहां शहर की स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, वहीं कचरा निस्तारण की समस्या में भी कमी आएगी। उनका कहना है कि इस पहल से नगर में स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा और जैविक खेती तथा बागवानी को प्रोत्साहन प्राप्त होगा। यदि हर घर अपने गीले कचरे का निस्तारण स्वयं करने लगे, तो शहर की सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखा जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कराई गई स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में स्वच्छता के लिए योगदान करने पर वार्ड सभासदों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यहां कूड़ा डलावघर से मुक्त वार्ड 49 के सभासद मनोज वर्मा की विशेष सराहना की गई। इसके अलावा होम कम्पोस्टिंग को अपनाने वाले नागरिकों को स्वच्छता योद्धा के रूप में भी प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया, इनमें मिथलेश सिंह, दीपाली वत्स, अलंकार त्यागी और अनिता वर्मा शामिल रहे।

यहां पर मुख्य रूप से सभासद मनोज वर्मा, नवनीत शर्मा, प्रशांत गौतम, शौकत अंसारी, अमित पटपटिया, शहजाद चीकू, आदिल मलिक, नौशाद पहलवान, सतीश कुकरेजा, शोभित गुप्ता, शाहिद आलम, मौ. सलीम, प्रमोद अंबेडकर के अलावा ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही, सीएसएफआई योगेश कुमार, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, लिपिक एसबीएम रूचि शर्मा, लिपिक संदीप यादव, वाटिका सुपरवाईजर दुष्यंत सिंह, मौहम्मद सालिम, आईटीसी सुनहरा कल से दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।

# क्या और लोगों को कत्ल करेगा प्रदीप

## शायद पत्नी की बेवफाई ने कातिल बनाया, पुलिस को क्यों कोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बेवफाई, विश्वासघात का खौफनाक अंत हो रहा है। रामराज, बहसुमा सीमा पर सरेआम दिनदहाडे युवक को गोलियों को छननी करने वाला यवुक हत्या के बाद चश्मा लगाकर और सिगरेट पीकर बेखौफ होकर निकला। इस सनसनी खैज वारदात के बाद पुलिस ने युवक को जंगल में चारो ओर से घेरा, लेकिन खूनी खेल खेलने वाले युवक के चेहरे पर जरा भी सिकन या उसको पश्तावा नहीं है। यहां तक की पुलिस के घेरे में खडा युवक बेखौफ दिखाई पड़ा। यहां तक की दोनो हाथो मे तमंचे लिए युवक पुलिस के सामने बोतल से पानी पीता रहा हो अपना जुर्म कबुलता रहा। वीडियो से साफ हो रहा है कि अभी कत्ल की सनसनी खेज घटना करने वाला युवक कुछ ओर लोगों के कत्ल की कहानी लिख चुका है।

कुल मिलाकर सवाल यह है कि पुलिस को सरेआम चेतावनी देकर वो भी पुलिस के सामने खडे होकर ढाई गज का अपने साथ कफन लिए अपनी मौत की परवाह भी नहीं कर रहा। क्या जिन्दगी से उसका मन भर गया? अब सवाल यह है कि ऐसा करने के लिए उसको मजबूर किसने किया? वैसे तो प्रेम संबंध, धोखा और फरेब के रिश्तों में कत्ल होना आम बात हो गई है और ऐसी ही घटना बेहसुमा रामराज की सीमा पर हुई। पिछली घटनाओं को दोहराया जाए तो फरेबी, धोखेबाज पत्नियों को खौफनाक मौत दी गई, जबकि कुछ महिलाओं ने अपने प्रेमी को पाने के लिए अपने ही हम सफर को मौत की नींद सुला दिया। बेहसुमा रामराज सीमा पर हत्या करने वाला प्रदीप जहां पुलिस मेहकमे को गाली दे रहा है तो वहीं बेहसुमा थाना प्रभारी और दरोगा की कार्यप्रणाली से भी वो खफा नजर आ रहा है। इतना हीं नही पुलिस के ही सामने यह भी कहता हुआ नजर आ रहा है कि वह बेवफा अपनी पत्नी को भी जिन्दा नहीं छोडेगा। कुल मिलाकर बेवफाई और फरेब को लेकर अब लगातार हत्याओं का सिलसिला भी जारी है। कत्ल से लेकर अब तक की कहानी पर गंभीरता से नजर डाली जाए तो यह नजर आ रहा है कि पत्नी की बेवफाई के बाद प्रदीप डिप्रेशन में आ गया है। इसीलिए पुलिस ने भी उसकी गिरफ्तारी के लिए ऐसा कदम उठाया कि प्रदीप हाथों मे लिए तमंचे से अपनी ही जान ना दे दे।





मुजफ्फरनगर: कंटेनर बांटती चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप व ईओ प्रज्ञा सिंह।

# पिता-पुत्रों पर विधवा संग मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विधवा कविता कश्यप पत्नि स्वर्गीय शिव कुमार निवासी गांव अलीपुर अटेरना ने उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी को बृहस्पतिवार को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती बुधवार को उसने अपने घर के बाहर की नाली की साफ सफाई की तो तभी पड़ोसी चेटी शर्मा ने अपने घर की कलैश खोलकर नाली को गंदा कर दिया। जब उसने चेटी शर्मा की इस बात का विरोध किया तो आरोप के मुताबिक चेटी ने अपने भाई बोबी शर्मा और पिता धीरेंद्र शर्मा के साथ मिलकर विधवा के साथ गाली गलौज और मारपीट कर कपड़े भी फाड़ दिए। इस दौरान मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गयी लेकिन किसी भी ग्रामीण ने तीनों आरोपी पिता पुत्रों को कुछ नहीं कहा। तब पीड़िता ने इसकी सूचना उमरपुर पुलिस चौकी पर तैनात एक पुलिसकर्मियों को दी तो पुलिसकर्मियों ने विधवा से खुद बोलकर तहरीर लिखवाकर आरोपी पिता पुत्र के पास जाकर उनको फटकार तक नहीं लगाई बस खानापूर्ति कर वापस चली आई। बृहस्पतिवार की सुबह तीनों ही आरोपियों ने विधवा को चिढ़ाने के तौर पर कहा कि तूने पुलिस से हमारा क्या बिगड़वा लिया और उसके बाद फिर दोबारा अभद्रता की। तब विधवा महिला ने इसकी सूचना फोन पर मौखिक रूप से किसी के माध्यम उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी मोहित कुमार तेवतिया को दी उन्होंने विधवा महिला को आरोपियों के खिलाफ कडी कार्यवाही का आश्वासन दिया। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी थी।

# समिति के एमडी पर आरोप, डीएम से शिकायत

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम तावली स्थित किसान सेवा सहकारी समिति के किसानों ने एमडी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा है। आरोप है कि पिछले करीब पांच वर्षो से समिति मे कार्यरत है और हर किसान के ऋण पर किसानों से अतिरिक्त छह प्रतिशत की वसूली की जा रही है। यह भी आरोप लगाया कि नए ऋण की फाइल तैयार करने पर पांच हजार रूपये तक की वसूली होती है आरोप है कि विरोध करने पर किसानों से दुर्व्यवहार किया जाता है। किसानों का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार संबंधित विभाग को भी की गई। जिसके बाद जांच के लिए अधिकारी पहुंचे, लेकिन आरोपी ने जांच में सहयोग करने से इंकार कर दिया। जिलाधिकारी ने पत्र लेकर निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# वकीलों के चेम्बरों के ए.सी. में चोरी से आक्रोश

## तांबे के तार काटकर ले गए चोर, पाइप कटने से गैस हुई लिकीज, पुलिस ने खंगाले कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कचहरी परिसर में कई दिन से लगातार अधिवक्ताओं के चेम्बरो पर लगे एसी के तार चोरी होने की घटनाएं हो रही है। यहां पर कचहरी में चारो ओर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है, लेकिन डिजीटल निगरानी के बाद भी चोर वारदात को अंजाम देकर बड़े आराम से निकल रहे है। एसी के तांबे के तार चोरी होने की घटना के साथ-साथ एसी की गैस लीक होकर खत्म होने के कारण भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पुलिस भी चोरो तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए लेकिन अभी तक चोरो का कोई पता नहीं चला।

गुरूवार और शुक्रवार को पुलिस को सूचना दी गई कि कई दिन से कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं के चेम्बर में लगे एसी में नुकसान हो रहा है। बदमाश एसी में लगे तांबे के तार काटकर चोरी कर रहे है और तार व पाइप कटने के कारण एसी में भरी जाने वाली गैस लिकीज हो रही है। गुरूवार की सवेरे भी जब अधिवक्ता अपने-अपने चेम्बर पर पहुचें तो यहां पर भी एसी के तार और अन्य पाइप कटे हुए मिले। अधिवक्ताओं ने भारी रोष प्रकट करते हुए पुलिस को बताया कि करीब एक सप्ताह से चेम्बरों में एसी की बाहर मशीनों से तांबे के तार चोरी किए जा रहे है और अधिवक्ता हुकम चंद मलिक, राकेश मलिक और अधिवक्ता आफताब सहित करीब 9 चेम्बरों में चोरी की घटना हो चुकी है। इस मामले की लिखित शिकायत भी पुलिस को दे दी गई है।

लोगों में इस बात को लेकर भी रोष है कि यहां पर पुलिस प्रशासन के निवास और पुलिस कार्यालय भी है, लेकिन इसके बाद भी डिजीटल निगरानी के बाद भी बदमाश चोरी की वारदाते कर रहे है। अधिवक्ताओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी और खुलासे की मांग की है।

## रमजान में अभी तक नहीं जागे समाजसेवी

**चांदपुर।** रमजान शरीफ के पावन महीने में जहां रोजगारों के रोजे अच्छे चल रहे हैं। हालांकि बाजारों में महंगे फल बिक रहे हैं, फिर भी रमजान के इस महीने में ऊपर वाले की रहमत बरस रही ह। लेकिन न जाने क्यों इस रमजान के महीने में वह समाजसेवी भी जो अपने आप को अखबारों की सुर्खियों में समाजसेवी लिखवाते नहीं थकते चुप्पी साधे हुए हैं या फिर कोई फ्री की समाज सेवा करने को तैयार नहीं है। लेकिन उन लोगों के बारे में सोचना चाहिए जो हर रमजान के महीने में फ्री की और हराम की खाने को उतावले हुए फिरते है। इस बारे मे चांदपुर में चर्चा जोरों पर है कि इस बार किसी भी समाजसेवी ने सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी नहीं कराई, जिसमें ऐसे खाऊ पीर भाईयों का भी भला हो जाता है जो पूरे रमजान इस उम्मीद पर कायम रहते हैं कि कहीं से रोजा इफ्तार की दावत आए और वह दो दिन पहले खाना छोड़ दें। लेकिन ऐसा अभी तक तो नजर नहीं आ रहा। आने वाले दिनों में शायद एक दो समाजसेवी की आंखें खुले और वह सामूहिक रोजा इफ्तारी करा पाये, अन्यथा तो इस बार भी खाऊ पीर भाईयों की दाल गलने वाली नहीं लग रही है।

# चबूतरे को लेकर हुआ संघर्ष, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव चौरावाला मे चबूतरे को लेकर जारी विवाद मे आरोपियों ने कोल्हू मजदूर के घर मे घुस कर महिलाओ पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया तथा एक बालिका को खींचने का प्रयास किया। एक घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित मजदूर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच मे जुट गयी है

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी आशु ने बताया कि पड़ोसी के साथ घर के सामने बने चबूतरे को लेकर सप्ताह पूर्व विवाद हो गया था। जिसमें गणमान्य द्वारा समझौता करा दिया गया था। गुरुवार को घर के सामने नाली का पाइप बिछाने को लेकर कहासुनी हो गई थी।दोपहर के समय जब आशु व जावेद दोनों भाई गन्ना कोल्हू में मजदूरी करने के लिए गए हुए थे।



आशु ने बताया की तभी पडोसी महिला सहित पांच व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडो के साथ घर में घुसकर मारपीट की गई।

जिसमें आशु की पत्नी मशरूबा 35 वर्ष व उसकी भाभी आबिदा पत्नी जावेद 32 वर्ष घायल हो गयी।आशु ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को भी घर से बाहर खींचने का प्रयास किया गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया गंभीर हालत के चलते आबिदा को जिला मुख्यालय पर रेफर किया गया है। घटना के दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची डायल 112 व थाना पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर घटना की जानकारी की पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें आरोपी लाठी डंडे हाथ मे लेकर पीड़ित के घर मे घुसते दिखे हैं। थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# भ्रष्टाचार व भूमाफिया के विरुद्ध मास्टर विजय सिंह के धरने के 30 साल पूरे

## सीएम योगी की जांच रिपोर्ट में कब्जा अवैध साबित

**मुजफ्फरनगर।** भ्रष्टाचार व भू-माफियाओं के विरुद्ध मास्टर विजय सिंह का धरना आज 30 साल पुरे हो गये है, अब मास्टर विजय सिंह देश, प्रदेश शासन प्रशासन के पदाधिकारी (जैसे महामहिम राष्ट्रपति, मा.चीफ जस्टिस सुप्रीम कोर्ट मा .प्रधानमंत्री ,मा .गृहमंत्री मा. रक्षा मंत्री महामहिम राज्यपाल व समस्त अधिकारीगणद्ध से दिल्ली व लखनऊ में मिलकर घोटाले प्रकरण पर कार्यवाही की मांग करेंगे। सीएम योगी स्वयं अपनी जांच रिपोर्ट की समीक्षा करें गलत पाया जाऊं तो कठोर दंड दे। गौरतलब हो कि ग्राम चौसाना की चार हजार बीघा सार्वजनिक कृषि भूमि (अनुमानित कीमत लगभग 900 करोड़ रुपए व शामली एवं मुजफ्फरनगर की 6 लाख बीघे भूमि से अवैध कब्जा मुक्त कराने की माँग को लेकर 26 फरवरी 1996 को जिलाधिकारी कार्यालय पर सत्यग्रह शुरू हुआ था। अब यह धरना दुनिया का सबसे लंबा धरना बन गया है।

**योगी जी अपनी जांच स्वयं रिपोर्ट की समीक्षा करे**

गत 8 अप्रैल 2019 को शामली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा मे मास्टर विजय सिंह ने भूमि घोटाले को लेकर कार्यवाही की मांग की थी योगी आदित्यनाथ ने डीएम शामली को जांच कराने के आदेश दिये थे। एसडीएम ऊन सुरेन्द्र सिंह ने जांच कर रिपोर्ट डीएम को रिपोर्ट दी थी जिसमें सैकड़ो करोड़ की हजारों बीघा सार्वजनिक कृषि भूमि पर पूर्व विधायक ठा. जगत सिंह का अवैध कब्जा साबित हुआ था। रिपोर्ट में ठा. जगत सिंह को भू-माफिया घोषित करने की संस्तुति भी की गई थी जिसके बाद डीएम शामली अखिलेश सिंह मौके पर पहुंचकर रिपोट का भौतिक सत्यापन करके कार्यवाही के लिए शासन मा. मुख्यमंत्री व गृह सचिव को रिपोर्ट भेज दी थी। मास्टर विजय सिंह का कहना है कि योगी ने शामली की भरी सभा में गत 8 अप्रैल 2019 को जो वायदा किया था उसके बाद सात साल तक सूबे का सीएम रहते भी उसे पूरा नहीं किया। सीएम योगी के सात साल के कार्यकाल में मास्टर विजय सिंह अनेकों बार लखनऊ मुख्यमंत्री निवास जाकर सीएम योगी से मुलाकात का समय मांगा, परंतु कोई समय नहीं दिया गया। ठाकुर जगत सिंह व कुछ ठाकुर लॉबी, मुख्यमंत्री योगी को गुमराह कर रहे हैं फल स्वरुप कार्यवाही नहीं हुई।

धरने का बना विश्व रिकार्ड -

यह 30 सालों का धरना देश व दुनिया का सबसे लम्बा धरना घोषित हो चुका है जिसे लिम्का बुक आफ रिकार्डस, इंडिया बुक आफ रिकार्डस, एशिया बुक आफ रिकार्डस, मीरा सैल्स आफ द वर्ल्ड रिकार्डस, यूनिक रिकार्ड आफ दी वर्ल्डस ने सबसे लम्बा सत्याग्रह दर्ज किया है। मास्टर विजय सिंह शिव चौक पर 24 घंटे गमद्ध, सदद्ध, बरसात में महात्मा गांधी के सत्याग्रह से प्रेरित होकर धरनारत हैं।

अमेरिकी विलियम थॉमस के आंदोलन से आगे निकले मास्टर विजय सिंह.विलियम थॉमस ने परमाणु निशस्त्रीकरण की मांग करते हुए अमेरिका में वाइट हाउस के सामने 3 जून 1981 से 05 अगस्त 2008 तक धरना दिया था। वहीं 2009 मे बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी, उनका धरना 27 साल, 2 महीने तक चला उनकी मौत हो गई थी। इनके अलावा मणिपुर की इरोम शर्मिला ने भी राज्य में लागू आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर एक्ट के खिलाफ 16 साल तक दुनिया की सबसे लंबी भूख हड़ताल की थी जो समाप्त हो गई है. आज दुनिया में लंबे धरना की बात करें इस समय मास्टर विजय सिंह का 30 साल पुरे कर दुनिया का सबसे लंबा धरना बन गया है

'घोटाले प्रकरण की विभिन्न जांच.

उक्त सार्वजनिक भूमि घोटाले की मेरठ मंडल कमिश्नर एचएल बिरदी व आईजी सीबीसीआइडी ए.सी शर्मा पूर्व डीजीपी उप्र. ने जांच कर अवैध कब्जे की पुष्टि कर शासन को रिपोर्ट भेजी थी ,इनके अलावा डीएम, एडीएम व एसडीएम स्तर से विभिन्न जांचे हो चुकी है जिसमें मास्टर विजय सिंह के आरोप सही साबित हो चुका है, भूमि घोटाले के आरोपी प्रदेश में सत्ता बदलने के साथ ही पाटद्ध बदल लेते हैं फल स्वरुप राजनीतिक दबाव व भ्रष्टाचार के कारण कार्यवाही नहीं हो पाती, जनपद मुज़फरनगर शामली मे ग्राम सभा, तालाब , वन जुड़ बंजर आदि की लगभग 6 लाख बीघा जमीन भू- माफियाओं के अवैध कब्जे में है जिसे मुक्त करने के लिए वे आंदोलनरत है।'अखिलेश, मायावती के आदेश पर गठित कमेटी ने भ्रष्टाचार के कारण नहीं की कार्यवाही 2012 में कृषि भूमि अवैध कब्जा मुक्त कराने के लिए मा. विजय सिंह मुज़फरनगर से पद यात्रा करते हुए लखनऊ पहुंचे थे। तत्कालीन सीएम अखिलेश यादव ने जांच कमेटी गठित की गई लेकिन आरोपियों के सपा में चले जाने के कारण राजनीतिक हस्तक्षेप व भ्रष्टाचार के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। जांच कमेटी आय का साधन मखोल बन कर रह गई थी।

## ट्रैक्टर का हुक टूटते ही थाने के सामने लगा जाम, आधे घंटे ठप रहा यातायात




**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के व्यस्त जीटी रोड पर बुधवार को अचानक यातायात थम गया, जब नगर पालिका का एक ट्रैक्टर सार्वजनिक शौचालय को ट्रॉली में लादकर ले जा रहा था। जैसे ही वाहन खतौली थाना के सामने पहुंचा, ट्रैक्टर का गुल्ला (हुक) अचानक टूट गया। हुक टूटते ही ट्रॉली सड़क के बीचों-बीच अटक गई और देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।मुख्य मार्ग पर जाम लगने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। इस दौरान एंबुलेंस समेत अन्य जरूरी सेवाएं भी जाम में फंसी रहीं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर ट्रॉली को सड़क से हटवाया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। पुलिस की तत्परता से स्थिति पर नियंत्रण पाया गया और मार्ग को पुन: चालू कराया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भारी या खराब सामग्री को ले जाते समय सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उनका आरोप है कि लापरवाही के कारण ही यह जाम लगा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसे कार्यों के दौरान वैकल्पिक यातायात व्यवस्था और पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### संक्षिप्त समाचार

## शक्ति प्रदर्शन, 2027 की तैयारी का ऐलान



**खतौली।** खतौली के श्रीराम गार्डन में रविवार को भागीदारी पार्टी (पी) ने अपना पांचवां स्थापना दिवस एकता रैली के रूप में मनाया। कार्यक्रम को महात्मा संतराम बी.ए. की जयंती से जोड़ते हुए पार्टी नेताओं ने सामाजिक न्याय और राजनीतिक हिस्सेदारी को मुख्य मुद्दा बनाया। रैली में बड़ी संख्या में जुटे समर्थकों के बीच 2027 के विधानसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाने का दावा किया गया। मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायत राज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रजापति समाज अब राजनीतिक रूप से जागरूक हो चुका है और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठित है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश की सत्ता संरचना में छोटे दलों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकेगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने घोषणा की कि प्रदेश भर में 1000 से अधिक प्रधान, बीडीसी और 200 से ज्यादा जिला पंचायत सदस्य पदों पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे। वक्ताओं ने दावा किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की करीब 25 विधानसभा सीटों पर प्रजापति समाज निर्णायक प्रभाव रखता है। खतौली क्षेत्र में लगभग 48 हजार प्रजापति मतदाता होने का भी उल्लेख किया गया। अपने भाषण में राजभर ने पेन और उसके ढक्कन का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव के समय जनता का सहारा लेने वाले नेता बाद में वादे भूल जाते हैं। राजभर ने विपक्षी दलों के साथ-साथ नेतृत्व में समान भागीदारी के मुद्दे पर भी सवाल खड़े किए। इस दौरान उन्होंने सोनिया गांधी और मायावती सहित अन्य नेताओं की राजनीति पर टिप्पणी की। रैली के दौरान विभिन्न दलों से जुड़े कई कार्यकर्ताओं ने भागीदारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंच पर सहारनपुर मंडल अध्यक्ष राजकुमार भारती, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव महेश चंद्र प्रजापति, जिला अध्यक्ष संजीव प्रजापति समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति को पार्टी ने अपनी बढ़ती ताकत का संकेत बताया।

## सिकंदरपुर में संदिग्ध हालात में दूध पीते ही बिगड़ी व्यक्ति की हालत

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर में एक 55 वर्षीय व्यक्ति द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ सेवन किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिकंदरपुर निवासी वकी पुत्र सागर ने अपने कमरे में रखा दूध पिया। बताया जाता है कि दूध पीते ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और वह छटपटाने लगा। उसकी हालत देख परिजन व आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। स्थिति गंभीर देखते हुए उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे निगरानी में रखा है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि वकी को कथित रूप से परिजनों द्वारा दूध में जहर मिलाकर पिलाया गया है और इसके पीछे संपत्ति विवाद की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें घटना की फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। मामले में यदि तहरीर मिलती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वासु ने वृंदावन में वेट लिफ्टिंग में जीते 3 स्वर्ण पदक

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन वृंदावन में एक स्थान पर वर्ल्ड बोड़ी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की गयी एक दिवसीय भव्य यूनिवर्सल कप आफ इंडिया नामक प्रतियोगिता में महिला और पुरूषों ने पूरा दम खम दिखाया। जिसमें बुढ़ाना कस्बे के वासु सैनी ने वेट लिफ्टिंग में एक साथ तीन गोल्ड मेडल अपने नाम करते हुए बुढ़ाना कस्बे का नाम रोशन किया। वासु सैनी बुढ़ाना कस्बे के मिनर्वा टॉकीज निवासी स्वगद्धय राजाराम सैनी के परपौत्र और विकास सैनी के सुपुत्र हैं। वासु की जीत पर परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। खुशी में मौहल्ले में मिठाई का भी वितरण किया गया। वासु का वृंदावन लौटने पर स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी अंकुर सैनी सूर्यवंशी के द्वारा मीडिया को दी गयी है।

## दो दिवसीय पंजीकरण अभियान

**चांदपुर।** स्थानीय गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ एवं डॉ. उदिता राजपूत के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा संचालित माय भारत पोर्टल पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं का पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया गया। इस प्रक्रिया को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।


**सूचना**

मैंने अपना नाम उमंग कुमार UMANG KUMAR से बदलकर उमंग कंसल UMANG KANSAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**उमंग कंसल पुत्र श्री अवनीत निवासी म.न. 171/17, कोर्ट रोड, इन्दु वाटिका, साउथ सिविल लाईन, थाना सिविल लाईन, जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम तेजल TEJAL से बदलकर तेजल कंसल TEJAL KANSAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**तेजल कंसल पुत्र श्री उमंग कंसल निवासी म.न. 171/17 , कोर्ट रोड, इन्दु वाटिका, साउथ सिविल लाईन, थाना सिविल लाईन, जिला मुजफ्फरनगर**


## बैंक परिसरों में संदिग्धों से पूछताछ, सीसीटीवी और अलार्म सिस्टम की जांच

**रामराज।** क्षेत्र में स्थित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुख्रढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रवेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रामराज क्षेत्र के प्रमुख बैंक शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक के बाहर बिना किसी ठोस कारण के खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा आवश्यकतानुसार उनकी तलाशी भी ली गई। साथ ही बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों, चेतावनी अलार्म तथा सायरन प्रणाली की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा गया, ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्हें स्पष्ट रूप से कहा गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।


**सम्बन्ध विच्छेद**

में यासीन पुत्र स्व. असम तुल्ला निवासी मौहल्ला पछाला पश्चिमी कस्बा बुढ़ाना तहसील बुढ़ाना थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर यू पी का निवासी हूं। मेरा पुत्र सलमान पुत्र यासीन और मेरी पुत्रवधू जोया उर्फ निक्की मेरे कहने सुनने मे नही हैं। दोनो गलत संगत में उठते बैठते हैं। जिससे में व मेरा परिवार दुखी है। में अब अपने पुत्र सलमान व पुत्रवधु जोया उर्फ निक्की से अपने परिवारिक रिश्ते समाप्त कर उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरे पुत्र सलमान और पुत्रवधु जोया उर्फ निक्की द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दीवानी व फौजदारी कृत्य या किसी लेन देन की मेरी या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

फराज, सिराज, अरसील पुत्रगण स्व.आजाद मेरे सगे भतीजे है जिनका रहना सहना, खाना पीना व काम धंधा अलग है। पारिवारिक मतभेद के कारण ये तीनों मेरे कहने सुनने में नही रहे है इसलिए मै इनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद करता हूॅ। आज के बाद अपने द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए ये तीनों स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**मौ.आबाद पुत्र श्री शब्बीर अहमद निवासी मौ.खेडा दरवाजा पुरकाजी थाना पुरकाजी जिला-मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मौहम्मद गुफरान (MOHAMMAD GUFRAN) है और मेरा पता मुजफ्फरनगर यू.पी.है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम GUFRAN और पता नंगला दुहैली, दोहैली तुगलकपुर मुजफ्फरनगर उ.प्र-251310 है। मेरा सही नाम **मौहम्मद गुफरान पुत्र सुलेमान और पता नंगला दुहैली, दोहैली तुकलगपुर मुजफ्फरनगर यू.पी.251310 है।**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि आदित्य त्यागी पुत्र श्री सुरेश दत्त त्यागी की अकृषक भूमि क्षे. 0.4230 है0 भाग भूमि गाटा सं0 39/1 ग्राम मुन्डेट परगना मंगलौर तहसील रुडकी जिला हरिद्वार द्वारा बैनामा 5692 दि. 08.08.2019 को खरीदी थी की चेन में पुराना असली इकरारनामा पंजी. सं. 6277 दि. 27. 10.2006 वास्तव में कहीं खोया हुआ हैं, वर्तमान स्वामी मै. एमरैक्स फायर इण्डिया प्रा. लि. के द्वारा लिऐ जाने वाले ऋण के लिऐ उक्त सम्पत्ति को पी. एन. बी. एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर में बंधक करना चाहते हैं। यदि उक्त मूल इकरारनामा यदि किसी बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक है या इस बाबत किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर सूचित करें, अन्यथा सम्पत्ति पंजाब नैशनल बैंक में बंधक की जाऐगी, उस दशा में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्री मोहित कुमार, चीफ मैनेजर पी.एन.बी. एम.सी.सी. मुजफ्फरनगर मो० नं० 9572440855**

**सम्बन्ध विच्छेद**

में राजकुमार प्रजापति पुत्र निर्मल निवासी मौहल्ला पारसी बस स्टैंड सफीपुर पट्टी बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर यूपी का निवासी हूं। मेरा पुत्र जोनी कुमार पुत्र राजकुमार प्रजापति व मेरी पुत्रवधू लवी पत्नि जोनी कुमार मेरे कहने सुनने मे नही हैं। दोनो गलत संगत में उठते बैठते हैं। जिससे में व मेरा परिवार दुखी है। में अब अपने पुत्र जोनी कुमार व पुत्रवधु लवी से अपने परिवारिक रिश्ते समाप्त कर उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में मेरे पुत्र जोनी कुमार और पुत्रवधु लवी द्वारा किये गये किसी भी तरह के दीवानी फौजदारी कृत्य का में या मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।


## अतिथि व्याख्यान में अंग्रेजी दक्षता को बताया रोजगार की कुंजी

**खतौली।** महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के तहत बीए एवं एमए अंग्रेजी के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें रोजगारोन्मुखी दृष्टिकोण प्रदान करना रहा।मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्व. विद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. कविता त्यागी उपस्थित रहीं। उन्होंने हअंग्रेजी भाषा अध्ययन का रोजगार में योगदान एवं महत्व विषय पर विस्तार से विचार रखते हुए कहा कि आज के वैश्विक दौर में अंग्रेजी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि करियर निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों, उच्च शिक्षा संस्थानों तथा विभिन्न प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता के लिए अंग्रेजी पर मजबूत पकड़ अत्यंत आवश्यक है।अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. अरविन्द कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को सफलता की आधारशिला बताया। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन पर ध्यान देने और अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विभाग की प्रवक्ता कु. अलिशा ने प्रभावी ढंग से किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और ज्ञान में वृद्धि करते हैं। उन्होंने छात्रों से नियमित कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए गंभीरता से प्रयास करने का आ]वान किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और अतिथि वक्ता के अनुभवों से प्रेरणा दी।

## मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन का प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन ने आज दो अलग-अलग ज्ञापन जिला अधिकारी मुजफ्फरनगर की अनुपस्थिति में नगर मजिस्ट्रेट महोदय को दिए। मोती झील पर मछली मारने के ठेके का विरोध

पहले ज्ञापन में मोती झील पर मछली मारने के ठेके का विरोध किया गया। संगठन ने मांग की कि मोती झील पर मछली मारने के लिए जो ठेका दिया गया है उसको तुरंत निरस्त किया जाए और हजारों बेजुबान मछलियों की हत्या करने वाले लोगों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। शुक्र तीर्थ में मोबाइल टावर लगाए जाने का विरोध

दूसरे ज्ञापन में शुक्र तीर्थ में अवैध रूप से मोबाइल टावर लगाए जाने का विरोध किया गया। संगठन ने मांग की कि मोबाइल टावर की छव्ब तत्काल प्रभाव से रद्द की जाए और मोबाइल टावर कंपनी को स्थानीय नागरिकों की बिना समिति के टावर लगाने का कार्य बंद करने के लिए कहा जाए। **संगठन के पदाधिकारियों ने की मांग**ज्ञापन देने वालों में संजय अरोड़ा राष्ट्रीय संयोजक, सरिता शर्मा अरोड़ा (राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला), प्रवीण जैन, राजीव बंसल, सोनू महेश्वरी, संजय गोस्वामी, सोनू धीमान, अरविंद कुमार, श्याम वर्मा, अंकित पाल, सुंदर सैनी, प्रदीप कुमार, राजकुमार गर्ग, राजू पाल, संजीव शर्मा, नवीन त्यागी, पंकज लूथरा, अशोक वर्मा, राजेश शर्मा, राजदीप सिंह तोमर, मनोज कुमार, गोल्डी गुप्ता, अनिल मलिक, शुभम कौशिक, मुकेश गौतम, गीता, ममतेश, संतोष पप्पू आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से कैंटर के केबिन में आग लगी

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र के अंतर्गत उमरपुर चौकी के निकट चलते हुए एक कैंटर में आग लगने से हड़कंप मच गया। जिसमें शर्क्ट सर्किट के चलते कैंटर के केबिन में आग लग गयी। तब कैंटर के चालक ने केंटर से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी मोहित कुमार तेवतिया दल बल सहित मौके पर पहुंचे और इस घटना की सूचना दमकल विभाग को दी तो दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर बड़ी मशक्कत से काबू पाया। बताया जाता है कि केंटर चालक कस्बा लोनी से मुजफ्फरनगर पेपर मिल में गत्ता डालकर वापस लौट रहा था।

## बाबा फकीरा दास के मेले में पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार

**पुरकाजी।** ग्राम धमात में बाबा फकीरा दास के मेले में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना की इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने गुरु बाबा फकीरा दास के द्वारा धूमपान अन्य सेवन पर अपना जीवन भर लगाए जाने के बारे में उनके संघर्ष के बारे में बताया। उन्होंने बाबा फकीरा दास के बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की। इस मौके पर अमित गुर्जर, मोहित एडवोकेट, सचिन शर्मा, दीपक गुर्जर, अजय पवार ,सतीश गुर्जर सहित बारिश संख्या में लोग मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक: 3132 / सा.प्र./2025-26 दिनांक:- 26/02/2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग में वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि एवं 2026-27 की पूर्ण अवधि के लिए विद्युत साम्रगी की न्यूनतम दरें, आमन्त्रित किये जाने हेतु व्यापार कर / आयकर / जी.एस.टी. पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई-निविदा दिनांक 06.03.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 27.02.2026 की प्रात: 10 बजे से दिनांक 06.03.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू. 100/- के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फर नगर के नाम बन्धक होगी जो निविदा के समय स्कैन की जानी आवश्यक है। तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के पक्ष मे जारी कराते हुए दिनांक 06.03.2026 की प्रात: 10 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक-06.03.2026 को सायं 4.00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को साय 4.00 बजे खोली जायेगी।

| मार्ग प्रकाश प्रभारी | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| मुजफ्फरनगर | मुजफ्फरनगर | मुजफ्फरनगर |


## होली पर्व पर एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, में रंग उत्सव -2026 मनाया गया



**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में मानविकी संकाय द्वारा आने वाले होली पर्व पर एक 'रंग उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ प्राचार्य डा0 सचिन गोयल, डा0 नवनीत वर्मा, श्रीमति एकता मित्तल, डा. रवि अग्रवाल, डा. मोनिका रूहेला, डा. मानसी चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से किया। होली रंग उत्सव समारोह के साथ रंगारंग कार्यक्रम व ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकायो जिनमें मानविकी संकाय, वाणिज्य संकाय, विज्ञान संकाय, गृहविज्ञान संकाय आदि के विद्यार्थीयों द्वारा ग्रुप डांस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया जिनमें दिया, तमन्ना, खुशी, इशिका, गौरा, अरूण, विवेक, शिवम, चित्रांस, पलक पायल, कीर्ति, रिया, सानिया, सृष्टि, रूद्र चौधरी, प्रियांशु, शिखा, आयुषी, प्रियंका, तनिशा, शिखा, अनुष्का, काजल, आरजू, दीपा, समता, सुहानी, कनिका आदि छात्र / छात्राओं को अपने हुनर दिखाने का मौका दिया गया।

निर्णायक मण्डल की भूमिका में डा. मोनिका रूहेला, डा. मानसी व नीलू राठी रही व समारोह का संचालन हर्ष वर्मा व हिमांशी ने प्रवक्ता प्रियंका जैन व गरिमा कंसल के निर्देशन में किया ।

महाविद्यालय प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस त्योहार में पुरानी बातों को भूलकर आपस में भाईचारा बनाए रखना चाहिए । इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए।मानिवकी संकाय की विभागाध्यक्षा श्रीमति एकता मित्तल ने कहा होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है हमें सभी को भी आपसी द्वेष को भूलकर होली मनानी चाहिए व सभी को होली की शुभकामनाएं दी।इस समारोह को सफल बनाने में सपना, नीरज कुमार, डा0 नीतू पंवार, डा. योगिता पुण्डीर, विरेन्द्र कुमार, डा0श्वता संगल, डा0 प्रियंका त्यागी, साक्षी, मोनिका पंवार, डा. वर्तिका, प्राची बिंदल, शिवांगी वशिष्ठ, राखी धीमान, वंशिका गुप्ता, शिवांगी पुण्डीर, शाजिया रहबर, नितिन गोयल आदि का योगदान रहा।

### हैल्थ प्रीमियर लीग: आयुष्मान चौलेंजर ने सीएचसी खतौली को 25 रन से हराया

**खतौली।** हेल्थ प्रीमियर लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में आयुष्मान चौलेंजर ने सीएचसी खतौली की टीम को 25 रन से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबला रोमांचक रहा, लेकिन अंत में आयुष्मान चौलेंजर की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजी मार ली। टॉस जीतकर आयुष्मान चौलेंजर के कप्तान स्टेनो पाकेश ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए। बल्लेबाजी में गौरव उपाध्याय ने 35 रन, काव्य ने 34 रन और उद्देश्य ने 27 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। सीएचसी खतौली की ओर से गेंदबाजी में विजय शंकर और डॉ. करण ने दो-दो विकेट लिए। जबकि विपिन, संदीप और चेतन को एक-एक सफलता मिली। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएचसी खतौली की टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 147 रन ही बना सकी। टीम की ओर से विपिन कुमार ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। डॉ. अवनीश ने 29 रन और डॉ. करण ने 20 रन का योगदान दिया, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके। आयुष्मान चौलेंजर की ओर से सौरभ पांचाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। नितिन, काव्य और गौरव ने एक-एक विकेट लिया।मुकाबले के दौरान सौवीर अहलावत, मोनू अहलावत समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आर्य एकेड़मी इण्टरनेशनल स्कूल में दी वार्षिक प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय आर्य एकेडमी इण्टरनेशनल स्कूल, ए2जेड रोड़, मुज़फ्फरनगर में प्री-प्राइमरी के नन्हें मुन्नों ने अपने निराले अंदाज़ में वार्षिक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर वेलकम सॉन्ग से हुआ, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप संस्कार भारती से जुड़ीं प्रसि) कवयित्रियाँ श्रीमती सुमन प्रभा एवं श्रीमती सुशीला शर्मा एव आर्य एकेडमी इंटर कॉलेज शाहपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती उर्मिला सिंह उपस्थित रहीं।

प्री-प्राइमरी के नन्हें मुन्नों ने कविता वाचन, कहानी एव भ्वू जव हतवू `ममक विषय पर दी गयी प्रस्तुति ने बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सीखने की भावना को उजागर किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत म्यूज़िकल स्किट और रोल प्ले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। नन्हे कलाकारों ने अपने अभिनय कौशल, भाव-भंगिमा और संवाद अदायगी से दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। मुख्य अतिथियों श्रीमती सुमन प्रभा एवं श्रीमती सुशीला शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा विद्यालय प्रबंधन को ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मंच बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। द्य कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 6 से अभिमान देव सिंह, अक्षत बालियान, वंशिका एवं मिष्ठी ने संयुक्त रूप से किया द्य

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका आर्य जी ने मुख्य अतिथियों को स्नेहस्वरूप ह्टोकन ऑफ लवद्ध भेंट कर उनका सम्मान किया। अंत में प्रबंधक श्री सुघोष आर्य एडवोकेट ने सभी उपस्थित अतिथि एवं अभिभावकों का आभार प्रकट किया कि उन्होंने अपने कीमती समय से समय निकालकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया द्य साथ ही प्री प्राइमरी के अध्यापको की प्रसंशा करते हुए कहा की बिना उनकी मेहनत के यह कार्यक्रम संभव नहीं था द्य इसके बाद कार्यक्रम के विधिवत समापन की घोषणा की गयी द्य

## पुरकाजी नगर पंचायत का 29 करोड़ का बजट पारित



**पुरकाजी।** नगर पंचायत पुरकाजी में चेयरमैन जहीर फारूकी की अध्यक्षता में आज बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026 - 2027 के 21 करोड़ आय और 22 करोड़ 47 लाख व्यय का बजट सर्वसम्मति से पास हुए बजट के अलावा आगामी दिनों में पढ़ने वाले ईद और होली के त्योहारों को लेकर तैयारी तथा विकास कार्यों से सम्बन्धित सभी प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास हुए बोर्ड बैठक में सभी सभासदों को जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं फैमिली आई डी बनवाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण के बारे में जानकारी दी गई बैठक में 15 में से 13 सभासदों में भाग लिया चेयरमैन जहीर फारूकी ने प्राथमिक विद्यालय नम्बर दो में पुराने कमरों में दीवारों पर टाइल और स्कूल की मरम्मत सही सभी सरकारी स्कूलों के लिए कार्य करने के प्रस्ताव रखे सभी सभासदों ने सभी प्रस्तावों के अपनी सहमति दी बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी मनीष वर्मा, लिपिक समर काजमी, विकसित कुमार, रजनेश, फेमिदा, निसार अहमद, इशरत जहां, शाहलम गौड, इस्तखार उर्फ लल्ला, आतिफ खान, शबनम, नदीम अहमद, फरजाना, आजाद फरीदी, आलम कुरैशी ने भाग लिया

# पिता की कातिल बहनों का सहयोगी निकला प्रेमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे बीते सोमवार दो पुत्रियों द्वारा पिता की हत्या कर दी गयी थी जिसमे आरोपी बहनो ने पिता द्वारा रोकटोक करना हत्या का कारण बताया था नशे की गोलियां देकर परिवार को बेहोश कर घटना को अंजाम देना कातिल बहनों द्वारा स्वीकार किया गया था जिसके बाद पुलिस नशे की गोलियां उपलब्ध कराकर सहयोग करने वाले व्यक्ति की तलाश में जुटी हुई थी गुरुवार को पुलिस ने आरोपी बहनों के मददगार बने प्रेमी को गिरफतार कर जेल भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में बीते 23 फ़रवरी की सुबह दलित किसान 55 वर्षीय रामप्रसाद पुत्र घसीटू की हत्या से हड़कंप मच गया था।बेटियों द्वारा पिता की निर्मम हत्या करने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है।वहीं आरोपी कोमल व उसकी नाबालिग बहन को नींद की गोलियां उपलब्ध कराने वाले सहयोगी की तलाश मे पुलिस जुटी हुई थी।गुरुवार को पुलिस ने नींद की गोलिया उपलब्ध कराने वाले आरोपी रौकी पुत्र रामेश्वर निवासी गांव पनवाड़ी थाना दौराला जनपद मेरठ को भोपा के पास कासमपुर चौराहे से गिरफतार कर लिया गिरफतार आरोपी रौकी ने बताया कि उसकी बहन मोरना में रहती है। वह निकटवर्ती गांव भुवापुर में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अथवा सी एच ओ के पद पर तैनात है रॉकी ने बताया कि मोरना मे बहन के घर आने जाने के दौरान कोमल की छोटी बहन से उसके प्रेम संबंध बन गए थे जिसमें उसका पिता रामप्रसाद रोक टोक



कर रहा था उसी ने कोमल की छोटी बहन को मोबाइल उपलब्ध कराया था जिस पर वह आपस मे बात करते थे उसी ने नींद की गोलियां उपलब्ध कराई थी जिसके बाद आरोपी बहनों ने परिवार को नींद की गोली देकर बेहोश कर दिया तथा पिता की हत्या को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी रॉकी को जेल भेज दिया।

पुलिस कि कार्यवाही के बाद भी ग्रामीण मे चर्चाएं जारी हैं की आखिर रॉकी को नींद की गोलियां किसने उपलब्ध कराई। क्या क्षेत्र में कोई नींद की गोलियों का व्यापार कर रहा है। यह इस यक्ष प्रश्न का जवाब अभी बाकी है।

# चरथावल में एमआरपी से अधिक वसूली का खेल, उपभोक्ताओं का शोषण जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र के बाजारों में पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट की बिक्री को लेकर गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि थोक विक्रेता निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य द्धएमआरपीत्रऋ से अधिक दर पर माल दे रहे हैं, जिसके चलते फुटकर दुकानदार भी ग्राहकों से अतिरिक्त राशि वसूलने को मजबूर हैं।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि पैकेट पर स्पष्ट रूप से अंकित एमआरपी के बावजूद 2 से 5 रुपये तक अधिक वसूली आम बात हो गई है। छोटे स्तर पर दिखाई देने वाली यह अतिरिक्त राशि प्रतिदिन बड़े पैमाने पर अवैध कमाई में तब्दील हो रही है।

दुकानदारों का तर्क है कि उन्हें ही माल ऊंचे दाम पर मिल रहा है, ऐसे में वे घाटे में बिक्री नहीं कर सकते। वहीं उपभोक्ताओं का सवाल है कि थोक स्तर पर हो रही मनमानी का बोझ आम जनता क्यों उठाए? यदि एमआरपी से अधिक मूल्य वसूला जा रहा है तो यह उपभोक्ता संरक्षण कानून का उल्लंघन है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार में विशेष जांच अभियान चलाकर दोषी थोक व फुटकर विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो एमआरपी व्यवस्था का औचित्य ही समाप्त हो जाएगा।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बार एसोसिएशन बुढ़ाना अध्यक्ष का बर्थडे मना

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी का जन्मदिन उनके आवास पर उनके सैंकड़ों प्रशंसकों द्वारा बडी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। सभी ने उनकी लंबी आयु की ईश्वर से कामना की। उनके छोटे भाई डीसीडीएफ के पूर्व अध्यक्ष सुबोध त्यागी ने अपने हाथों से उन्हें केक खिलाया और खुशी जाहिर की। सभी ने यहां पर मिष्ठान का भी आनंद लिया और उनके भाई सुबोध त्यागी के स्वास्थ्य की कामना भी की। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से तनवीर कुरैशी, एडवोकेट अभिनव वशिष्ठ, तस्लीम अहमद, दीपक प्रजापति, नीरज शर्मा, पत्रकार अंकुर त्यागी और ठिया गैंग के सभी सदस्य मौजूद रहे। दूसरी और विनोद त्यागी को बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर, सभासद गुलफाम खान, सभासद राशिद भूरु कुरैशी, एडवोकेट प्रशांत शर्मा, एडवोकेट शाहनवाज कुरैशी, मौहम्मद मियां रिजवानी व एडवोकेट शाहजेब सिद्दीकी आदि अधिवक्ताओं ने भी जन्मदिन की मुबारकबाद दी है।

# किसानों को जैविक खेती का दिया प्रशिक्षण

**मोरना।** गांव छछरौली मे नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत द्वितीय वर्ष का तृतीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानो को आधुनिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार के प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक पूर्व विषय वस्तु विशेषज्ञ भारत वीर सिंह राठी के द्वारा किसानों को जैविक विधि से बोई जा रही गन्ने की फसल में बुवाई से पूर्व भूमिका शोध कैसे करें तथा रोग और बीमारियों की रोकथाम के लिए हर्बल कीटनाशक के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सहयोगी संस्थान विट्रो बायोटेक्नोलॉजिस्ट के वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक डॉ. जे पी शर्मा के द्वारा किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहयोगी संस्थान की जिला प्रभारी पूनम यादव समूह प्रभारी जितेंद्र कुमार तथा प्रिंस के द्वारा भी किसानों को ख्रषि में पर की जानकारी दी गई साथ ही किसानों को अवगत कराया गया कि परियोजना के द्वितीय वर्ष में परियोजना के अंतर्गत 4000रूपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान धनराशि दी जा रही है किसान शीघ्र ही जैविक क्रोम खाद खरीद कर अपने बिल जमा करें जिससे कि उनकी अनुदान धनराशि समय से खाते में भेजी जा सके परियोजना के द्वितीय चरण में 7 ग्राम पंचायत का चयन करते हुए 20 समूह का गठन किया गया है और 1000 किसानों को जोड़ा गया है प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में किसान राजबा. ला,महावीर सिंह,महाराज सिंह, प्रेमपाल,जगदीश सिंह, देवेंद्र सिंह राठी,बिजेंद्र सिंह, हेमलता,प्रेमलता के द्वारा भी पूर्ण सहयोग किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेपाल सिंह के द्वारा की गई परियोजना का संचालन उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही द्वारा किया गया।

# गढ़ी में बाल विवाह को लेकर हुआ कार्यक्रम आयोजित

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बाल विवाह मुक्त यूपी विषय पर छात्राओं ने शपथ ली कि वे मुजफ्फरनगर जिले को बाल विवाह मुक्त करके रहेंगे। छात्राओं को यहां पर ये भी बताया गया कि अगर वे अपने पड़ोस भी किसी भी किशोरी का ब्याह होते देखें तो तुरन्त 112, 181 या 1098 पर सूचना दें। यहां बाल विवाह विषय पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं वैष्णो, सोफिया व जिया सम्मानित हुई। प्रश्ना. ेत्तरी कराने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के बीच बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील बनाना था। प्रतिभागियों ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, इसके सामाजिक एवं शैक्षणिक प्रभाव तथा इसे रोकने के



उपायों पर सारगर्भित बात कही। कार्यक्रम आयोजक डाक्टर राजीव कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। जिसे समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सजग रहकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, बचपन बचाओ आंदोलन के टोल फी नंबर 18001027222 व पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यहां पर प्रधानाध्यापक हिमांशी तोमर, अनुद. ेशक अंजली और अर्जुन आदि मौजूद रहे।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई जागरुकता अभियान की शुरुआत

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड यूनिट भैसाना में बसन्तकालीन गन्ना बुवाई जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुगर मिल के गेट से प्रचार वाहन एवं बाइक रैली का शुभारम्भ किया गया। रैली को यूनिट हैड चन्द्रवीर सिंह एवं केन हैड ललित तोमर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान के तहत प्रचार वाहन मिल गेट एवं विभिन्न क्रय केन्द्रों से संबद्ध गांवों में जाकर किसानों को गन्ना प्रजाति सीओ-0238 का रकबा कम करने तथा नई



उन्नतशील एवं उच्च उत्पादकता वाली गन्ना प्रजातियों की अधिक से अधिक बुवाई करने के लिए प्रेरित करेंगे और साथ ही किसानों को संतुलित उर्वरक एवं कीटनाशी दवाइयों के वैज्ञानिक प्रयोग के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। लाउडस्पीकर के माध्यम से मिल क्षेत्र के समस्त किसानों से अपील की गई कि वे अपने गन्ने की आपूर्ति निर्धारित बेसिक कोटे के अंतर्गत अधिक से अधिक मात्रा में चीनी मिल को करें। जिससे मिल एवं किसानों दोनों को लाभ प्राप्त हो सके। इस रैली में प्रचार वाहनों के साथ केन डेवलपमेंट हेड डीएस सिरोही, अनिल कुमार, समस्त गन्ना अधिकारी एवं फील्ड सुपरवाइजर की भी उपस्थिति यहां पर देखने को मिली।

# खतौली में कैरम की गूंज: उदित और वैशाली बने चैंपियन



**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तहत शुक्रवार को कैरम मुकाबले बड़े उत्साह और प्रतिस्पर्धा के माहौल में संपन्न हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ, क्रीड़ा अधिकारी प्रो. अरविन्द कुमार तथा उपक्रीड़ा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैरम प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। छात्र वर्ग में बीकॉम तृतीय वर्ष के उदित कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया, जबकि बीए प्रथम वर्ष के अन्तरिक्ष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में बीए तृतीय वर्ष की कु. वैशाली ने बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया और बीए द्वितीय वर्ष की शिवी उपविजेता रहीं। प्रतियोगिता में कुल 48 विद्यार्थियों की भागीदारी रही। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशु ने किया। समापन अवसर पर प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। क्रीड़ा अधिकारी प्रो. अरविन्द कुमार ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन 27 फरवरी 2026 को शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. अरविन्द कुमार ने आयोजन की सफलता के लिए स्पोर्ट्स कोच श्री ब्रिवजीत सिंह सहित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# ब्रह्मकुमारी सैंटर पर किया गया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्ववद्यालय स्वीट साइलेंस धाम पर गुरुवार को शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान व नशा मुक्ति का संकल्प लेकर शपथ दिलाई गयी।व अध्यात्म का संदेश दिया गया।वहीं बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

मुख्य वक्ता डॉ. अवनी कम्बोज ने कहा की देश के निर्माण में युवा पीढ़ी का जोश और बुजुर्गो का अनुभव हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। युवाओं में ऊर्जा, नई सोच और बदलाव की क्षमता होती है वहीं बुजुर्गो के पास जीवन का अनुभव और मार्गदर्शन की शक्ति होती है।बी.के.राजयोगिनी सुरेश दीदी ने कहा वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं।

जिनके अनुभव समाज का मार्गदर्शन करते हैं। जीवन ईश्वर का अमूल्य वरदान है इसको सुंदर बनाने के लिए हमें राजयोग मेडिटेशन करना चाहिए।

सदर ब्लाक प्रमुख अमित चौधरी ने कहा कि युवाओं में नशे की बढ़ती लत को देखकर उनका मन व्याकुल है। ख्रढ़ संकल्प लेकर हमें समाज से नशे की लत को दूर करना होगा। कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी व कर्नल राजन छिब्बर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की हमें निजी अभिवादन शब्दों को विराम देकर जय हिंद के अभिवादन को अपनाना



होगा।कार्यक्रम के दौरान पुष्प वर्षा कर होली मिलन कर खुशी का अनुभव कराया गया।समापन पर ईश्वरिय सौगात भेंट की गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल,डायरेक्टर बीरबल, बीके डॉ. अनिल भाई, बी.के. प्रवेश बहन, बी. के. प्रियांशी बहन,नीरा बहन,मौ. शाह आलम, मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, बीके श्रवण भाई, प्रदीप निर्वाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गोमती बहन ने किया।

# बिजली बकाएदारों की आई शामत, कनैक्शन काटे

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युतग्रह के जेई शिव कुमार के नेतृत्व में बृहस्पतिवार के दिन विद्युतकर्मियों की दो टीमों ने बुढ़ाना कस्बे की बड़ी मस्जिद एरिये और सफीपुर पटी लुहसाना रोड पर लगभग 50 विद्युत कनेक्शन उन उपभोक्ताओं के काटे जिन पर काफी दिनों से विद्युत बिल बकाया था और बार बार चेतावनी के बाद भी वे बिल जमा नहीं कर पा रहे थे।

स्थानीय विद्युत विभाग के द्वारा चलाए गये इस अभियान से उपभोक्ताओं में हडकम्प मच गया और वे विद्युत टीम से पहले दिनों की तरह समय मांगते नजर आए लेकिन टीम ने कोई भी रियायत नहीं की। जिसके चलते काफी लोगों ने हाथों हाथ कुछ रकम जमा कर अपने कनेक्शन कटने से बचाए। जिन जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गये उनको चेतावनी भी जारी की गयी कि अगर उन्होंने अवैध रुप से लाइन चालू कराई तो उस उपभोक्ता के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। यहां पर उनके भी कनेक्शन काटे गये जिन्होंने छूट आने पर दो हजार रुपये जमा कराकर रजिस्ट्रेशन तो करा लिया था लेकिन इसके बाद भी वे अपना बकाया जमा नहीं करा पाए। इस दौरान टीम में सोनू कुमार, जोनी कुमार, डेविड कुमार, अजीत कुमार, कपिल कुमार, बबलू कुमार और शिवम कुमार त्यागी आदि विद्युत कर्मचारी मोजूद रहे। इस दौरान बकायेदारों में हडकम्प की स्थिति बनी रही।

## तहसीलदार ने कुल 5 घंटे में ही किया समस्या का समाधान

**बुढ़ाना।** स्थानीय प्रशासन शायद एसआईआर के मामले में किसी भी तरह की शिकायत सुनना नहीं चाहता तभी तो एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा के निर्देश पर बुढ़ाना तहस. ीलदार महेंद्र सिंह यादव ने एसआईआर से जुड़े एक मामले का निस्तारण मात्र पांच घंटे में करते हुए आक्रोशित सैंकड़ों ग्रामीणों का गुस्सा शांत कर दिया। हुआ यूं कि बुढ़ाना क्षेत्र की सफीपुर पटी चंधेडी रोड की भाग संख्या 133, 134 और 135 का बूथ नार्मल स्कूल में लगा है। जब सैंकड़ों मतदाता बूथ पर नोटिसों का जवाब लेकर गये तो दो बीएलओ वहां पर नहीं थे। फोनघ मिलाया तो स्विच आफ मिले। जिस पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा था और एसडीएम को भी शिकायत की थी। अगले दिन ग्राम सफीपुर पटी प्रधान पद के प्रत्याशी खालिद गफ्फार, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हारुण अली सिद्दीकी व युवा रालोद जिला महासि. चव आरिफ सिद्दीकी के नेतृत्व में ग्रामीण एसडीएम से मिले थे और दोनों बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही व भाग संख्या 134 व 135 पर नये बीएलओ की नियुक्त की मांग की थी।

# अजीज फातिमा हाईस्कूल मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

बुढ़ाना। नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 14 में कुरैशियों के कब्रिस्तान के समीप स्थित शिक्षण संस्था अजीज फातिमा हाईस्कूल के क्षतिग्रस्त मार्ग के काया कल्प का कार्य बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल के निर्देश पर ठेकेदार द्वारा शुरु कर दिया गया है।

इस मार्ग पर जहां एक और किसी भी मृतक के शव को दफनाने आने वाले सेंकड़ों लोग और स्कूली बच्चों के अलावा वाहन चालकों को आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। यहां के लोगों ने इस संबंध में अध्यक्षा उमा और सभासद राशिद भूरु को अवगत कराया और उनका विजिट कराया तो वाकई परेशानी देखने को मिली तो गत दिनों इस मार्ग की काया कल्प का कार्य बोर्ड मीटिंग में पास हुआ। उसी के तहत बृहस्पतिवार से ठेकेदार द्वारा कार्य शुरु कर दिया गया। जिसे लेकर



लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। इस बारे में सभासद राशिद भूरु ने बताया कि कुरैशी समाज के कब्रिस्तान वाली सड़क जो अजीज फातिमा हाईस्कूल को भी जाती है काफी समय से खराब थी। उन्होंने कुरैशियान कब्रिस्तान वाले रोड पर नई सड़क आरसीसी की बनाने व सीसी दीवार कराने की मांग की थी ताकि कब्रिस्तान में शव ले जाते वक्त आने जाने वाले लोगों, स्कूल के बच्चों व रोजाना 5 वक्त की नमाज पढ़ने वाले लोगों को मस्जिद में जाते वक्त दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसलिए आज ये कार्य नपं अध्यक्षा उमा त्यागी, ईओ आलोक रंजन की अध्यक्षता में शुरु कर दिया गया।

# एसडी मैनेजमेंट में बीबीए तृतीय सेमेस्टर परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए तृतीय सेमेस्टर का परिणाम विधिवत घोषित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभागार में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा संकाय सदस्यों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र है- निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास । उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह परिणाम उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने के



लिए ख्रढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। परिणाम घोषणा के दौरान शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बीबीए तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान निशिका तोमर ने 76.6: अंक प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान अंत्रा गुप्ता ने 75.83: अंकों के साथ प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान तनु त्यागी ने 75.66: अंक प्राप्त कर अर्जित किया। सभी मेधावी छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए । प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली निशिका तोमर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य भविष्य में एमबीए कर कॉर्पोरेट क्षेत्र में उच्च पद प्राप्त करना है। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंत्रा गुप्ता ने बताया कि समय प्रबंधन और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन से उन्हें यह सफलता मिली है। वे आगे चलकर प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी करना चाहती हैं। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली तनु त्यागी ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार एवं शिक्षकों को देते हुए कहा कि वे भविष्य में उद्यमिता के क्षेत्र में अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहती हैं। अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने भविष्य की योजनाओं को साझा किया। कुछ विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा के लिए एमबीए एवं अन्य व्यावसायिक पाठड क्रमों में प्रवेश लेने की इच्छा व्यक्त की, तो कुछ ने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और स्टार्टअप के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। सभी विद्यार्थियों ने एक स्वर में कहा कि उनकी इस सफलता में उनके माता-पिता, गुरुजनों और महाविद्यालय प्रशासन का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर बीबीए विभाग के समस्त संकाय सदस्य डक्क संगीता गुप्ता, दीपक गर्ग, मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, सोनिका, पूरवी, प्राची, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित एवं लवी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जवानों को इनकम टैक्स से मुक्त किया जाए: तेजेंद्रपाल त्यागी

**मोरना।** शुकतीर्थ मे स्थित कारगिल बलिदानी स्मारक पर गुरुवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे सैनिको को टैक्स से मुक्त करने की मांग सरकार से की गयी व नागरिको को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि सैनिको ने पराक्रम दिखाते हुए ऑपरेशन सिंदूर को मात्र चार दिनो मे सफल कर दिखाया। पड़ोसी देश पाकिस्तान के घरेलु हालात बहुत खराब हैं। वह अफगानिस्तान से लड़ रहा है। जनता का ध्यान भटकाने के लिए वह फिर भारत के साथ कोई नापाक हरकत कर सकता है। जिसका मुँहतोड़ जवाब देने के लिए सैनिक तैयार हैं। ऐसे मे सैनिको के मनोबल को और बढ़ाना हम सबका दायित्व है।किसानों की भांति सैनिको को भी सभी प्रकार के टैक्स से मुक्त किया जाये देश मे मात्र 13 लाख सैनिको को टैक्स मुक्त करने से सरकार पर कोई बड़ा भार नहीं पड़ने वाला है। सैनिक कभी रिटायर नहीं होता वह सारी जिंदगी देश सेवा को समर्पित रहता है।

सहनशीलता का पाठ हमें सदियों से पढ़ाया जाता रहा है।किन्तु जब देश की अस्मिता की बात हो सहनशीलता शून्य होनी चाहिए।राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कर्नल राजन छिब्बर ने कहा की सैनिको को टैक्स मुक्त करने की मुहीम जारी रहेगी केन्द्र सरकार के समक्ष यह मांग रखी जायेगी। हम सबको ब्रिवास है की सरकार इस पर जरूर संज्ञान लेगी।प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन के. पी. सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के पास सर्च अभियानों और उपलब्धियों का समृद्ध इतिहास है,



जिसमें युद्ध जीतना, संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में योगदान और मानवीय सहायता प्रदान करना शामिल है।सैनिको को टैक्स मुक्त करना उनका नैतिक अधिकार है। जिसपर सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।इसके पहले अतिथियों व पूर्व सैनिकों ने स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया तथा सेल्यूट कर वीरों को नमन किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से कैप्टन देवपाल राठी, कैप्टन राजेंद्र पुंडीर, कैप्टन प्रदीप वशिष्ठ, परमेंद्र राठी,सुनील कुमार, जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर मनोज राठी,मांगेराम फौजी,स्वामी भजनानंद महाराज, सूबेदार मेजर निरंजन सिंह,मधु राठी, मिथलेश आदि मौजूद रहे।

# विवेचकों को निष्पक्ष जांच करने की हिदायत

**शाहपुर।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा थाना शाहपुर पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया।

अर्दली रूम के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थानों पर लम्बित विवेचनाओं, महिला सम्बन्धी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित/वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफतारी के विषय में जानकारी करते हुए सभी विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के निष्पक्ष निस्तारण एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफतारी हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को थानाक्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों, अवैध शराब, जुआ व सटा की पूर्णत: रोकथाम करने, शातिर अपराधियों/हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन करने तथा आम जनता से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने,



महिला सम्बन्धी अपराधों की जाँचकर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने व थानाक्षेत्र में नियमित रूप से पैट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर अपराधियों की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही करने, हिस्ट्रीशीटर्स की समय-समय पर चेकिंग करने एवं फलाई सीट में चेकिंग की प्रविष्टियां पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्रपाल सिंह, शाहपुर थानाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हस्तिनापुर भ्रमण के लिए बस को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य परियोजना कार्यालय के आदेशों के अनुपालन में जनपद शामली में संचालित चार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय-बनत, कैराना, कांधला तथा ऊन-की छात्राओं का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण (एक्सपोजर विजिट) गुरूवार को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौड़ द्वारा हरी झंडी दिखाकर छात्राओं से भरी बसों को हस्तिनापुर वन्य जीव अभ्यारण्य तथा महाभारत कालीन प्रसिद्ध स्थल के लिए रवाना किया गया।




इस शैक्षिक भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य छात्राओं को कक्षा-कक्षीय अध्ययन से आगे बढ़कर प्राकृतिक परिवेश में सीखने का अवसर प्रदान करना रहा। भ्रमण के माध्यम से छात्राओं को जैव-विविधता, वन्य जीव संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग, पौराणिक स्थलों के भ्रमण तथा पर्यावरणीय संतुलन के महत्व की व्यवहारिक जानकारी दी गई। ऐसे शैक्षिक अनुभव छात्राओं के बौद्धिक, सामाजिक, पौराणिक ज्ञान एवं भावनात्मक विकास में सहायक सिद्ध होते हैं तथा उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

कार्यक्रम के सुचारु, सुरक्षित एवं अनुशासित आयोजन हेतु जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार एवं जिला समन्वयक सुशील कुमार द्वारा आवश्यक समन्वय स्थापित किया गया।

उनके साथ सचिन चौहान, शोभित मलिक, राहुल कुमार, सचिन कुमार तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (ज्ञळठट) की वार्डन रश्मि पाठक, पूनम, रेनू गुप्ता तथा प्रेरणा जैन के समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रशासन द्वारा यात्रा, सुरक्षा, चिकित्सा एवं मार्गदर्शन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं, जिससे छात्राओं का यह भ्रमण पूर्णतः सुरक्षित एवं ज्ञानवर्धक रहा।जनपद प्रशासन एवं शिक्षा विभाग का यह प्रयास बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनके आत्मविश्वास, जिज्ञासा और भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

# रोजा इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

कांधला। पवित्र रमजान माह में विकासखंड क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित चौधरी शाहरुख के आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के दोनों समाज के सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इफ्तार से पहले सभी रोजेदारों ने सामूहिक रूप से देश में अमन-चौन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ की।

शाम ढलते ही रोजेदारों का आना शुरू हो गया था। इफ्तार के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें खजूर, फल, शर्बत,, फ्रूट चाट सहित विभिन्न व्यंजन शामिल थे। अजान होते ही रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा खोला। दोनों समाज के लोगों की एक साथ मौजूदगी ने यह संदेश दिया कि क्षेत्र में आपसी एकता और सद्भाव की परंपरा आज भी कायम है। इस दौरान चौधरी शाहरुख ने कहा कि रमजान का महीना केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसानियत का महीना है। उन्होंने कहा,आज के दौर में समाज के कुछ हिस्सों में नफरत फैलाने की कोशिशें



की जा रही हैं, लेकिन हमें ऐसे प्रयासों को नकारते हुए मोहब्बत और भाईचारे का रास्ता अपनाना चाहिए। हमारा देश गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, जहां सभी धर्म और समुदाय के लोग मिल-जुलकर रहते आए हैं।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि रमजान हमें सिखाता है कि हम अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों का ख्याल रखें। इस पवित्र महीने में जकात और फितरा देना हर सक्षम व्यक्ति का फर्ज है।

इस दौरान अंकित चौहान, विक्की चौहान, सचिन, बाबर, डब्बू, छोटू, फाईज जमाआलम, जुनैद प्रधान, बाबू कश्यप, संजीव कश्यप गय्यूर प्रधान, मुबारिक, जावेद, साजिद, सहित आदि मौजूद रहे।

## प्लॉट के लोन को लेकर बढ़ा विवाद,देवर पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** गुरुवार को मोहल्ला मौलानान निवासी महिला शमीमा ने थाने पहुंचकर दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपने दो देवरों के प्लॉट पर कुछ समय पूर्व लोन लिया था। महिला के अनुसार लोन संबंधी कागजात विधिवत तैयार कराए गए थे और स्टांप भी लगाए गए थे। पीड़िता का कहना है कि वह लोन की पूरी रकम अदा कर चुकी है, इसके बावजूद उसका देवर रकम को लेकर दबाव बना रहा है।

महिला का आरोप है कि गुरुवार को उसका एक देवर उसके घर पहुंचा और आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसे चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चला गया।पीड़िता ने आरोपी देवर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला को जांच करने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

दूसरी और सलेमपुर मार्ग निवासी उमर ने बताया कि पीड़ित क्षेत्र के भारसी ईंट भट्टे पर मजदूरी का कार्य करता है जब उसने मजदूरी के रुपए मांगे तो आप है भट्टा मालिक ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## चकबंदी कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को उनके कार्यालय में कर-करेत्तर राजस्व टास्क फोर्स राजस्व कार्यो, चकबंदी कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में एआरटीओ, ऊर्जा विभाग, गन्ना विभाग, पीडब्ल्यूडी, खनन विभाग, मंडी समिति, जिला आबकारी विभाग, बांट माप विपणन सेल टैक्स समस्त अधिशाषी अधिकारी समस्त उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार सभी को लक्ष्य के सापेक्ष वसूली के निर्देश दिए गए हैं।

## नाई नंगला में खाद के गड्ढों पर किया अवैध कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को कलेक्ट्रेट में ग्राम नाई नंगला के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिलकर उनको एक शिकायती पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि वे कूड़ा डालने को लेकर काफी परेशान हैं। उनके गांव में कूड़ा डालने के लिए कोई भूमि नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके गांव में खाद के गड्ढे हैं जिनका खसरा नं 37, 39 व 40 हैं जो गांव की सीमा पर स्थित है। आरोप है कि गांव के ही दबंग किसानों ने उन पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं। आरोप है कि गांव गब्राम के सुनील व योगेन्द्र पुत्रगण पीतम सिंह ने खंभे गाड़कर उक्त भूमि व अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पीड़ित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से टीम गठित कर पैमाईश कराने की मांग करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है।

## विवाह समारोह से हुई बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** कस्बे में एक विवाह समारोह के बाहर खडी बाईक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। शकील पुत्र मिद्दा निवासी गांव सुन्ना थाना कांधला ने थाने में तहरीर दी कि पीड़ित थानाभवन के जलालाबाद चौकी स्थित जोया क्रिकेट हॉल में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी काले रंग की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को करीब दोपहर 1 बजे बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़ा किया था। लगभग दो घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने थानाभवन थाने पहुंचकर मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। पीड़ित ने पुलिस से मोटरसाइकिल बरामद कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## एक नजर

### बेरहमी से पीटकर युवक की हत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को रास्ते से पकड़कर ईख के खेत में ले जाकर बेरहमी से मारपीट करने और फांसी देने के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला दरबार खुर्द रेत्तेवाला निवासी शहजाद पुत्र कय्यूम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह अलीपुरा रोड स्थित एक चम्मच फैक्ट्री में काम करता है। आरोप है कि विगत 23 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे डयूटी से घर लौटते समय ईख के खेत के पास दो युवकों ने उसे रोक लिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे जबरन खेत में खींच लिया और बांधकर लोहे के सरिये व बेल्ट से मारपीट की। आरोप है कि उसके गले में गमछा डालकर फांसी देने का भी प्रयास किया गया। शोर सुनकर राहगीर मौके की ओर बढ़े तो आरोपी उसे अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित के अनुसार मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई हैं। उपचार के चलते वह घटना वाले दिन रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका। बाद में कोतवाली पहुंचकर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि मामले में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दूध के पैसे मांगने पर हुआ विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव कादरगढ़ में दूध के पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपी ने साथियो के साथ पीड़ित के साथ हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। क्षेत्र के गांव कादरगढ़ निवासी पीड़ित सलीम पुत्र स्वर्गीय साफी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 फरवरी 2026 की सुबह उनकी पत्नी फम्मो व पुत्री अंजुम घर के बाहर मकान निर्माण के लिए ईंट-पत्थर भरवा रहे थे।

आरोप है कि इसी दौरान दूध के बकाया पैसे मांगने पर आरोपी इरशाद पुत्र हनीफ अपने साथियों उवैश, आजम पुत्र शर्मशाद तथा अरशद पुत्र दिलशाद के साथ मौके पर पहुंच गया। सभी आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सलीम की पत्नी, पुत्र नसीम, वसीम तथा पुत्री अंजुम घायल हो गए। बताया जाता है कि मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### इकरारनामे के बाद भी नहीं हुआ बैनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना झिंझाना क्षेत्र के गांव टोडा स्थित कृषि भूमि के सौदे में इकरारनामा होने के बावजूद बैनामा न करने और दो लाख रुपये वापस न करने के आरोप में मामला अब कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है। न्यायालय के निर्देश पर थाना झिंझाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के करनाल निवासी रुपिन्द्र कौर पत्नी स्वर्गीय जानपाल सिंह ने न्यायिक मजिस्ट्रेट, कैराना की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल कर कार्रवाई की मांग की थी। प्रार्थना पत्र में गांव टोडा निवासी भीम सिंह पुत्र सुरजन, उनकी पत्नी सविता तथा गांव खेड़ी करमू निवासी सुक्रमपाल पुत्र सादा राम को नामजद किया गया है। आरोप है कि 22 नवंबर 2018 को खाता संख्या 487, खसरा नंबर 470, रकबा 0.3410 हेक्टेयर कृषि भूमि का सौदा 2.50 लाख रुपये में तय हुआ था। इसमें दो लाख रुपये बतौर बयाना दे दिए गए थे, जबकि शेष 50 हजार रुपये बैनामे के समय देने की बात तय हुई थी। बैनामे की अंतिम तिथि 20 नवंबर 2019 निर्धारित की गई थी। पीड़िता के अनुसार तय तिथि पर उनके पति कैराना उपनिबंधक कार्यालय रुपये लेकर पहुंचे, लेकिन विपक्षी पक्ष उपस्थित नहीं हुआ। बाद में विभिन्न कारण बताते हुए समय लिया गया, किंतु न तो बैनामा कराया गया और न ही रकम लौटाई गई। 31 दिसंबर 2024 को उनके पति के निधन के बाद भी मामला लंबित रहा। महिला का यह भी आरोप है कि संबंधित भूमि का सौदा किसी अन्य व्यक्ति से करने का प्रयास किया गया। थाना झिंझाना व पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। अदालत के आदेश पर अब संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## होम्योपैथिक चिकित्सालय का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को 26.75 लाख की लागत से तैयार राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय बनत के नवनिर्मित भवन का सदर विधायक शामली प्रसन्न चौधरी व जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत शुभारंभ करते हुए यज्ञ में मंत्रौ उच्चारण के साथ चिकित्सालय के भवन में दैनिक ओपीडी का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में संबंधित से जानकारी प्राप्त करते हुए कहा भवन बनने से आम जनमानस को सुविधाओं का नाम मिलेगा। इस अवसर पर डॉक्टर विधु शेखर मलिक जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी सहित आयुष विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा बनत के आम जन की भी सहभागिता रहीं।

# "एक जनपद-एक नदी" को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में गुरूवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति/जिला पर्यावरण समिति/जिला वृक्षारोपण समिति बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने एजेंडा बिन्दु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन बिंद.ुओं पर कमी दिखी उसमें सुधार के निर्देश दिए। जिला गंगा समिति की बैठक में "एक जनपद-एक नदी" योजना के अंतर्गत खोखरी नदी को पूर्ववत चयनित रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में शहरी निकायों द्वारा जल उपचार एवं जल गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा करते हुए जल नमूनों के परीक्षण एवं उपचार से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन ना करने के संबंध में झिंझाना, कैराना, शामली, एलम तथा गढ़ीपुख्ता नगर निकायों को कारण बताओ नोटिस के निर्देश दिए। वृक्षारोपण समिति की समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में किए गए वृक्षारोपण की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग हेतु आवश्यक सूचना एवं अभिलेख समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराए जाएं, ताकि कार्यों की पारदर्शी समीक्षा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में गंगा एवं सहायक नदियों के संरक्षण, जल गुणवत्ता सुधार तथा हरित आवरण बढ़ाने के लिए विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। डीएम ने वन विभाग को नवीन कलेक्ट्रेट में वृक्षारोपण हेतु निर्देशित किया गया।। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, ड्रैनेज खंड, कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग,



पंचायती राज विभाग, परिवहन विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## 4 मार्च तक होगी कृषि यंत्रों की बुकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उप कृषि निदेशक शामली, प्रमोद कुमार द्वारा जनपद के किसानों को जानकारी दी गयी कि वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर कृषि ड्रोन एवं अन्य एकल कृषि यन्त्रों तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्डियू (सी.आर.एम) अन्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन के एकल कृषि यन्त्रों एवं विभागीय अन्य योजनाओं के कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपरकण इत्यादि पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग 25 फरवरी को पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारम्भ हो चुकी है, जो 04 मार्च को रात्रि 12:00 बजे तक (कट ऑफ डेट) तक की जायेगी। बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल **https%@@agridar-shan-up-gov-in** पर किसान कॉर्नर के अन्तर्गत यंत्र बुकिंग प्रारम्भ पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

यन्त्रों का विवरण यंत्र बुकिंग एवं अनुदान प्रक्रिया से सम्बंधित विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

आवेदक द्वारा एक मोबाइल नम्बर अथवा अपने परिवार के ब्लड रिलेशन सदस्य (माता, पिता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री एवं पुत्र वधु) से ही टोकन प्राप्त किया जा सकेगा। जिसमें रुपये 10001 (दस हजार एक) से रुपये 100000 (एक लाख) तक अनुदान के कृषि यन्त्रों हेतु जमानत धनराशि रु 2500/- होगी। रुपये 100000 (एक लाख) से अधिक अनुदान के कृषि यन्त्रों हेतु जमानत धनराशि रू 5000/- होगी।

उन्होंने कहा कि उपर्युक्त कृषि यन्त्रों के विभागीय पोर्टल पर विकास खण्डवार फीड लक्ष्यों के सापेक्ष कृषक स्वयं से सम्बन्धित विकास खण्ड में इच्छुक कृषि यन्त्रों/उपकरण की उक्त अवधि में ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं।

# विद्युत चालित मशीनों का किया वितरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा, एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम तथा निःशुल्क विद्युत चालित चॉक एंव पगमिल, निःशुल्क पॉपकार्न मेंकिग मशीन, दोना मेकिंग मशीन का वितरण एंव प्रधान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन परिसर शामली में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0 सरकार चौ० वीरेन्द्र सिंह द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार में हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं कि लाभ मिल रहा है। अपने संबोधन में उन्होंने माटीकला की नई तकनीकी एंव प्लास्टिक को नियंत्रित करने के लिये मिट्टी से निर्मित बर्तनों का महत्व व माटीकला रोजगार बढाने के विषय पर जोर दिया। इस अवसर पर विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी शामली, संदीप अग्रवाल, डी.पी.आर.ओ. जुगल किशोर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी तथा समस्त स्टॉफ के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माटीकला से जुडे कारीगरों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जनगणना 2027 को मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जनगणना- 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों हेतु जनगणना निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से नामित अधिकारियों द्वारा जनगणना के प्रथम चरण-मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए चार्ज अधिकारियों एवं जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को दूसरे दिवस पर समस्त जिला जनगणना समन्वय समिति/ समस्त एसडीएम/समस्त डिप्टी कलेक्टर/समस्त चार्ज अधिकारी जनगणना (समस्त तहसीलदार) शामली को जनगणना निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से नामित शिव कुमार भारती व जनपद स्तर पर नामित मास्टर ट्रेनर के रूप में सचिन विकल, व रंजीत सिंह, द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया गया और सभी संबंधितों को उनके दायित्व समझाये गए। जिसमें बताया गया कि 07 मई से 21 मई 2026 तक स्व-गणना का कार्य किया जाएगा व मकान सूचीकरण व मकानों की गणना 22 मई से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), शामली, समस्त उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

**आवश्यक सूचना**

लोकप्रिय अख़बार दैनिक शाह टाइम्स कार्यालय शामली में कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी को वरीयता दी जाएगी।

**जिला प्रभारी सुनील वर्मा**
मो0 नं0 9897943340, 8630354443

**पता- शाह टाइम्स कार्यालय ओम प्लाजा मार्किट प्रथम तल निकट इलाहाबाद बैंक धीमानपुरा शामली।**

# भूरा गांव से 50 मीटर ऊंचा टेलीकॉम टावर चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र के गांव भूरा से एक टेलीकॉम कंपनी का 50 मीटर ऊंचा टावर चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। कंपनी प्रतिनिधि की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में बताया गया है कि जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (ळज्स् प्दतिंजतनबजनतम स्पउपजमक) का टावर गांव भूरा में मोहर सिंह के स्थान पर स्थापित था। टावर का आधिकारिक नाम "भूरागांव" तथा साइट आईडी न्ॅ/ळठज/ज्ञ/32012 बताई गई है। कंपनी के प्रतिनिधि काशिफ खान पुत्र अनवार अहमद निवासी मेरठ ने बताया कि एक दिसंबर 2025 को निरीक्षण के लिए साइट पर पहुंचने पर टावर, शेल्टर और अन्य उपकरण मौके से गायब मिले।

टावर की ऊंचाई करीब 50 मीटर और 180 किलोमीटर प्रति घंटे की क्षमता बताई गई है। घटना की सूचना तत्काल कंपनी अधिकारियों को दी गई। इसके बाद थाना कैराना में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कांस्टेबल ने फांसी लगाकर दी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** कस्बे में उस समय सनसनी फैल गई जब थाना बिहारीगढ़ में तैनात एक कांस्टेबल ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार सहारनपुर जनपद के बिहारीगढ़ थाने में कार्यरत कांस्टेबल कांशीराम यादव ने मंगलवार सुबह करीब 9 बजे अपने सरकारी आवास पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वह नगला जयकिशन, थाना सिकंद. रपुर वैश्य के निवासी बताए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने बताया कि कांस्टेबल कांशीराम कस्बा बिहारीगढ़ में लैपर्ड ड्यूटी पर तैनात थे। सोमवार रात ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह अपने सरकारी आवास पर चले गए थे। बृहस्पतिवार को थानाध्यक्ष सत्यापन कार्य से बाहर गए हुए थे। दोपहर करीब 3 बजे लौटने पर जब उन्होंने लैपर्ड वाहन को थाने में खड़ा देखा तो कांस्टेबल कांशीराम को बुलाने के लिए कहा गया। जब उनके सरकारी आवास का दरवाजा अंदर से बंद मिला तो अनहोनी की आशंका हुई।

दरवाजा खुलवाने पर कांस्टेबल कांशीराम यादव का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही एसपी सिटी व्योम बिन्दल एवं सीओ एनएस वैभव पांडेय मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भिजवा दिया है। परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

गांव कातला खुर्द निवासी महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति घर से बाहर रह कर काश्तकार के पास खेती का काम करता है। उसके घर में सीढ़ी बनाने के लिए मिस्त्री काम कर रहे हैं। महिला ने अपने अपने पड़ोस निवासी विपक्षियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी शाहिद पुत्र आफताब निवासी ग्राम कातला खुर्द सीढ़ी बनाने को लेकर कहासुनी करने लगा। आरोप है कि दोनों के बीच कहासुनी होते समय वहां पर गुलनवाज व अब्दुल्ला भी पहुंच गये और तीनों मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट करने लगे, यदि बीच बचाव को पीड़िता की बेटी आयी तो विपक्षियों ने उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

# ध्वस्त किया 80 दुकानों का अतिक्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज बाजार मोरगंज में नाला सफाई अभियान में बाधक बन रहा करीब 80 दुकानों का अतिक्रमण जेसीबी व पोकलेन की मदद से ध्वस्त कर दिया। व्यापारियों ने जिलाधिकारी के साथ एक बैठक में बाजार मोरग. ंज में नालों की सफाई न होने का मामला उठाया था।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह के नेत्त्व में नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता आज जब जेसीबी, पोकलेन और चार ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ बाजार मोरगंज पहुंचा तो दुक. ानदारों में खलबली मच गयी। नाला सफाई में भगतसिंह चौक से दालमण्डी चौक तक जिन 80 दुकानों के बाहर बने थले व सीढ़ियां बाधा बन रहे थे, उन्हें पोकलेन व जेसीबी से ध्वस्त कर नाला सफाई अभियान का रास्ता साफ किया गया।

प्रवर्तन दल प्रभारी ने बताया कि गत दिनों जिलाधिकारी के साथ व्यापार बंधु की एक बैठक में बाजार मोरगंज के नालों की सफाई न होने का मुद्दा उठाया गया था। उसी के संदर्भ में आज निगम द्वारा यह कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के संदर्भ में कल शाम ही बाजार में एनाउंस भी करा दिया गया था। ध्वस्त किये गए थलों का मलवा साथ के साथ ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर मौके से उठवाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, हरिप्रकाश कसाना सहित प्रवर्तन दल की पूरी टीम तथा सफाई निरीक्षक सुधाकर आदि शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मंगलवार रात रजा. पुर निवासी पशु व्यापारी परवेज से 5 लाख 8 हजार रुपये की लूट की वारदात में शामिल दो बदमाशों को बुधवार रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर चार जिंदा और दो खोखा कारतूस लूटी गई 2 लाख 80 हजार रुपये की नगदी तथा घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है।घटना के अनुसार, पुलिस टीम गंगाली मोड़ पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। सूचना मिली कि लूट में शामिल बदमाश उसी दिशा से आ रहे हैं। तभी बाइक पर सवार दो व्यक्ति दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन वे मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश शुभम पुत्र धन प्रकाश निवासी ग्राम लडवा थाना कोतवाली देहात के पैर में गोली लगी। उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पास से एक तमंचा, कारतूस और 1 लाख 50 हजार रुपये बरामद हुए दूसरा बदमाश अंकित पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम चिम्माबास, थाना बेहट खेतों में छिपने की को. शिश में पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, 1 लाख 30 हजार रुपये और लूट वाली मोटरसाइकिल मिली।

## बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से बनाए गए मॉडल किए प्रस्तुत

**देवबन्द।** केएल जनता इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से विज्ञान, कृषि, गृह विज्ञान आदि से संबंधित बनाए गए मॉडल प्रस्तुत किए। केएल जनता इंटर कालेज परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रबंध समिति अध्यक्ष सेठ कुलदीप कुमार, प्रबंधक दीपक राज सिंघल, उपप्रबंधक देवी दयाल गर्ग, प्रधानाचार्य राजकुमार, सरवन कुमार सिंघल, उद्यमी विजेश कंसल, विजय गिरधर व जरार बैग ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने राखियां, ठाकुर जी के कपड़े, घरेलू सजावट के समान आदि मॉडल प्रदर्शित किए। प्रबंधक दीपक राज सिंगल, विकास पुंडीर, मनीष त्यागी, रविंद्र चौधरी, मीनू सिंगल, अमित तायल, राजन छाबड़ा, शिवम सिंघल आदि आदि छात्र-छात्राओं सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

## नवीन शिक्षण सत्र की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया हुई प्रारंभ

**देवबन्द।** विश्व प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद में नवीन शिक्षण सत्र की प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्था में प्रवेश के इच्छुक छात्र 11 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। दारुल उलूम में प्रवेश परीक्षा को लेकर दारुल उलूम ने बुधवार को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए।छात्र संस्था की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। 11 मार्च के बाद आने वाले फार्मों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा को आने वाले छात्र अपना एडमिट कार्ड भी संस्था की वेबसाइट से डाउनलोड करें। संस्था ने यह भी सख्त निर्देश दिए कि किसी भी छात्र को परीक्षा कक्ष में मोबाइल या किसी अन्य प्रकार का इलैक्ट्रानिक उपकरण लाने की इजाजत नहीं होगी।

# बांट माप टीम ने की चीनी मिल के तौल कांटों की जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गन्ना तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन के निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश के गन्ना क्रय केंद्रों की सघन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में बांट माप विभाग की टीम त्रिवेणी शुगर मिल पहुंची और तौल कांटों का निरीक्षण कर मानकों को परखा। खांडसारी निरीक्षक रमेश शर्मा, बांट माप विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक विकास सिंह व गन्ना समिति सचिव इंद्रमणि पांडेय के साथ टीम त्रिवेणी चीनी मिल पहुंची और मिल गेट पर संचालित समस्त कांटों की जांच शुरू की। इस दौरान मोबाइल टेस्टिंग वैन से सभी कांटों का गहनता से परीक्षण किया गया।

जिसमें सभी कांटे सही तौल करते पाए गए। खंडसारी अधिकारी रमेश शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में चेकिंग अभियान जारी है। त्रिवेणी चीनी मिल में चेकिंग के दौरान सभी कांटें और समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई है। इस मौके पर चीनी के अधिकारी और मिल गेट पर गन्ना तौल कराने आए किसान भी शामिल रहे।

## 200 बच्चों का डेंटल परीक्षण

**गंगोह।** इनर व्हील क्लब द्वारा जी डी एकेडमी जूनियर हाईस्कूल में नि:शुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डाक्टर ने 200 बच्चों का चेकअप किया। कैंप में डॉ. श्वेता जैन द्वारा सभी बच्चों के दांतों की जांच की गई व उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। 100 छात्र छात्राओं को टूथपेस्ट और टूथब्रश वितरित किए गए। ताकि वे नियमित रूप से दंत स्वच्छता का ध्यान रख सकें।क्लब की रीना गर्ग द्वारा विद्यालय के प्रबंधक राजेश सैनी, अनीता सैनी व उनके समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक निर्मल जैन ने बच्चों को दांतों को स्वस्थ रखने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए तथा नियमित ब्रश करने, मीठे पदार्थों से परहेज करने और दंत चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी।

# एडीएमई का ब्लाक में निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एडीएम-ई संतोष बहादुर सिंह ने गुरुवार को विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा की तथा संबंधित रजिस्टरों एवं पत्रावलियों के रख-रखाव का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय की समग्र व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण और विभागीय कार्यों की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी योगेंद्र चौधरी,अमित कुमार (खाद सुरक्षा अधिकारी), एडीओ ओमवीर सिंह,एडीओ प्रमोद कुमार,एडीओ अशवनी त्यागी, प्रवीन कुमार, प्रवीन शर्मा, अंकुर कपिल, अभिषेक डोभाल, संजय सैनी मौजूद रहे।

# सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव परिवर्तनष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसेवा आयोग उत्तराखंड के चेयरमैन प्रहलाद चौधरी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नरेश नौसरान, संस्था के चेयरमैन चौधरी शेरसिंह ,प्रधानाचार्य मनोज अवस्थी, डायरेक्टर कोणार्क चौधरी द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नरेश नौसरान ने कहा कि क्षेत्र वासियों के लिए यह गौरव की बात है उनको इतनी अच्छी संस्था मिली जिसमे महानगरों की तरह शैक्षिक वातावरण है।

संस्था के चेयरमैन चौधरी शेरसिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो का सर्वांगीण शैक्षिक, बौद्धिक विकास हो और समय के साथ साथ परिवर्तन करना है।

कक्षा नौ के छात्र छात्राओं द्वारा प्लास्टिक से मानव व जीव जंतुओ में होने वाले दुष्प्रभाव पर प्रोग्राम करते हुए सभी से प्लास्टिक व कचरे को खुले में न डालने की शपथ दिलाई। नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा माता पिता के द्वारा बच्चों के प्रति किए समर्पण को उकेरा गया और पेड़ तथा जल बचाने के साथ ही बच्चों द्वारा माता पिता का सम्मान करने और वृद्धावस्था में उनकी अधिक देखभाल करने तथा उन्हें वृद्धाश्रम में न भेजने की प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया। भारत देश की विभिन्न राज्यों की भाषाई संस्कृति और पहचान से अवगत कराते हुए देश की एकता, अखंडता व भाईचारे से अवगत कराया और देशभक्ति के संगम से देशप्रेम की भावना भरी।

इस अवसर पर राजबीर चौधरी, राजसिंह यादव, चौधरी कर्णसिंह, राजेश सिंह, अमर त्यागी, डॉ. अनुज चौधरी, स्कूल की डिप्टी डायरेक्टर सोफिया चौधरी, डॉ. आकांक्षा चौधरी, कॉर्डिनेटर अर्पिता विजन, राजेश कुमार, केशव अग्रवाल, किरण, स्वाति, पूनम, रजनी, वैशाली, सुनीता, बंदना, निधि, शगुन, हेमा, पारुल, मीनाक्षी, गरिमा, उर्वशी, शिवानी, सोनिया, शिवांशु, अजय, सौरभ, अभिषेक, दलजीत, प्रदीप, रो. हित, पूजा, सहित समस्त स्टाफ और अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## छात्राओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत करने के उद्देश्य से थाना फतेहपुर पुलिस ने आज एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान एंटी रोमियो स्क्वायड और मिशन शक्ति टीम द्वारा संचालित किया गया, जिसमें साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर और पीआरडी सुषमा ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण किया। टीम ने एएचपी स्कूल छुट्टी के समय सीएचसी फतेहपुर कलसिया तिराहा, देहरादून-छुटमलपुर रोड रुड़की रोड तिराहा झंडा तिराहा इंडियन ओवरसीज बैंक, केनरा बैंक, छुटमलपुर सब्जी मंडी और सर्राफा बाजार जैसे व्यस्त इलाकों में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद किया। महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर**

**रिक्त दुकानो की नीलामी सम्बन्धी सूचना**

पत्रांक: कृ.उ.म.स./दु.आ./2026-138 दिनांक 25-02-2026

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के नवीन मण्डी स्थल, सहारनपुर के बाहर की ओर 62 फुटा रोड पर सुपर मार्केट (कृषक बाजार) की 20 नग दुकानो को आवेदको के मध्यम खुली नीलामी पद्धति के द्वारा दिनांक 18.03.2026 की दोपहर 12:00 बजे मण्डी समिति, सहारनपुर के सभागार में निर्धारित नियमो / शर्तों पर दुकानें आवंटित करने की कार्यवाही की जायेगी। 20 नग दुकानो मे अनुसूचित जाति हेतु दुकान संख्या/ क्रमांक 141, 145, 149, 153 व 159, अनुसूचित जन जाति हेतु दुकान संख्या / क्रमांक 147, अन्य पिछडा वर्ग हेतु क्रमांक 143, 151, 155 व 157, अनारक्षित वर्ग क्रमांक 142, 144, 146, 148, 152, 154, 156, 158 एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु दुकान संख्या 150 व 160 आरक्षित है। दुकानों के आवंटन हेतु प्रथम बोली निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम 21.04,000/- (रूपया इक्कीस लाख चार हजार) से प्रारम्भ की जायेगी। आवेदन पत्र के साथ कृषक बाजार की दुकान हेतु पंजीकरण शुल्क की धनराशि 2,10,000.00 (रूपया दो लाख दस हजार) मात्र का बैक ड्राफ्ट/पे-ऑर्डर जो ए.पी.एम.सी. सहारनपुर के पक्ष मे एवं सहारनपुर पर देय हो, संलग्न कर 16.03.2026 की सांय 04:00 बजे तक कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर के कार्यालय मे जमा करना होगा। आवेदन पत्र मण्डी समिति, सहारनपुर के कार्यालय मे दिनांक 16.03.2026 की प्रात: 12.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक 16.03.2026 की सांय 04:00 बजे के पश्चात् कोई आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। आरक्षित वर्ग के आवेदको को जाति प्रमाण-पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदको को आलोच्य अवधि का ई.डब्लू.एस. प्रमाण-पत्र तथा समस्त आवेदको को आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की स्व: प्रमाणित प्रति अपने आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी।

समस्त नियमों/शर्तों को किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा/पढ़ा जा सकता है तथा अन्य जानकारी समिति कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। दुकानों का आवंटन स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार दुकान आवंटन समिति के अध्यक्ष में निहित होगा।

**सचिव** **नगर मजिस्ट्रेट/सभापति**

**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सहारनपुर**

# आईआईएमटी में अंतरराष्ट्रीय वेबिनार सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेबीनार ने शोध, नवाचार एवं अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रभावशाली रूप से व्यक्त किया गया।

वेबीनार में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद् डॉ. प्रदीप कुमार साहू, सीनियर लेक्चरर, यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंडीज ने मुख्य वक्ता के रूप में अनुसंधान की संपूर्ण प्रक्रिया पर अत्यंत सारगर्भित एवं विश्लेषणात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विषय चयन की वैज्ञानिक दृष्टि, शोध पद्धति की गहनता, डेटा विश्लेषण की विश्वसनीयता तथा शोध प्रकाशन की रणनीतियों को स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों को अनुसंधान के गुणात्मक मानकों की सुदृढ़ समझ प्रदान की। विशिष्ट वक्ता टाटा ग्रुप के रिटायर्ड सी इ ओ गुरपाल सिंह रतन ने अपने समृद्ध अनुभवों के माध्यम से अनुसंधान, नवाचार एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के अंर्तसंबधों पर प्रकाश डाला। वेबीनार की वक्ता श्रीमती हरमिंदर सेठी ने प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए अनुसंधान की व्यावहारिक चुनौतियों, नैतिक आयामों एवं अकाद. मिक उत्तरदायित्व पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। संस्था की निद. ेशक डॉ. अंजू वालिया ने कहा कि उच्च शिक्षा में अनुसंधान केवल अकादमिक अनिवार्यता नहीं, बल्कि बौद्धिक विकास, नवाचार और सामाजिक प्रगति का आधार है। अनुसंधान की गुणवत्ता, मौलिकता एवं नैतिकता ही वास्तविक अकादमिक उत्कृष्टता की पहचान है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा त्यागी एवं श्रुति धीमान ने किया। कार्यक्रम समन्वयक अश्विनी कुमार रहे।

## पुण्यतिथि पर कराया हवन यज्ञ

**तीतरों।** भाजपा नेता चौधरी कुलबीर सिंह की पहली पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में चौधरी कंवर सिंह, मेजपाल सिंह, गजेंद्र चौधरी, कर्मवीर सिंह, पूर्व सभासद धर्मवीर चौधरी, सुरेश कुमार, रकम सिंह आदि सहित अनेक समर्थकों ने आहुति डाली। इस दौरान भाजपा नेता चौधरी देवराज सिंह ने कहा कि कुलबीर सिंह ने क्षेत्र में कई बड़े आंदोलन में बढ़-कर कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपने जीवन में साफ सुथरी राजनीति की। जहां लोग कपड़ों की तरह पार्टी को बदलते है वही वह आजीवन एक ही पार्टी के सदस्य रहे। हवन यज्ञ को मेघराज सैनी ने संपन्न कराया।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल -प्रथम, सहारनपुर**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

निविदा सं. एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 59/डब्लू/2025-26- विद्युत वितरण खण्ड-देवबन्द द्वितीय के कार्यक्षेत्र में आंधी तुफान में क्षतिग्रस्त हुई लाईनो का पुर्ननिर्माण / मरम्तीकरण का कार्य। निविदा मूल्य रु. 1180.00 धरोहर राशि रू. 2800.00
2. 60/डब्लू/2025-26- विद्युत वितरण खण्ड-देवबन्द के अन्तर्गत 132 के.वी. उपकेन्द्र सांपला रोड से निर्गत 33 के.वी. राजजुपुर लाईन के मेन्टीनेन्स / मरम्मतीकरण का कार्य निविदा मूल्य रू. 1180.00 धरोहर राशि रू. 2000.00

अंतिम तिथि: 16.03.2026 समय 12:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# रंगोली बनाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश



**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहा तीन दिवसीय रोवर रेंजर शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने घरेलू हिंसा, स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण आदि विषयों पर भी रंगोली सजाई। समापन अवसर पर विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं की टोलियों को पुरस्कृत किया गया। गुलाब सिंह टोली ने प्रथम, गुड़हल टोली ने द्वितीय और गेंदा टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोवर में शेर टोली ने बाजी मारी। प्राचार्य डा. गौरव बालियान ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से अनुशासन, टीम भावना एवं विपरीत परिस्थितियों में काम करने की आदत विकसित होती हैं। प्रशिक्षक राजपाल सिंह पुंडीर सरकार द्वारा रोवर रेंजर्स के लिए चलाए जा रहे अभियानों के बारे में बताया। डा. विनीत कुमार, डा. आरिफ, डा. कुसुमलता, लोकेश शर्मा, प्रमोद कुमार, आदि शामिल रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम NAIMA से बदल कर NAIMA ANSARI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

NAIMA ANSARI W/O
NAFEES AHMAD MOH
RAVIDAS MARG NEW
BASTI KOHLA POST.
DEOBANDSAHARANPUR

**सूचना**

मैंने अपना नाम PRINCE से बदल कर PRINCE PUNDIR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

PRINCE PUNDIR S/O
PAWAN SINGH
V.P.O. BHAILA KALAN
DEOBAND SAHARANPUR

# एनएसएस का महत्व बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था महाराज सिंह डिग्री कॉलेज सहारनपुर की एनएसएस इकाई प्रथम द्वितीय एवं तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर में तृतीय दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट आशु वालिया, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सचिन कुमार, डॉक्टर अभिमन्यु कुमार, डॉक्टर निधि यादव ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं एनएसएस गीत का गायन कर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट आशु वालिया ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जीवन में होने वाले लाभों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया और सभी से समाज के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सचिन कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा राष्ट्रभर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अभिमन्यू कुमार ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर निधि यादव ने सभी को राष्ट्रीय सेवा योजना के इस कैंप से जीवन में काम आने वाले विचारों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व महाविद्यालय की छात्राओं सभ्यता खंडवाल, संजना, अलीशा, दीपाली नृत्य प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

अफसा, सोनी, हबीबा ने गात गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर जाफर, आदित्य, गोरक्ष, विशाल, गोविंद निखिल, शानू,खुशी, लक्षिता, वंशिका आस मोहम्मद, श्लोक आदि ने भी प्रस्तुतियां दी।

# खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महाराज सिंह कालेज के संस्थापक सप्ताह के अंर्तगत तीसरे दिन खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आज प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार ने किया। जिसके बाद आयोजित पुरूष वर्ग की दौड प्रतियोगिता 100 मी में हुसैन ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय, , 200 मीटर में हुसैन ने प्रथम, श्वान ने द्वितीय, हर्ष ने तृतीय, 400 मीटर में हर्ष ने प्रथम, सावन कुमार ने द्वितीय, रोहन ने तृतीय, 800 मीटर में अरूण ने प्रथम, शिवाक्ष ने द्वितीय, शगुन ने तृतीय, 1500 मीटर में अंकित ने प्रथम, प्रिंस ने द्वितीय, 5000 में अंकित ने प्रथम, रोहन ने द्वितीय, ऊंची कूद में आदित्य ने प्रथम, गौरव ने द्वितीय, ललित ने तृतीय, लंबी कूद में हुसैन ने प्रथम, हर्ष ने द्वितीय, डिस्कस थ्रो में हर्ष ने प्रथम, आयुष ने द्वितीय, शॉट पुट में प्रीत ने प्रथम, आयुष ने द्वितीय, हर्ष ने तृतीय, जैवलिन थ्रो में प्रीत ने प्रथम, श्वान ने द्वितीय, अर्जित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग की 100 मीटर दौड में शिवाक्षी ने प्रथम, रोहिनी ने द्वितीय, अंशिका ने तृतीय, 200 मीटर में शिवाक्षी ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय, रोहिनी ने तृतीय, 400 मीटर में शिवाक्षी ने प्रथम, प्रिंयका ने द्वितीय, पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट एथलीट का सम्मान हुसैन व शिवाक्षी को दिया गया।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक का प्रेजेंटेशन आशुतोष कुमार श्रीवास्तव जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया गया। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन विभागीय कार्यक्रमों में प्रगति खराब पाई गई उसमें सुधार करने के कड़े निर्देश संबंधित को दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुड़ाना के इंचार्ज डॉ० सलीम को उनकी कार्य प्रणाली ठीक ना होने को लेकर उनको तत्काल हटाने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जितनी भी मैटरनल डेथ हुई है उसकी हकीकत को जानने के लिए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को कारण सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान ब्लॉक कैराना व थानाभवन में लॉजिस्टिक कम होने पर संबंधित एएनएम को नोटिस के निर्देश दिए साथ ही ब्लॉक कांधला की डयू लिस्ट लिस्ट व सुपरविजन न होने पर सुधार के कड़े निर्देश दिए। बैठक में रूपेंद्र कुमार ऑप्टोमेट्रिस्ट की शिकायत की जांच करने के संबंध में डिप्टी कलेक्टर विनय प्रताप सिंह भदौरिया, पीड़ी डीआरडीए प्रेम चन्द व डॉ रामबीर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसाला को निर्देशित किया गया। बैठक में समीक्षा करते हुए आयुष्मान की ऑपरेटर आईडी को एक्टिव रखने के लिए इसमें जो शेष बचे हुए आयुष्मान लाभार्थी के कार्ड बनाए जाने हैं जिसको लेकर डीएसओ, डीपीआरओ, पीड़ी डीआरडीए, एवं समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को आपेक्षिक सहयोग के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान 100 दिवसीय टीबी अभियान में ज्यादा से ज्यादा पोषण पोटली वितरण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान एसीएमओ और एनएचएम को निर्देशित किया गया कि आरबीएसके कार्यक्रम में बच्चों का फालोअप करे साथ ही उसकी रिपोर्ट से भी अवगत कराया जाए। निर्देशित किया गया कि टीकाकरण सत्र के दिन एएनएम को अवकाश न दिया जाए। समीक्षा के दौरान समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को एचआरपी का समय से फालोअप करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिला अस्पताल पर आईपीएच लैब को हैंडोवर करने के निर्देश यूपीपीसीएल कार्यालय संस्था को दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहूजा, एएसीएमओ डॉ अश्वनी शर्मा, डॉ अतुल बंसल, डॉ विनोद कुमार, डॉ करन चौधरी डीआईओ,डीपीओ आईसीडीएसए, समस्त चिकित्सा अधीक्षक आदि सभी संबंधित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।



## नाला चॉक होने से दुकानों में भरा गंदा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के विजय चौक पर नाला चॉक होने से दुक. ानदारों की दुकानों में पानी भर गया। दिनभर दुकानों में पानी भरने से जहां दिनभर दुकानदारी प्रभावित हुई वहीं सामान भीगने से हजारों रूपये का नुकसान भी हुआ है। दुकानदारों ने नगर पालिका से नालों की नियमित साफ सफाई कराने की मांग की। विजय चौक स्थित नाले की नगर पालिका द्वारा पिछले एक महीने से साफ सफाई नही कराई गई। जिस कारण नाला गंदगी और कूडे के ढेर से पूरी तरह से अट गया है। नाले का गंदा पानी सडकों से होते हुए दुकानदारों की दुकानों में भर गया। जिससे हेयर सेलून, इंवर्टर बैटरा अन्य दुकानों में गंदा पानी भरने से आने जाने का रास्ता तक बंद हो गया। दुकानों में पानी भरने से आक्रोशित दुक. ानदारों ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और अपना विरोध दर्ज कराया। दुकानदारों का कहना था कि पिछले एक महीन से नाले की साफ सफाई नही हुई है। दिनभर गंदा पानी दुकानों में भरने से व्यापार प्रभावित है और सामान भीगने से हजारों रूपये का नुकसान भी हुआ है। उन्होने नगर पालिका से नियमित साफ सफाई कराने की मांग की। इस अवसर पर पवन कुमार, दिनेश कुमार, वसीम अहमद, प्रमोद कुमार मित्तल आदि मौजूद रहे।

## पानी निकासी को लेकर हुआ विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आलकला में पानी निकासी के विवाद ने उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोसी ने फावड़े से वार कर छह वर्षीय बालक को घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला आल. कला निवासी मुशारिक पुत्र मीरहरान ने थाने में दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी बबलू पुत्र दिल्लू ने अपने मकान के बाहर मिट्टी डालकर पानी की निक. ासी रोक रखी है। इसे लेकर पहले भी कहासुनी हो चुकी है। आरोप है कि गत बुधवार की शाम करीब 4:45 बजे जब वह रास्ते में भरे पानी को निकाल रहा था, तभी बबलू फावड़ा लेकर तथा उसकी पत्नी रूहअफजा और भाई लाठी लेकर वहां पहुंच गए। पीड़ित का आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए आरोपी उसके पीछे दौड़े। वह जान बचाकर घर में घुस गया। इसी दौरान बबलू ने फावड़े से उसके छह वर्षीय पुत्र नाहिब के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की वीडियो भी उनके पास मौजूद है। पुलिस ने बालक का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि मामले में पीड़ित की तहरीर पर नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ग्रामीण क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से प्रेरित होकर इन महिलाओं ने अपने-अपने समूहों से ऋण प्राप्त कर ई-रिक्शा खरीदी और अब अपने-अपने गांवों में ड्रेस पहनकर सवारी आदि सामान ढोने का कार्य कर करेंगे गांव उस्मानपुर से तुलसी सहायता समूह की गीता गुराना से नेहा सहायता समूह की सोनी गांव मंटी हसनपुर अटल सहायता समूह की मीनू जाफरपुर से तुलसी सहायता समूह की मीनाक्षी गांव मानकपुर बंसी वाला सहायता समूह से सुमन गांव यारपुर से अंबेडकर सहायता समूह की मंजू गांव हरड फतेहपुर राम सहायता समूह से नीलम सहित आदि महिलाओं ने ई-रिक्शा खरीद कर क्षेत्र में महिलाओं के द्वारा वाहन चला कर एक नया रोजगार सृजन किया है समूह की महिलाओं ने बताया कि ई-रिक्शा संचालन से उन्हें न केवल रोजगार मिला है, बल्कि वे नगद कमाई कर अपने परिवार का पालन-पोषण भी




सम्मानपूर्वक कर पाएंगे इससे उन्हें गांव में एक नई पहचान और आत्मविश्वास प्राप्त होगा स्वयं सहायता समूह के सहयोगी रविंद्र चौधरी, अनुराग और आकाश ने महिलाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने महिलाओं को योजनाओं की जानक. ारी, ऋण प्रक्रिया और रोजगार शुरू करने में सहयोग करते हुए पहले कदम के लिए प्रेरित किया। महिलाओं का कहना है कि पहले वे पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते आर्थिक रूप से दूसरों पर निर्भर थीं, लेकिन अब वे अपनी मेहनत से रोजाना आमदनी करेंगी यह पहल ग्रामीण क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी गांवों में आने-जाने और सवारी उपलब्ध होने से आम लोगों को भी काफी सुविधा मिलेगी वही ग्रामीण क्षेत्र से शहर में स्कूल बाजार दुख दर्द में आने-जाने के लिए हो रही परेशानी से निजात मिलेगी महिलाओं द्वारा उठाया गया यह कदम ग्रामीण क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का मजबूत उदाहरण बनेगा।

# कचहरी में महिला अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील परिसर स्थित कचहरी में गुरुवार दोपहर महिला अधिवक्ता के चेंबर में कुछ लोगों द्वारा घुसकर हंगामा और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। अधिवक्ता ने थाना कैराना में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता रीतू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह कचहरी में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। गुरुवार को दोपहर करीब 2:30 बजे ग्राम खेड़ी बैरागी, थाना बाबरी निवासी आकांक्षा पुत्री रोहताश उनके चेंबर में प्रार्थना पत्र लिखवाने आई थी। आरोप है कि इसी दौरान परमजीत उर्फ आकाश, मौसम, विमला और मंजीत पुत्रगण रोहताश निवासी उक्त गांव जबरन चेंबर में घुस आए। पीड़िता के अनुसार आरो. पियों ने अभद्रता करते हुए चेंबर में तोड़फोड़ की और हंगामा किया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के अधिवक्ता और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। अधिवक्ता का आरोप है कि आरोपी उनकी क्लाइंट आकांक्षा को चाकू की नोक पर जबरन अपने साथ ले गए। घटना की सूचना पर कचहरी परिसर में तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। बाद में अधिवक्ता ने थाना कैराना पहुंचकर शिकायती पत्र दिया और सुरक्षा के साथ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





## गोवंश के शव मिले

**नजीबाबाद।** सरवनपुर नहर में गौवंशीय पशुओं के शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पशु चिकित्सक को बुलाया गया। नजीबा. बाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को सरवनपुर नहर और उसके आसपास गौवंश के शव व अवशेष मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जांच के दौरान इसकी पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि गौवंश की मौत के बाद उनके शवों को यहां फेंका गया था।

# खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम-खम

**पश्चिमांचल दर्शन संवाददाता**

**सहारनपुर।** देव भूमि संस्थान, सहारनपुर परिसर में दो दिवसीय एचपी बंसल स्मारक वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के बीटेक, एमबीए, एमबीएआईटी, पॉलिटेक्निक, बीबीए, बीसीए, बीकॉम व फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और बास्केटबॉल जैसे आधुनिक खेलों के साथ-साथ भारत के पारंपरिक खेलोंकृरस्साकशी, पंजा कुश्ती, खो-खो और कबड्डीकृको भी विशेष स्थान दिया गया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद तथा रिले दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन सर्व संजय जी बंसल एवं कर कमलों द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर तथा खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर किया गया। तिरंगे रंग के गुब्बारों से आसमान भी देशभक्ति के रंग में रंग गया। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत और देशभक्ति गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई गई।

संस्थान के निदेशक डॉ। दीपक राज ने स्वयं बास्केटबॉल कोर्ट पर छात्रों के साथ खेलकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रथम चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। द्वितीय चरण में ट्रैक एंड फील्ड की प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराई गईं। बैडमिंटन में 205 खिलाड़ियों ने भागीदारी की, जबकि शतरंज और कैरम सहित इंडोर गेम्स में



लगभग 165 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों का उत्साह देखने लायक था। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों का आनंद लिया। संस्थान प्रशासन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाता है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, और खेलकूद राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव ने संस्थान परिसर को उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से सराबोर कर दिया।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची काशीरामपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भागूवाला क्षेत्र के काशीरामपुर ग्राम में कैंसर के मामलों को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम का दौरा किया। हाल ही में एक महिला की कैंसर से मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों का माहौल है। आज सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) अरविंद कुमार विश्वकर्मा ग्राम पहुंचे, लेकिन उनके रवैये को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई।

ग्राम में पिछले कुछ समय से कैंसर के मामलों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही थीं। ग्रामीणों का कहना है कि कई लोग गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई उच्च स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था। हाल में एक महिला की मौत के बाद यह मुद्दा और ज्यादा गरमा गया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्राम पहुंची। दौरे के दौरान एसीएमओ अरविंद कुमार विश्वकर्मा के साथ लेखपाल अजब सिंह और ग्राम सचिव महेश कुमार भी मौजूद रहे। टीम ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बीमारी के संभावित कारणों पर चर्चा करते हुए ग्राम के तालाब की खराब स्थिति की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया। ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल और ग्राम सचिव ने तालाब के किनारे जमा कूड़े को हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अगले दिन तक सफाई करने का समय दिया और चेतावनी दी कि यदि कूड़ा नहीं हटाया गया, तो जेसीबी मशीन लगाकर सफाई कराई जाएगी। अधिकारियों ने साफ-सफाई को बीमारी की रोकथाम के लिए जरूरी बताया। उच्च अधिकारियों के दौरे और उनके रवैये को लेकर कई ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। आलम राठी, संसार राठी, होशियार सिंह, धनीराम सिंह, संजीव कुमार, शौकीन सिंह, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, चंद्रशेखर और प्रीतम सिंह सहित अन्य लोगों ने कहा कि गांव में कैंसर जैसे गंभीर मुद्दे पर ठोस जांच और स्वास्थ्य शिविर की जरूरत है। ग्रामीणों ने मांग की कि ग्राम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाए और पानी व पर्यावरण की जांच कराई जाए।

## एक नजर

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप, पड़ोसी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पड़ोसी युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ डरा धमका कर मारपीट करते हुए दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

गुरूवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री घेर में पशुओं की देखरेख करने के लिए गई हुई थी। आरोप है कि वापस आते समय पड़ोसी युवक ने उसकी पुत्री को बहाने से अपने घर में बुलाया और किशोरी के मुंह पर थप्पड़ जड़ते हुए उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। और उसकी पुत्री को डराया धमकाया कि अगर किसी को जानकारी दी तो जान से मार दूंगा। पीड़िता की मां ने बताया कि वह गांव के एक इंटर कॉलेज में दसवीं की छात्रा है और पढ़ाई कर रही है। पुलिस ने पीड़ित महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### आगामी चुनाव को किया जनसंपर्क अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज होती नजर आ रही हैं। इसी क्रम में लोकसभा प्रभारी साजिद अली ने ग्राम नाई नगला व ग्राम कुंडा कला सहित दर्जनों गांवों का व्यापक दौरा किया।

दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनके विचार जाने तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं विकास कार्यों को विस्तार से समझाते हुए आगामी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को समर्थन एवं वोट देने की अपील की।

साजिद अली ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी अलीशेर, तौफीक, आमिर चौहान, फैयाज चौहान, सुहैल चौहान, मुजम्मिल नेता, जिला पंचायत सदस्य हारून राणा, उमर तोमर, सत्तर राव, नौशाद राव, बाबू राणा, शहजाद, भूरा, मोहसिन, यामीन, जिंदा प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय समागम का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बुधवार को क्षेत्र के बेदखेड़ी में सतलोक आश्रम, शामली में संत शिरोमणि संत गरीबदास जी महाराज के पावन बोध दिवस पर तीन दिवसीय समागम का शुभारंभ भक्ति और उल्लास के वातावरण में हुआ। पहले दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा आश्रम परिसर आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:कालीन भजन-कीर्तन और नित्य नियम से हुई। तत्पश्चात आयोजित सत्संग में संत गरीबदास जी के जीवन प्रसंगों, उनकी वाणी और बोध दिवस की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि बाल्यकाल में उन्हें कबीर साहेब का साक्षात्कार हुआ, जिसके बाद उन्होंने सतभक्ति का संदेश समाज में फैलाया। बोध दिवस को आत्मिक जागरण का पर्व बताते हुए श्रद्धालुओं को सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

आश्रम में लगाई गई आध्यात्मिक प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में संत परंपरा, सतलोक दर्शन और सृष्टि रचना से जुड़े विषयों को चित्रों व मॉडलों के माध्यम से दर्शाया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर आध्यात्मिक जानकारी प्राप्त की।

समागम के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें देशी घी से बने मिष्ठान व सात्विक भोजन श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में वितरित किया गया। सेवादारों ने अनुशासन के साथ व्यवस्था संभाली। आयोज. कों के अनुसार यह समागम संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में 28 फरवरी तक चलेगा। श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर सत्संग का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### 14 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में 14 मार्च दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने समस्त पीठासीन अधिकारी, समस्त विभागाध्यक्ष, जनपद शामली को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अपने-अपने न्यायालयों/विभागों से सम्बन्धित अधिकाधिक उपयुक्त वादों च्मजजल वींमिबदम/शमनीय वाद, दीवानी वाद, 138 एन.आई. एक्ट, आर्बोट्रेशन मामलों तथा सभी प्रकार का चालानी वाद, राजस्व वाद व बैंक सम्बन्धी आदि वादों का चिन्हांकन कराकर उक्त वादों का 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को निर्देशित किया कि वे सभी अपने-अपने न्यायालयों/विभागों में लम्बित वादों यथा- वरासत सम्बन्धी/नामान्तरण आदि के वाद पर त्वरित कार्यवाही कर अधिक से अधिक वादों को नियत करते हुए समन/नोटिस भेजकर तामीला कराना सुनिश्चित करें तथा नियत समस्त वादों का निस्तारण करते हुए निस्तारण के उपरान्त समस्त निस्तारण वादों की प्रकृति के अनुसार विवरण पत्र इस कार्यालय की ई-मेल आई0डी0 तौंउसप64/हउंपस.बवउ पर 14 मार्च को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक प्रत्येक दशा में भिजवाना सुनिश्चित करें।

### विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड प्रांगण में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष के दौरान कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि उनके कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव के सभी ग्राम पंचायतों में समान रूप से विकास कार्य कराए गए हैं।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष में विकासखंड क्षेत्र में लगभग 2 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य पूर्ण कराए गए हैं। इन कार्यों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवनों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं।

बैठक के दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक विकास कार्यों की सूची ब्लॉक प्रमुख को सौंपी। प्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा नई योजनाओं को प्राथमिकता देने की मांग उठाई।ब्लॉक प्रमुख ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जैसे ही आगामी बजट जारी होगा, प्रस्तावित कार्यों को स्वीकृति देकर धरातल पर उतारा जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप गांवों का विकास कराना ही उनका उद्देश्य है। बैठक में ग्राम प्रधान संदीप पवार, पंकज मलिक, नौशाद अली, पंचायत सदस्य मनोज कुमार, भूरा, इसराइल मंसूरी सहित विकासखंड के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रियंका का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल में सत्र 2025-26 के कक्षा 9 वीं और 11वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यार्थियों को उनके माता-पिता/अभिभावकों की उपस्थिति में प्रियंका मॉडर्न स्कूल के जूनियर विंग में रिपोर्ट-कॉर्ड वितरित किये गये। इस वर्ष भी विगत वर्षों की भांति प्रियंका मॉडर्न स्कूल के कक्षा-9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने शानदार कीर्तिमान स्थापित कर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

इस वर्ष कक्षा-11 में पीसीएम ग्रुप में स्नेहा चौहान ने 95.6% अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी ग्रुप में सूर्या गहलौत ने 91.8% और वंशिका सैनी ने 90.3% अंक प्राप्त कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पीसीबी ग्रुप में जतिन चौहान 88.3% खुशी राजपूत 84.9% और वैष्णवी ने 81.4% अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स ग्रुप में जानवी अरोड़ा ने 92.3% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं स्वास्तिक अग्रवाल ने 91.6% और परी कपूर ने 91.4% अंक पाकर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा-9 में प्रणवी राठी ने 94.7% अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वंश चौहान 94.6% अंक के साथ दूसरे और अर्जुन अहलावत 93.4% अंक अर्जित कर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर व्यक्ति बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकता है। प्रधानाचार्य ने उपस्थित प्रबन्धन वर्ग, अभिभावकों और शिक्षकों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के मागदर्शन और सहयोग से हम निरन्तर सफलता की ओर बढ़ रहे हैं। उनके द्वारा आगामी एक सप्ताह के भीतर ही कक्षा-9 और 11 के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु विधिवत् कक्षाओं के संचालन की बात भी बताई गई।

खेल विशेष

## बाहरी दबाव और फिटनेस की दिक्कतें जिम्मेदार: दासुन

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से टीम के निराशाजनक रूप से सुपर आठ से बाहर होने के लिए बाहरी दबाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसका कोलंबो में न्यूजीलैंड से 61 रन से हार में बुरा असर पड़ा और फिटनेस का स्टैंडर्ड भी खराब रहा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, शनाका ने कहा कि टीम के आस-पास लगातार नेगेटिविटी खिलाड़ियों पर मेंटली असर डाल रही थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के तौर पर, हमारे लिए बाहर के शोर को कंट्रोल करना बहुत मुश्किल है। ज्यादातर समय, हम ज्यादातर नेगेटिव बातें सुनते हैं, इसलिए खिलाड़ी के तौर पर हम कितने भी पॉजिटिव क्यों न हों, बाहर से एक नेगेटिव माहौल बन ही जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल देश में क्रिकेट के भविष्य के लिए नुकसानदायक है और अधिकारियों से दखल देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि तो यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए नुकसानदायक है। हमारे पास सिर्फ यही गेम है, और मुझे नहीं लगता कि इसे बचाया जा सकता है। हम खेलेंगे और आगे बढ़ेंगे, लेकिन कम से कम आगे आने वाले खिलाड़ियों के लिए, अगर सरकार दखल देकर उन्हें रोक सके, तो मेरा मानना है कि यह बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए बहुत मददगार होगा। शनाका ने टीम के खराब परफॉर्मेंस के लिए फैंस से भी माफी मांगी, यह मानते हुए कि वे रिजल्ट देने में फेल रहे। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का बहुत दुख है। इंग्लैंड का मैच भी ऐसा था जिसे हम जीत सकते थे अगर हम थोड़ी समझदारी दिखाते। यह मैच एकतरफा था। दर्शकों के लिए, मेरे पास बताने के लिए कुछ नहीं है, हमने उन्हें कोई ऐसी जीत नहीं दी जिससे वे खुश हो सकें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कभी भी फेल होने का इरादा लेकर नहीं उतरते, लेकिन कभी-कभी रिजल्ट उनके हिंसाब से नहीं होते।

# भारत सेमीफाइनल से महज एक जीत दूर

### विश्वकप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया, सुपर आठ के आखिरी मैच वेस्टइंडीज को हराना होगा

**चेन्नई।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में पहली जीत हासिल की और सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी बरकरार रखी है। भारत को अगर टी-20 विश्व कप के अंतिम चार में पहुंचना है, तो उसे सुपर आठ के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज को हराना होगा।

अगर भारत अपना आखिरी मैच जीत जाए और दक्षिण अफ्रीका भी जिम्बाब्वे को हरा दे तो ग्रुप-1 से भारत और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे। भारत के लिए इस मैच में बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। वहीं, जिम्बाब्वे की टीम का सफर अब समाप्त हो गया। टीम इंडिया ने गुरुवार के दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया। इसी के साथ सुपर-8 ग्रुप-1 से साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच गई है। चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। हार्दिक पंड्या प्लेयर ऑफ द मैच रहे। भारतीय टीम



की ओर से अभिषेक शर्मा (55 रन) और हार्दिक पंड्या (नाबाद 50) फिफ्टी बनाई। वहीं, तिलक वर्मा ने नाबाद 44 रन बनाए। जिम्बाब्वे से रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, तिनोतेंदा मपोसा और सिकंदर रजा ने एक-एक विकेट लिए। 257 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे की शुरुआत धीमी रही। उसके बाद टीम ने मिडिल ओवर्स के फेज में नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए, लेकिन, ओपनर ब्रायन बेनेट ने एक छोर संभाले रहा। उन्होंने नाबाद 97 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। भारतीय टीम की ओर से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। उनके अलावा, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और शिवम दुबे को एक-एक विकेट मिला। ज्ञात रहे कि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराकर भारत के लिए राह आसान की थी।

अब बारी थी, भारतीय टीम की जिसके लिए जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच जीतना काफी जरूरी था। भारत ने इस मैच में बल्ले और गेंद दोनों से दमदार प्रदर्शन किया, जिससे सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम ने सेमीफाइनल की ओर एक कदम बढ़ा लिए। इससे पूर्व भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 8वें सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 257 रन का टारगेट दिया, टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बना डाले। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। हाईस्ट स्कोर 260 रन का है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। चेपाक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने अभिषेक शर्मा के 55, हार्दिक पंड्या के नाबाद 50 और तिलक वर्मा के नाबाद 44 रन के सहारे 256 रन का स्कोर बनाया। यह टीम इंडिया का टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर भी है। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जो कि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। डरबन में खेले गए उस मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे।

## जेके ने बनाए 584 रन प्रसिद्ध को मिले पांच विकेट

**हुबली, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन गुरुवार को कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर बनाया। आज यहां जम्मू-कश्मीर ने कल के छह विकेट पर 527 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी जम्मू-कश्मीर के स्कोर में 12 रन का इजाफा हुआ था कि प्रसिद्ध कृष्ण ने आबिद मुश्ताक (28) को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने 163वें ओवर में आकिब नबी (दो) का भी शिकार कर लिया। साहिल लूथरा ने कुछ समय तक संघर्ष दिखाया। अंतत: विजयकुमार वैशक ने 173वें ओवर में साहिल लूथरा को विद्याधर पाटिल के हाथों कैच आउट करा दिया। साहिल लूथरा ने 138 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 72 रन बनाए। अगले ही ओवर में देवदत्त पड्क्किल ने तेज



● **प्रसिद्ध कृष्णा ने आबिद मुश्ताक को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई**

बल्लेबाजी कर रहे यु(वीर सिंह चरक को रनआउट कर 584 के स्कोर जम्मू-कश्मीर की पारी का अंत कर दिया। यु(वीर सिंह चरक ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने पांच विकेट लिए। विद्याधर पाटिल, श्रेयस गोपाल, विजयकुमार वैशक और शिखर शेट्टी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## किदांबी श्रीकांत का शानदार प्रदर्शन अन्य भारतीय जल्द बाहर



● **श्रीकांत ने पोलैंड के मिकोलज को 21-12, 21-11 से हराया, उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन ई से होगा**

**मुल्हेन, वार्ता।** किदांबी श्रीकांत भारतीय दल के लिए अकेले उम्मीद बनकर उभरे, क्योंकि मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज समेत कई शटलर बुधवार को जर्मन ओपन 2026 के सिगल्स इवेंट में जल्दी बाहर हो गए।

पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 श्रीकांत ने मेंस सिगल्स के पहले राउंड में पोलैंड के मिकोलज शिमानोव्स्की पर 21-12, 21-11 से शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में आगे बढ़े। उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के चौथी सीड लिन चुन-ई से होगा। हालांकि, भारतीय शटलरों के लिए यह दिन निराशा. जनक रहा, खासकर महिला सिगल्स कैटेगरी में, जहां कई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन के बावजूद बाहर हो गईं। वर्ल्ड नंबर 40 तन्वी शर्मा, जो जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, ने पहले राउंड में मलेशिया की वोंग लिग चिग से तीन गेम के मुकाबले में 21-19, 17-21, 21-16 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी। वर्ल्ड में 52वें नंबर की मालविका बंसोड़ ने भी अपनी से ऊंची रैंक वाली अपोनेंट, यूनाइटेड स्टेट्स की बेइवेन झांग को तीन गेम तक खींचा, लेकिन 19-21, 21-9, 21-19 से हार गईं। रक्षिता श्री संतोष रामराज ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे से ज्यादा चले मैच में 18-21, 23-21, 16-21 के स्कोर के साथ हार गईं। तस्नीम मीर को चीन की टॉप सीड वांग जी ई से सीधे गेम में 21-9, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि इशारानी बरुआ को थाईलैंड की वर्ल्ड नंबर 8 पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-15, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने जीता एशिया कप

### एडीसीए टी-20 आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण में श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर समापन किया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** कटक के बाराबती स्टेडियम में आयोजित एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण का समापन हुआ, जिसमें भारत की बधिर क्रिकेट टीम ने श्रीलंका बधिर टीम को 6 विकेट से हराकर पहला एशिया कप खिताब अपने नाम किया। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे (जिलाधिकारी एवं कलेक्टर, कटक) और विशिष्ट अतिथि संजय राउल (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर) ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। यह श्रृंखला ओडीसीए और ओसीए के सहयोग से इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित की गई थी। टीम के कोच देव दत्त (मुख्य कोच), रविकांत भट्ट (सहायक कोच) की अगुवाई में भारत ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 4 विकेट से हराया, इसके बाद दूसरे मैच में नेपाल को 10 विकेट से पराजित किया। तीसरे मैच में श्रीलंका ने नेपाल को 6 विकेट से हराया। रिवर्स मुक. ाबलों में श्रीलंका ने नेपाल को 157 रन से हराया, जबकि भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की और नेपाल पर 9 विकेट की शानदार जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। जीत के बाद डीसीसीआई के महासचिव रवि कांत चौहान ने कहा कि पहले एडीसीए टी-20आई एशिया कप में भारत की बधिर टीम की जीत देश में दिव्यांग क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। यह जीत खिलाड़ियों के धैर्य, अनुशासन और अटूट प्रतिब(ता को दर्शाती है। ऐसे मील के पत्थर यह साबित करते हैं कि हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित पहचान और मंच देने के लिए संरचित अवसर और निरंतर समर्थन कितना आवश्यक है। एडीसीए के अध्यक्ष एवं डीसीसीआई के उपाध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि बाराबाती स्टेडियम में एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह एशिया भर के श्रवण बाधित खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा रहे सभी प्रतिभागियों को मैं बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी हम एशिया में ऐसे और अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का हम आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही कटक में इस सफल आयोजन के लिए ओडीसीए और ओसीए के सभी अधिकारियों का विशेष धन्यवाद। फाइनल मुकाबले में भारत के साई आकाश (14 गेंदों में 27 रन और 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। श्रीलंका के गिमाडु एल- मल्कम (196 रन) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। श्रीलंका के गिहान लसीदु (10 विकेट) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। श्रीलंका के ही गिमाडु (196 रन और 7 विकेट) को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

# सुजीत ने जीता 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में सोना



● **इस महीने की शुरुआत में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीतने के बाद दूसरा पदक जीता**

**अल्बानिया, वार्ता।** सुजीत कलकल ने मुहामेत मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत की। बुधवार को खेले गए मुकाबले में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर लगातार चार जीत दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

इस महीने की शुरुआत में 2026 अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीत दर्ज करने के बाद 2026 अंडर-23 रैंकिंग सीरीज में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमे. रिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराने के बाद फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से मात दी। तीन सप्ताह में अमेरिकी पहलवान पर सुजीत की यह दूसरी जीत थी। दोनों पहलवानों का सामना जाग्रेब ओपन के सेमीफाइनल में हुआ था। इससे पहले भी सुजीत ने इसी स्कोर से मुकाबला जीता था। 23 वर्षीय भारतीय पहलवान, जो अपने आयु वर्ग में एशियन चैंपियन भी हैं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत अल्बानिया के एंड्रियो अवडिली पर 16-4 जीत हासिल करने के साथ की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के निका जाकाशविली को 10-0 से हराया। यह सुजीत का अंडरवेट कैटेगरी में चौथा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने 2022 जुहैर सघायर और 2025 पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसी वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारत के मोहित कुमार क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ सके। अंकुश और आतिश तोडकर ने 57 किलोग्राम वर्ग में रेपेचेज के माध्यम से कांस्य पदक के मुकाबलों तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किया, लेकिन आखिर में अपने-अपने मैचों में हार का सामना करना पड़ा सुमित (57 किलोग्राम), राहुल (61 किलोग्राम), सिद्धार्थ (70 किला. ग्राम), परविंदर (74 किलोग्राम) और आर्यन (86 किलोग्राम) अपने-अपने भार वर्गों में पदक राउंड तक पहुंचने में असफल रहे।

# मियोमिर ने ज्वेरेव को चौंकाया



● **इस जीत के साथ ही मियोमिर केकमानोविच क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए**

**मेक्सिको, वार्ता।** मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौंका दिया और अपनी पहली टॉप 5 जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वह मेक्सिको के अकापुल्को में एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फ़ाइनल में पहुंच गए। दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने ढाई घंटे से ज्यादा चले कड़े मुक. ाबले में 2021 के चैंपियन को 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराया।

केमानोविच, जो टॉप 5 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले सभी 11 मैच हार चुके थे, ने अपने करियर के सबसे बेहत. रीन प्रदर्शनों में से एक दिया, और यादगार जीत पक्की करने के लिए निर्णायक टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा। मैच के बाद केकमानोविच ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं।इसलिए मैं खुश हूं कि आखिरकार कुछ चीजें मेरे हिंसाब से हो रही हैं।

उन्होंने खास मौकों पर अग्रे. सिव तरीके से खेला और असरदार सर्व किया, जबकि ज्वेरेव अपने बैकहैंड पर कंसिस्टेंसी के लिए जूझते रहे, उन्होंने 17 अनफोर्स्ड गलतियां कीं, जबकि केकमानो. विच ने छह गलतियां कीं। इस जीत के साथ, केकमानोविच ने जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, जिन्होंने राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया। दूसरे मैचों में, पांचवीं सीड फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मैच चीन के वू यिबिग से होगा, जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से हराया।

## कलबुर्गी अगले हफ्ते अपना सबसे बड़ा महिला इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करेगा

**बेंगलुरु, वार्ता।** कलबुर्गी 1 से 8 मार्च 2026 तक चंद्रशेखर पाटिल स्टेडियम में आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी का स्वागत करते हुए अपना सबसे बड़ा इंटरनेशनल महिला टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए तैयार है।

यह 30,000 डॉलर का टूर्नामेंट, इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा चलाए जाने वाले आईटीएफ महिला वर्ल्ड टेनिस टूर का हिस्सा है, और यह शहर का पहला आईटीएफ डब्ल्यू35-लेवल का महिला प्रोफेशनल इवेंट है। इस टूर्नामेंट में 32 खिलाड़ियों का सिंगल्स मेन ड्रॉ होगा, जिसके पहले 1 मार्च से 32 खिलाड़ियों का क्वालिफाइंग ड्रॉ होगा, साथ ही 16 टीमों का डबल्स ड्रॉ भी होगा। मेन ड्रॉ मैच 3 मार्च से शुरू होंगे। आईटीएफ डब्ल्यू35-कैटेगरी का इवेंट होने के नाते, यह कीमती रैंकिग पॉइंट्स देता है।

# ब्लैक कैप्स की नजर सेमीफाइनल बर्थ पर

### इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफाइनल की महक आ रही हो

### न्यूजीलैंड की क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है

**कोलंबो, वार्ता।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सुपर आठ स्टेज का मुकाबला नर्वसनेस बनाम नैचुरल लय की एक क्लासिक लड़ाई होने का वादा करता है, एक ऐसा मुकाबला जिसे देखने वालों को शुक्रवार रात यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में अपने स्कोरकार्ड को कसकर पकड़े रहना चाहिए। इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफ़ाइनल की महक आ रही हो। उन्होंने कड़ी मेहनत की है, आगे का टिकट बुक किया है, और अब थोड़ी आजादी से खेल सकते हैं। बिल्कुल वैसे ही जैसे कोई बैट्समैन अपना शतक पूरा कर चुका हो और शानदार, बेफिक्र स्ट्रोक खेलना शुरू कर दे। इंग्लिश कैंप उम्मीद कर रहा होगा कि सीरियस मामला शुरू होने से पहले वह इस मैच को एक आखिरी शार्पनिग एक्सरसाइज के तौर पर इस्तेमाल करेगा, साथ ही अपने सीनियर बैटिग स्टार्स से कुछ कंसिस्टेंसी भी निकलवाएगा। हालांकि, न्यूजीलैंड इस मैच को एक ऐसी टीम की तरह खेलेगा जिसकी कमर थोड़ी दीवार से टिकी हो लेकिन दिल अभी भी लड़ाई में पूरी तरह से लगा हो। उनके क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है। एक जीत उन्हें कॉन्फिडेंस के साथ सेमीफ़ाइनल में पहुंचा देगी( लेकिन, हार उन्हें कोलंबो पर धीरे-धीरे बारिश के बादलों की तरह दूसरे नतीजों को धीरे-धीरे आते देखने के लिए बेचैन कर सकती है। इंग्लैंड की बैटिग का मैदान एक बार फिर कप्तान हैरी ब्रूक के इर्द-गिर्द घूमने वाला है। ब्रूक पहले ही दिखा चुके हैं कि वह पलक झपकते ही सतर्क आर्किटेक्ट से विस्फोटक विध्वंसक बन सकते हैं, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में जब इंग्लैंड का टॉप ऑर्डर लड़खड़ा रहा था, तब उन्होंने 50 गेंदों में शतक लगाया था। इंग्लैंड के लिए एकमात्र चिंता टॉप पर कंसिस्टेंसी है - वे ऐसी शुरुआत चाहते हैं जो सिर्फ़ शानदार न हो, बल्कि सॉलिड हो। इंग्लैंड से उम्मीद है कि वह हमेशा की तरह व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलेगा, पावरप्ले में एग्रेसिव, बीच के ओवरों में क्लिनिकल, और फिर आखिरी पांच में धमाका करने की कोशिश करेगा। बॉलिग डिपार्टमेंट में भी कुछ रोटेशन हो सकता है क्योंकि मैनेजमेंट की एक नजर नॉकआउट पर है। रचिन रवींद्र के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। वह उन खिलाड़ियों में से एक दिखे हैं जिनका हर बार प्रेशर बढ़ने पर कॉन्फिडेंस बढ़ता जाता है। जब विकेट गिरे, तो रवींद्र ने बल्ले से स्थिरता दी और फिर गेंद को असरदार तरीके से घुमाकर जरूरी ब्रेकथ्रू दिलाए। ब्लैक कैप्स अपने मिडिल-ऑर्डर की मजबूती से खास तौर पर शानदार रहे हैं। जब वे मुश्किल में पड़े, तो वे घबराए नहीं, उन्होंने बस पार्टनरशिप बनाई, स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, और मोमेंटम के अपने पक्ष में आने का इंतजार किया। प्रेमदासा के हालात में एक अच्छा क्रिकेट मुक. ाबला होना चाहिए। पहले भी, इस जगह पर हुए 55 से ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से, पीछा करने वाली टीमों ने 29 मैच जीते हैं, जबकि पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 24 जीते हैं। पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 144 है, जिससे पता चलता है कि 160 से ऊपर का कोई भी स्कोर बहुत मुश्किल होगा। मौसम के अनुमान के मुताबिक, क्रिकेट के लिए यह एक खूबसूरत शाम होगी, जिसमें तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, ह्यूमिडिटी लगभग 75 प्रतिशत होगी, और बारिश का खतरा बहुत कम होगा। ऐसे हालात में, बैट्समैन अपने शॉट खेल सकते हैं, लेकिन जो बॉलर लगातार अपनी लेंथ पर हिट करते हैं, वे फिर भी अपनी बात रख सकते हैं। टैक्टिकली, गेम में तीन जाने-पहचाने टी-20 चैप्टर होने चाहिए, जबरदस्त पावरप्ले बैटिंग, बीच के ओवरों में डिसिप्लिन्ड स्पिन बॉलिंग, और डेथ ओवरों में जबरदस्त हिटिंग। इंग्लैंड अटैकिंग क्रिकेट पसंद करता है, लगभग वैसे ही जैसे

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराया

● **कप्तान हेली मैथ्यूज 100 रन/दो विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया**

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** कप्तान हेली मैथ्यूज (100रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका पर 24 गेंदे शेष रहते छह विकेट से सांत्वना जीत दर्ज की। हेली को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से नवाजा गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम हर्षिता समरविक्रमा के 70 रनों की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। मैथ्यूज ने टीम का नेतृत्व किया, 12/2 की खराब स्थिति से उबरने में मदद की, और अब वह सबसे ज्यादा एकदिवसीय शतक बनाने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका की शुरुआत खराब




रही जब कप्तान चामरी अटापट्टू पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज की गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गईं। हालांकि, समरविक्रमा ने 112 गेंदों पर 70 रन बनाकर पारी को संभाला, जो इस दौरान उन्होंने अपना दूसरा अर्धशतक बनाया। उन्होंने हसिनी परेरा (34 गेंदों पर 27) और विशमी गुणरत्ने (46 गेंदों पर 26) के साथ मिलकर मजबूत साझेदारी की। इसके अलावा, कविशा दिलहारी, जो 58 गेंदों पर 45 रन बनाकर नाबाद रहीं। आखिरी ओवरों में किए गए योगदान ने मेहमान टीम को सात विकेट पर 217 के स्कोर तक पहुंचाया। मेजबान टीम के लिए, मैथ्यूज और करिश्मा रामहरक ने से दो-दो विकेट लिए। एफी फ्लेचर, अश्मिनी मुनिसर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। मल्की मदारा ने शुरुआती ओवरों में दो विकेट कियाना जोसेफ (दो) और शर्मेन(शून्य) को सस्ते में आउट कर दिया।

## रमजान मुबारक



दसवां रोजा

सहरी सुन्नी 5.24
शिया 5.15

इफ्तार सुन्नी 6.18
शिया 6.33

मुसलमान का अखलाक उसकी खास पहचान है।किसी मुसलमान की वजह से किसी को भी किसी भी तरह की तकलीफ नहीं पहुँचनी चाहिए। पैगम्बर ए इस्लाम के फरमान पर गौर करें तो अखलाक की अहमियत पता चलती है।आपने हर किसी के हक बताए और बराबरी का पैगाम दिया। इसलिए ऐसा कोई भी काम न करें जो किसी के लिए परेशानी का सबब बने।

कुरआन करीम


# हिंसा के दोषियों को बरी करना कानून का मजाक: शाहनवाज

## कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव ने कहा सरकार के दबाव में अभियोजन पक्ष ने मजबूत पैरवी नहीं की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने मुजफ्फरनगर सांप्रदायिक हिंसा के दोषियों के बरी कर दिए जाने को न्याय का मजाक बताया है। उन्होंने इसके लिए सरकार के प्रभाव में अभियोजन पक्ष द्वारा जानबूझ कर की गई कमजोर पैरवी को जिम्मेदार ठहराया।

शाहनवाज आलम ने कहा कि न्यायपालिका की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस फैसले पर आश्चर्य नहीं किया जा सकता कि कुटबा गांव के 8 मुसलमानों के सभी 37 हत्यारो. पियों को बरी कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि 2013 के मुजफ्फरनगर मुस्लिम विरोधी हिंसा मामलों के फैसलों में एक स्पष्ट पैटर्न देखा जा सकता है जहां पिछले महीने ही मुजफ्फरनगर की एक और कोर्ट ने मोहम्मदपुर रायसिंह गांव में रईसुद्दीन नामक व्यक्ति की हत्या के सभी 22 आरोपियों को बरी कर दिया था। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस जघन्य हत्याकांड के अधिकतर अभियुक्त जमानत पर थे जो कमजोर आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि वाले मुस्लिम गवाहों को डराने-धमकाने में सक्षम थे। शाहनवाज आलम ने कहा कि यह पैटर्न बिल्कुल 2002 के गुजरात के राज्य प्रायोजित मुस्लिम विरोधी जनसंहार जैसा है जिसके लगभग सारे आरोपियों को कोर्ट द्वारा बरी कर दिया गया है. उनके बरी किए जाने में पीएम नरेंद्र मोदी की भूमिका को खुद दोषियों ने तहलका के स्टिंग ऑपरेशन में स्वीकार किया था।



कांग्रेस नेता ने कहा कि जब मुख्यमंत्री खुद अपने खिलाफ दर्ज मामलों को खत्म करवा देंगे और उनकी सरकार अखलाक हत्याकांड के दोषियों पर से मुकदमे हटाने की याचिका डालेगी तो निचली अदालतों से ऐसे फैसलों के आने पर आश्चर्य नहीं किया जा सकता। शाहनवाज आलम ने कहा कि मुजफ्फरनगर हिंसा की असलियत तभी सामने आ पाएगी जब अमित शाह की भूमिका की जांच होगी क्योंकि वो हिंसा से ठीक पहले वहाँ गए थे और उनकी कई गुप्त मीटिनिंग्स की खबरे उस समय अखबारों में छपी थीं. जिसके बाद सुरेश राणा, संगीत सोम और पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह के भड़काऊ भाषणों के बाद हिंसा हुई थी. जिसका मकसद मुस्लिम वोटों पर टिके जाट समुदाय की स्वतंत्र राजनीतिक हैसियत को समाप्त करना था. उन्होंने कहा कि यह उस हिंसा का ही नतीजा है कि आरएलडी के पास आज अपना स्वतंत्र वजूद खो कर भाजपा की गोद में बैठने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

**कहा-मौजूदा हालातों को देखते हुए फैसले पर आश्चर्य नहीं**

# विधायक व मेयर ने किया सड़क उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने विधायक निधि से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

आज वार्ड नंबर 42 में विधायक निधि से गुरुद्वारा साहब के बराबर वाली गली एवं माधव नगर की विष्णु पुरी कॉलोनी में 75 लाख रुपए की लागत से सवीप्रा द्वारा निर्मित की जा रही सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि महानगर का सर्वांगीण विकास उनका संकल्प है और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पूरे महानगर में विधायक विकास निधि व अन्य माध्यमो से सड़कों और गलियों का निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इन सड़कों के निर्माण से सामान्य जनजीवन में सुधार आएगा और सभी को आवागमन में सुविधा होगी। महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधि महानगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं कि आम जनमानस को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मिलें जिसमे सबसे महत्वपूर्ण कार्य सड़को के निर्माण का है। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, मंडल अध्यक्ष गोपाल मेहंदीरत्ता, पार्षद अमित मित्तल जी,पार्षद संजीव कर्णवाल, पार्षद के.के.बत्रा, हरजीत नरूला , योग चुग किशोर शर्मा, पिंकी गुप्ता, राजकुमार कालरा, सरदार प्रीतम सिंह, सागर वर्मा, संजीव विश्वकर्मा, कमल, श्यामसुंदर शर्मा, विजय कालड़ा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# दोनों मृतकों को मिले मुआवजा: मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चंडीगढ़ में छुटमलपुर अरबी मंदरसे के शिक्षक कारी गुलशेर और इनके साथ सहारनपुर के मोहल्ला हबीबगढ़ निवासी कारी सुबहान की चंडीगढ़ में रेड लाइट पर अचानक पीछे से टक्कर मार देने पर दोनों की मृत्यु होने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने अफसोस जाहिर किया

मुजतबा ने चंडीगढ़ पुलिस प्रशासन से दोनों के परिवारजनों को तत्काल 50-50 लाख रुपये देने की माँग की मुजतबा एडवोकेट ने चंडीगढ़ प्रशाशन से तत्काल आरोपी को उचित धराओ में जेल भेजा जाने की माँग की। अफसोस जाहिर करने वालो में अब्दुल हसीब मलिक, महबूब तलहेड़ी, कारी आबिद, कांग्रेस नेता अथहर अली, आसपा नेता सलमान चौधरी, मोनीश, हाजी छोटा, डाक्टर राव बिलाल, कुदुद्स मलिक, राव यूसुफ कारी हारून, अरशद मलिक एडवोकेट, नासिर सैफी, फेसल मिर्जा, अजीम मलिक, हफीज इस्लाम शामिल रहे।



## हाईस्कूल परीक्षा में सौ प्रतिशत उपस्थिति

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित परिषदीय परीक्षा में बुधवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकल. विहीन वातावरण में संपन्न हुईं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार पाठक के अनुसार, प्रथम पाली में हाईस्कूल पंजाबी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 19 परीक्षार्थियों के सापेक्ष सभी 19 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट कृषि भौतिकी एवं जलवायु विज्ञान तथा कृषि जन्तु विज्ञान विषय में पंजीकृत 652 परीक्षार्थियों में से 636 उपस्थित रहे, जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट भूगोल विषय की परीक्षा में पंजीकृत 4602 परीक्षार्थियों में से 4436 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# युवती बरामदगी को लेकर चक्का जाम, दो दिन का आश्वासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गंगोह।** गांव सांगाठेडा में यूवती की बरामदगी को लेकर जनप्रति. निधियों, ग्रामीणों व हिंदूवादी संगठनों का धरना प्रदर्शन व चक्का जाम आखिरकार एसपी देहात सागर जैन के मेराथन प्रयासों के बाद ही खोला जा सका। पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को दो दिन के भीतर ही युवती की बरामदगी का आश्वा. सन दिया। इस बीच कई बार कुछ युवा प्रदर्शनकारी बेहद उग्र भी हुए।

जाम को लेकर प्रशासन ने जहां गंगोह के नानौता चौक को टेंकर लगाकर बंद किया हुआ था, वही सांगाठेडा में भी रजबाहा पुल से पहले से ही आवागमन बंद रखा था। पूरे गांव में सन्नाटा छाया रहा। तमाम लोगों में घटना को लेकर रोष नजर आया। गांव सांगाठेडा से एक सेवा केन्द्र संचालक द्वारा एक हिन्दु युवती को बहका फुसलाकर भगा ले जाने के बाद गांव में तनाव बन गया था। पंचायत में मुस्लिम समाज के जिम्मेदारों के युवती की 24 घंटे में बरामदगी के आश्वासन पर चक्का जाम व उग्र प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया था। मगर युवती की बरामदगी न होने पर सवेरे दस बजे से ही सांगाठेडा में हिंदूवादी संगठनों के लोग व ग्रामीण जुटने शुरु हो गये थे। देखते ही देखते 11 बजे तक काफी संख्या में मौके पर पहुचे लोगों ने गुग्घा माडी के पास सडक पर धरना प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया था। बडी संख्या में तैनात पुलिस बल के समझाने पर भी वे नही मानें और एसएसपी को बुलाने की मांग करने लगें। इसके बाद एडीशनल एसपी सागर जैन, सीओ अशोक सिसोदिया व कोतवाल संजीव कुमार के समझाने बुझाने के बाद भी प्रदर्शनकारी जाम हटाने को तैयार नही हुए। इस बीच हिन्दुवादी नेता गर्म लहजे में भाषण देते रहे, जिससे उपस्थित युवा व लोग उत्साहित होकर नारेबाजी करते रहे। इस दौरान मौके पर तीन थानों की फोर्स मौके पर मुस्तैद रही। एडीशनल एसपी लगातार उन्हें समझाते रहे कि पुलिस को बरामदगी के लिए समय तो चाहिए। और आखिरकार उन्हें समझाने में कामयाब रहे। इसके बाद लगभग तीन बजे जाकर चक्का जाम खुल सका और प्रशासन व जनता ने राहत की सांस ली। इस दोरान पूर्व सांसदपुत्र अंशुमन चौधरी, रोहित प्रधान, कोमल चौधरी, पूजा चौधरी, दिग्विजय त्यागी, दीपक सैनी, अतुल बजरंगी, हरीश पंवार, मांगेराम टरडक, अक्षय सैनी, अरविन्द, दिनेश चौधरी, सावन, रोबिन जंधेडा, श्रवण कुमार, रितेश, प्नवेश, मोहित, करेशन के अलावा सहारनपुर हरिद्वार शामली व हरियाणा के हिंदूवादी नेता भी मौजूद रहे।



# स्वच्छ छवि के व्यक्ति थे चौ.मांगेराम: चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने गांव टीकरी में पूर्व विधायक वीरपाल राठी के पिताजी चौधरी मांगेराम सरपंच की श्रद्धांजलि दी।

चौ.नीरपाल ने कहा कि चौधरी मांगेराम सरपंच एक ईमानदार बेदाग छवि के व्यक्ति रहे। उन्होंने हमेशा कमजोर वर्ग की सहायता की,सादगी, शालीनता उनके अंदर कूट कूट कर भरी थी।उनके जाने के बाद सारा गांव गुहांड उन्हें दिल से श्रद्धांजलि दे रहा है। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि चौधरी मांगेराम सरपंच के सुपुत्र छपरौली से पूर्व विधायक वीरपाल राठी उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर समाज की सेवा कर रहे है। वीरपाल राठी गरीब,किसान, मजदूर की आवाज है।श्रद्धांजलि सभा में सांसद डॉ राजकुमार सांगवान,पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर गठिना, पूर्व मंत्री चौ साहब सिंह, पूर्व मंत्री कुलदीप उज्जवल, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्म सिंह,र ालोद छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ राजीव, खाप चौधरी देवेंद्र बामनौली, खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ संजीव आर्य, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन,आनंद चिल्लर आदि ने श्रद्धांजलि दी। संच. ालन चौ वीरेंद्र ने किया।



# शर्तों को शिथिल करने की मांग का ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने आज प्रदर्शन कर मानव संपदा पोर्टल पर राज्य कर्मचारियों द्वारा संपत्ति विवरण भरे जाने सशर्त समय बढाने को लेकर शर्तो की शिथिल करने की मांग की।

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी के नेतृत्व में एसोसिएशन से जुडे कर्मचारियों ने कलैक्ट्रेट में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। बाद में कर्मचारियों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय गेट पर प्रदर्शन भी किया। कर्मचारियों का कहना था कि मानव संपदा पोर्टल पर राज्य कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार चल अचल संपत्ति का विवरण दर्ज करने हेतु सरकार द्वारा आदेश जारी किये गये थे। जो 31 जनवरी तक भरा जाना था। इस तिथि के बाद पोर्टल बंद होने के कारण कई अधिकारी व कर्मचारी अपना विवरण नहीं भर पा रहे है। विभाग में कार्यरत तृतीय श्रेणी के अधिकतर कर्मचारियों की डयूटी बीएलओ एसआईआर में लगी हुई है। साथ ही कार्यालयों में कम्प्यूटर आदि की उचित व्यवस्था नहीं है। कर्मचारियों का कहना था कि शासन द्वारा आज विवरण भरे जाने हेतु पोर्टल खोल सशर्त समय दिया गया है। उन्होंने शर्तो को शिथिल करने की मांग की है।

इस दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमित कुमार शर्मा, जिला मंत्री आशीष देव सिंह, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, आशुतोष शर्मा, योगेंद्र कुमार, राज. `श कुमार भाटला, अमित कुमार जैन आदि मौजूद रहे।



## सम्मान से नवाजा

**सहारनपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की शाखा को वर्ष 2025 के लिए सर्क बेस्ट ब्रांच के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है।

यह सम्मान सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल (सर्क) द्वारा चित्तौड़गढ़ में आयोजित भव्य वार्षिक समारोह में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से सहारनपुर शाखा की प्रतिष्ठा क्षेत्रीय ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूत हुई है। इस गरिमामय समारोह में सहारनपुर शाखा का प्रतिनिधित्व शाखा अध्यक्ष सीए शिवांशु गोयल, उपाध्यक्ष सीए पंकज चुग, सचिव सीए आनंद मक्कर तथा कोषाध्यक्ष सीए सुनील तोमर ने किया।

## जिलाधिकारी ने किया रोडवेज बस स्टैंड का उदघाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा मानकमऊ में रोड़वेज बस स्टैण्ड का उद्घाटन करते हुए हरी झंडी दिखाकर निगम बसों का संचालन प्रारम्भ कराया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन रोड़वेज बस स्टैण्ड पर यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक मूलभूत बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। आने वाले समय में यात्रियों हेतु वहां पर सुविधाओं में और वृद्धि की जायेगी जिससे आम जनता को कोई परेशानी न हों। ग्राम-मानकमऊ में स्थित नगर निगम के स्वामित्व की भूमि का भूखण्ड प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति, नगर निगम के स्तर से राज्य सड़क परिवहन निगम को अस्थाई रूप से रोड़वेज बस स्टैण्ड के लिए नि:शुल्क प्रदान किया गया।

# किसानों का भुगतान करें मिल: वर्मा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पशिचम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि सहारनपुर मंडल की 19 चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का 1182 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया हो गया है। जिसमें सहारनपुर जिले की टोडरपुर चीनी मिल पर पिछले वर्ष का भी 20 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है।

श्री वर्मा पेपर मिल रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज मंडल की 19 चीनी मिलों पर 1800 करोड रुपए ब्याज भी बकाया है। सहारनपुर जिले की 9 चीनी मिलों पर भी 387 करोड रुपए गन्ना भुगतान व 600 करोड रुपए ब्याज बकाया है।

बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने की और संचालन प्रदेश सचिव मास्टर रईस अहमद ने किया। बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार रजत शर्मा राष्ट्रीय महासचिव रामकुमार नेता प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद मुर्तजा सलमानी प्रदेश मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी प्रदेश सचिव ऋषिपाल गुर्जर जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम जहीरपुर जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला मंत्री मोहम्मद राशिद मोहम्मद तबरेज हाजी सुलेमान हाजी साजिद महबूब हसन रविंद्र प्रधान हरपाल सिंह आदि ने भाग लिया।

## वोटर कार्ड बनवाने की प्रक्रिया बताई

**गंगोह।** पूरनमल रामलाल डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया गया और 18 साल की उम्र वाले सभी युवाओं को अपना वोटर कार्ड बनवाने को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. पवन कुमार बंसल ने स्वयंसेवकों से मतदाताओं को उनके अधिकार एवम्कृ तव्यों से अवगत कराते हुए अपनी मनपसंद सरकार चुनने के प्रति जागरुक करने की सलाह दी। कार्यक्रम अधिकारी डा. रामकुमार, डॉ. धीरेन्द्र कुमार, हेमन्त गुप्ता, नफे सिंह, सलीम आदि रहे।

# कमिश्नर व डीआईजी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह की उपस्थिति में आयुक्त सभागार में आगामी त्यौहार होली एवं ईद के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। मंडलायुक्त ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कोई लापरवाही न हो। उन्होंने तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि शांति समिति की बैठक कर ली जाए। मिश्रित आबादी एवं संवे. दनशील क्षेत्रों पर प्राथमिकता से निरंतर भ्रमण किया जाए। आयोजकों से भी वार्ता की जाए। होलिका दहन स्थल को चिन्हित कर यह भी देखा जाए कि स्थल पूर्ण रूप से सुरक्षित हो। त्यौहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत एवं जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मण्डलवासियों से कहा कि सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाएं कोई नई परम्परा न डालें। ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे एक दूसरे की भावनाएं आहत हों। शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। आमजनों से अपील की कि किसी भी घटना की जानकारी सर्वप्रथम पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों एवं अफवाहों को प्रसारित करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल, जिलाधिकारी शामली अरविन्द चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर अभिनन्दन, पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय सिंह, एसपी ग्रामीण मुजफ्फरनगर आदित्य बंसल सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।
























शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का इज़रायल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ साल बाद फिर से इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को जिस तरह उनका इजरायल की राजधानी तेल अवीव के एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ, वह यह बताता है कि भारत और इजरायल के रिश्ते पहले की अपेक्षा बेहद मधुर दौर में हैं। इजरायल की यात्रा से पहले पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की थी कि यह यात्रा भारत इजरायल के बीच स्थायी संबंधों को सुदृढ़ करेगी। रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि वह इजरायल के पीएम नेतन्याहू के साथ होने वाली चर्चा को लेकर आशान्वित हैं और उनका फोकस विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा एवं सुरक्षा व्यापार, निवेश के लोगों के बीच आपसी संबंधों समेत विभिन्न क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगा। पिछले कुछ वर्षों में देखने में आया है कि भारत-इजरायल संबंध मजबूत हुए हैं, जिनमें रक्षा, वैज्ञानिक, अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विशेष रूप से रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर आ रहा है। जिसमें इजरायल भारत को सैन्य प्लेटफॉर्म और हथियार प्रणालियां मुहैया करा रहा है। पीएम मोदी पहली बार 2017 में इजरायल के दौरे पर गए थे। दूसरी बार जाने पर नेतन्याहू ने मोदी का गले लगाकर अभिवादन किया। नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा के साथ एयरपोर्ट पर स्वयं पीएम मोदी का स्वागत करने पहुंचे थे। निसंदेह पिछले दस वर्षों में भारत ने इजरायल के साथ अभूतपूर्व नजदीकी बढ़ाई है। हालांकि इजरायल को लेकर देश में मोदी सरकार की आलोचना भी कम नहीं हो रही है। तमाम विपक्षी दल जिसमें कांग्रेस और वामपंथी दल आगे हैं, वो इस यात्रा का विरोध भी कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो स्पष्ट कह दिया है कि पीएम मोदी का इस समय इजरायल का दौरा करना ना राजनीतिक रूप से और न ही कूटनीतिक रूप से तर्कसंगत कदम कहा जा सकता है। यूं भी यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब फलस्तीन में उसके द्वारा नरसंहार कराए जाने को लेकर इजरायल के मित्र देश भी उससे छिटक रहे हैं और दूरी बनाकर चल रहे हैं। ऐसे में पीएम मोदी का इजरायल दौरा खाड़ी के देशों को भी विचलित कर सकता है जिनसे भारत के बेहतर संबंध रहे हैं। इस तरह का तर्क देने वालों को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि इजरायल वह देश है जिसके साथ निकटता अन्य देशों के संबंधों पर प्रभाव डाल सकती है और भारत के हितों को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में इजरायल के साथ आगे बढ़ते हुए भारत को बेहद सतर्कता की आवश्यकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इजरायल हमारा सैन्य स्तर पर काफी सहयोग कर रहा है और काफी रक्षा प्रणाली हमें दे रहा है। लेकिन साथ ही हम अन्य देशों पर भी तेल, गैस, ऊर्जा को लेकर काफी निर्भर हैं।

## सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी



सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है, कांशीराम की जयंती पर पीडीए दिवस मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है, सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है, 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता, सपा सरकारों ने कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए कई कार्यों को बदलने, समाप्त करने का काम किया।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# वंदे मातरम की गूंज और आजाद का अद्वितीय बलिदान



श्वेता गोयल

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गई थी। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्रभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

**शैशव की दहलीज पर क्रांति का अंकुर**

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव की मिट्टी में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ। काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

**रक्त से लिखा गया स्वाभिमान का इतिहास**

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था, पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का एक लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थी लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए और उन्होंने संकल्प लिया कि वे कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे।

**काकोरी और क्रांतिकारी संगठन का पुनर्गठन**

असहयोग आंदोलन के अचानक वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी।

इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंक. कर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। वे अनुशासन और निष्ठा के प्रति इतने कठोर थे कि संगठन के भीतर किसी को नियम तोड़ने की अनुमति नहीं थी। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

**छद्मवेश और निशानेबाजी की अद्भुत कला**

आजाद केवल एक योद्धा नहीं बल्कि एक कुशल रणनीतिकार भी थे। वे अक्सर साइकिल से मीलों की यात्रा करते थे, जो उनकी सादगी और संकल्प को दर्शाता है। ब्रिटिश पुलिस से बचने के लिए उन्होंने कई बार ऐसे भेष धरे कि पास खड़ा जासूस भी उन्हें पहचान नहीं पाता था। कभी वे अपनी मूंछें मुंडवाकर साधु बन जाते, तो कभी बनारस के घाटों पर नाविक बनकर अंग्रेजों के बीच से सुरक्षित निकल जाते थे। एक बार तो वे एक मंदिर में साधु बनकर रुके और अंग्रेज पुलिसकर्मी उन्हें पहचान तक नहीं सके। वे एक अद्वितीय निशानेबाज थे, जंगल के भीतर पेड़ों पर घंटों अभ्यास करना उनकी दिनचर्या थी। उनकी पिस्तौल 'बमतुल बुखारा' सदैव उनके पास रहती थी और उनकी अचूक निशानेबाजी का खौफ अंग्रेज अफसरों में ऐसा था कि वे आजाद का नाम सुनते ही कांपने लगते थे।

**लाहौर से दिल्ली तक प्रतिशोध की गूंज**

1928 में जब लाला लाजपत राय की लाठीचार्ज में हुई मृत्यु का बदला लेने की बात आई तो आजाद ने ही योजना बनाई। जे।पी। सांडर्स की हत्या के बाद उन्होंने अपने साथियों को सुरक्षित निकालने में अपनी पूरी शक्ति लगा दी। 8 अप्रैल 1929 को जब भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केंद्रीय असेंबली में बम फैंका तो उसके पीछे भी आजाद की संगठनात्मक शक्ति काम कर रही थी। उन्होंने अपने साथियों को बचाने की हरसंभव कोशिश की लेकिन जब वे असफल रहे तो उन्होंने अकेले ही संगठन की कमान संभाली।

**अंतिम संघर्ष: अल्फ्रेड पार्क की अमर गाथा**

27 फरवरी 1931 की वह दुपहरी इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज हो गई। इलाहाबाद द्धप्रयागराजत्र के अल्फ्रेड पार्क में आजाद अपने एक साथी के साथ किसी भावी रणनीति पर विचार कर रहे थे, तभी गद्दारी की सूचना पर पुलिस ने पार्क को चारों ओर से घेर लिया। भारी मात्रा में पुलिस बल और अत्याधुनिक हथियारों के सामने आजाद अकेले थे, हाथ में वही विश्वसनीय पिस्तौल और जेब में सीमित गोलियां। मुठभेड़ शुरू हुई। आजाद ने अपने साथी को सुरक्षित निकाल दिया और स्वयं पुलिस का सामना करने लगे। उन्होंने अपनी चतुराई और निशानेबाजी से अंग्रेज अफसरों को पेड़ के पीछे दुबकने पर मजबूर कर दिया। गोलियां खत्म हो रही थी। अंततः जब पिस्तौल में केवल एक गोली बची तो उन्हें अपनी वह प्रतिज्ञा याद आई, 'मैं कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आऊंगा'। उन्होंने तनिक भी संकोच नहीं किया और वह अंतिम गोली अपनी कनपटी पर दाग ली। इस प्रकार वह शेर अपनी ही मांद में शान से सो गया। उनकी मृत्यु के बाद भी पुलिस उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी, डर था कि कहीं यह भी 'आजाद' की कोई चाल न हो।

**आजाद के जीवन का संदेश और प्रासंगिकता**

चंद्रशेखर आजाद का बलिदान केवल एक क्रांतिकारी का अंत नहीं था बल्कि वह एक जलती हुई मशाल थी, जिसने आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति का अर्थ सिखाया। 24 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने जो कीर्तिमान स्थापित किए, वे आज के युवाओं के लिए एक महाकाव्य के समान हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देशभक्ति केवल नारों या सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि वह हमारे आचरण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा में दिखनी चाहिए। आजाद का नारा, 'हम जिएंगे आजाद, मरेंगे आजाद!' आज भी भारतीय हवाओं में गूं. जता है और हमें प्रेरणा देता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विकट क्यों न हों, यदि संकल्प दृढ़ है तो दुनिया की कोई भी शक्ति आपको गुलाम नहीं बना सकती। आजाद का जीवन त्याग और अनुशासन की पराकाष्ठा था। उन्होंने कभी अपने निजी सुख के बारे में नहीं सोचा। उनकी वह प्रतिमा, जिसमें वे अपनी मूंछों पर ताव देते हुए दिखते हैं, केवल वीरता का प्रदर्शन नहीं है बल्कि वह भारतीय स्वाभिमान की वह चुनौती है, जो हर युग के अत्याचारी शासक को दी जाती रहेगी। भारत की आत्मा में चंद्रशेखर आजाद सदा जीवित रहेंगे क्योंकि जो राष्ट्र के लिए मरते हैं, वे कभी नहीं मरतेय अमर हो जाते हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरसों का अड्डा है आपका टूथब्रश

**ये वायरस संभवतः हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गति. विधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है।**

क्या आप जानते हैं कि आपके टूथब्रश और शॉवरहेड में सैकड़ों वायरस हो सकते हैं। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं। बैक्टीरियोफेज नामक यह वायरस सिर्फ बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं, इंसानों को इससे कोई खतरा नहीं हैं। उल्टा यह वायरस हमें खतरनाक, दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से लड़ने के नए तरीके खोजने में मदद कर सकते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी की एरिका हार्टमैन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने आम घरेलू सतहों पर वायरस की अदृश्य दुनिया की अधिक जानकारी के लिए अमेरिकी घरों से 92 शॉवरहेड और 36 टूथब्रश का अध्ययन किया। उन्नत डीएनए अनुक्रमण तकनीकों का उपयोग करके, इन नमूनों में उन्होंने 600 से अधिक विभिन्न प्रकार के बैक्टीरियोफेज पाए। इनमें से ज्यादातर वायरस, टूथब्रश में पाए गए और वहां मिले कई वायरस तो विज्ञान के लिए सर्वथा नए थे।

बैक्टीरियोफेज आम तौर पर दो में से किसी एक तरीके से कार्य करते हैं, वे या तो बैक्टीरिया की मशीनरी को हाईजैक कर लेते हैं और अपनी प्रतियां बनाकर अंततः मेजबान बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं या वे बैक्टीरिया के जीनोम में एकीकृत हो जाते हैं और बैक्टीरिया के व्यवहार को बदल देते हैं। ये वायरस संभवतः हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित



कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गतिविधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है। इस शोध की एक दिलचस्प संभावना यह भी है कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से निपटने के लिए नए खोजे गए बैक्टीरियोफेज का उपयोग किया जा सकता है। जब एंटीबायोटिक्स विफल हो जाते हैं, तो इंजीनियर्ड बैक्टीरियोफेज का उपयोग कभी-कभी इन सुपरबग्स को मारने के लिए किया जा सकता है। यह उपचार के लिए एक आशाजनक विकल्प प्रदान करता है। सारतः, साधारण-सा दिखने वाला टूथब्रश अदृश्य वायरसों से भरा और चिकित्सा में उपयोगी हो सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# अनोखी प्रणयलीला अपनाता है यह पक्षी

वैसे तो कई सारे नर मादा को रिझाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। कई अपने रंग-रूप से लुभाते हैं, कुछ अपनी शक्ति से, कुछ गाकर, तो कुछ नाच कर, लेकिन बॉवरबर्ड कुल ptilonorhynchidae के सदस्यों के नर की प्रणयलीला का अंदाज निराला है। अपनी मादाओं को नर बॉवरबर्ड रिझाते तो नाच-गाकर ही हैं, लेकिन इसके लिए वे पहले पूरा मंच (स्टेज) बनाते हैं, उसे सजाते हैं। और तो और, हालिया अध्ययन बताता है कि वे अपने मंच में ऐसा इंतजाम करते हैं कि उनका गाना मादाओं को मोहित करने के लिए एकदम सही सुरों में सुनाई दे। इतना ही नहीं, वे अपने दर्शकों (मादाओं) के लिए परफॉर्मेंस देखते-देखते खानपान की व्यवस्था भी करते हैं। यानी मूवी के साथ पॉपकॉर्न भी। वास्तव में, अनूठी प्रणयलीला के चलते बॉवरबर्ड के प्रदर्शन पर काफी अध्ययन हुए हैं। लेकिन यह सभी अध्ययन दृश्य इंतजामों और प्रदर्शन तक सीमित थे। पता चला था कि बॉवरबर्ड टहनियां वगैरह इकठी करके मेहराबदार सुरंगनुमा, बॉवर या ऊंची कुटिया बनाते हैं। इसके द्वार से सटे आंगन की सजावट वे कंकड़-पत्थर, शंख, हड्डियों और कांच या प्लास्टिक के रंगीन टुकड़ों से करते हैं। जब यह कुटिया बनकर तैयार हो जाती है तो नर तेज, कर्कश आवाजें निकालकर इसके बारे में मादाओं को सूचना देते हैं। अगर कोई मादा इस पुकार को सुनकर चली आती है, और कुटिया की बनावट और सजावट उसे भा जाती है तो वह अंदर प्रवेश करती है। बस फिर क्या, नर उड़कर (पीछे की ओर बने) आंगन में आ जाता है और अपनी कलाकारी का प्रदर्शन शुरू कर देता है। मादा सुरंगनुमा कुटिया के दरवाजे से आंगन में खड़े नर बॉवरबर्ड का केवल सिर ही देख पाती है। नर का प्रदर्शन भी उसी के अनुरूप होता है। नर बॉवरबर्ड तेज, कर्कश, हिस्स्सकारती हुई आवाज में गाना गाता है। गाने के साथ वह मादा को लुभाने के लिए संटियां, फल जैसी विभिन्न वस्तुएं चोंच से उछाल-उछाल कर दिखाता है, और गर्दन घुमाकर अपने सिर के पीछे बने गुलाबी पंखों का मुकुट भी दिखाता है, लेकिन जैसा कि ऊपर भी कहा गया है कि ये सारे अवलो. कन बॉवरबर्ड की दृश्य गतिविधियों पर केंद्रित थे। डीकिन युनिवर्सिटी के प्रकृति-इतिहासकार जॉन एंडलर जानना चाहते थे कि क्या कुटिया की बनावट और आंगन की सजावट 'गाने' को मादा के लिए रुचिकर बनाने कोई भूमिका निभाते हैं? अपने अध्ययन के लिए उन्होंने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के निवासी ग्रेट बॉवरबर्ड (Chlamy der-anuchalis) को चुना। पहले तो उनकी टीम ने उत्तरी क्वींसलैंड के वनों में नर बॉवरबर्ड्स के 'प्रेमालाप' की रिकॉर्डिंग की। इसके बाद, उन्होंने कुटिया के प्रवेश द्वार (जहां नर होता है) पर स्पीकर को रखकर इस रिकॉर्डिंग को चलाया, और जहां आम तौर पर मादा का सिर होता है वहां माइक्रोफोन लगाकर ध्वनियों को रिकॉर्ड किया ताकि यह समझा जा सके कि कुटिया के आकार के कारण नर का प्रेमगीत मादा को कैसा सुनाई देता है। फिर, टीम ने व्यवस्थित रूप से कुटिया के आंगन में सजाई गई विभिन्न सजावटी वस्तुओं को हटाया और पता किया कि प्रत्एक सामग्री से कुटिया के अंदर सुनाई पड़ने वाली ध्वनि पर कैसा प्रभाव पड़ता है। बिहेवियोरल इकोलॉजी में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि नर ग्रेट बॉवरबर्ड बेहतरीन साउंड इंजीनियर होते हैं। कुटिया का आकार नर के गीत को ऊंचा कर देता है, जिससे अंदर मौजूद मादा को यह ज्यादा तेज सुनाई देता है। आंगन की सजावट भी आवाज को प्रभावित करती हैय शंख जैसी सख्त सतह भी टकराने वाली आवाज को तेज कर देती हैं। नर ग्रेट बॉवरबर्ड मादा के लिए न सिर्फ आकर्षक भवन, गीत और नृत्य प्रदर्शन का इंतजाम करते हैं बल्कि वे शो के दौरान खाने की चीजों का इंतजाम भी करते हैं। वे कुटिया की दीवारों को लार और वनस्पतियों से रंगते हैं, और उनके प्रदर्शन को देखते हुए मादा इसे चबाती हैं। रिझाने के लिए एक और पैंतरा! देखा जाए तो यह अध्ययन अपने-आप में काफी दिलचस्प है लेकिन इस संदर्भ में कई और चीजें समझना बाकी हैं। जैसे मादा कर्कश या मृदु आवाजों या मोटी-पतली आवाजों में गाए गए प्रेमगीतों पर कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।

**-स्रोत फीचर्स**



# भूमध्य सागर सूखने पर जीवन उथल-पुथल हुआ था

अपने सुंदर समुद्र तटों के लिए लोकप्रिय भूमध्य सागर लगभग 60 लाख वर्ष पूर्व पूरी तरह से सूख गया था। भूमध्यसागर लवणीयता संकट के रूप मशहूर इस घटना ने इस क्षेत्र में लगभग सभी समुद्री जीवन को मिटा दिया और नमक की एक मोटी परत छोड़ दी। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की जैव विविधता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। इस घटना के साक्ष्य पहली बार 1970 के दशक में उजागर हुए जब भूवैज्ञानिकों ने समुद्र तल की खुदाई में बड़े पैमाने पर नमक जमा पाया। विशेषज्ञों के अनुसार 60 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी की महाद्वीपीय प्लेटें खिसकने के कारण भूमध्य सागर अटलांटिक महासागर से अलग हो गया, जिसके बाद लगभग 6 लाख वर्षों में समुद्र सूख गया। नतीजतन कोरल रीफ और मछली प्रजातियों से संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र लगभग नमक का बंजर रेगिस्तान बन गया। इस संकट ने समुद्री जीवन को काफी प्रभावित किया, भूमध्य सागर की जैव विविधता को हमेशा के लिए बदल डाला। भूविज्ञानी कॉन्स्टेन्टिना अगियादी और उनकी टीम द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन ने इस विलुप्ति की घटना और उसके बाद की बहाली के बारे में नई जानकारी प्रदान की है। उन्होंने संग्रहालयों में उपलब्ध 1।2 करोड़ से 35 लाख वर्ष पुराने 23,000 से अधिक जीवाश्मों का विश्लेषण किया, जिससे 1755 वंशों (जेनेरा) की 4903 प्रजातियों का पता चला जो कभी भूमध्य सागर में निवास करती थीं। इस शोध से एक गंभीर तस्वीर सामने आई हैरू जीवंत कोरल रीफ सहित लगभग 800 प्रजातियां पूरी तरह से विलुप्त हो गईं। केवल सार्डीन और मैनेटी से सम्बंधित समुद्री स्तनधारियों जैसी केवल 86 प्रजातियां इस आपदा से बच पाईं।

लगभग 50,000 वर्षों के बाद, टेक्टोनिक प्लेटों के विचरण ने भूमध्य सागर को अटलांटिक से फिर से जोड़ दिया और समुद्र का पानी सूखे हुए बेसिन में वापस बहने लगा। लगभग 2700 प्रजातियां इस क्षेत्र में पुनरू आबाद हो गईं। हालांकि, वे सभी प्रजातियां वापस नहीं पनप सकीं जो पहले यहां रहा करती थीं। आजकल की प्रजातियों में नई प्रजातियां अधिक हैं। जैसे, ग्रेट व्हाइट शार्क, डॉल्फिन वगैरह।



पटना। होली उत्सव के दौरान पटना महिला कॉलेज की छात्राएं।

## एपस्टीन फाइल्स में बिकिनी पहनी महिला के साथ दिखे वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग

**वाशिंगटन।** जेफ्री एपस्टीन से जुड़े हाल में सामने आए दस्तावेजों में एक पुरानी तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दिवंगत ब्रिटिश वैज्ञानिक स्टीफन हाकिंग दो बिकिनी पहनी महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर 2006 की बताई जा रही है। परिवार ने साफ किया है कि फोटो में दिख रही महिलाएं उनकी लंबे समय से देखभाल करने वाली केयरगिवर थीं और किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार के आरोप निराधार हैं। तस्वीर कथित तौर पर कैरेबियाई द्वीप सेंट थामस के रिट्ज-कार्लटन होटल में ली गई थी। यहां मार्च 2006 में एपस्टीन ने एक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन कराया था। उस कार्यक्रम में 21 अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक शामिल हुए थे।

# यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं: राहुल गांधी

■ कहा: शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा, यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर पीएम मोदी की आलोचना की

**नई दिल्ली।** नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार और नार्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नार्थ कोरिया नहीं।

राहुल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है। उन्होंने पूछा जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पीएम सवालों से डरते है? जहां असहमति को कुचलना शासन का स्वभाव बनता जा रहा है? दरअसल, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा किसोचिए मुद्दा कोई भी हो, अगर आप सत्ता के खिलाफ संवैधानिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो लाठी, मुक. दमा और जेल, यह लगभग तय है।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़

## कहा: सनकी और क्रूर शासन को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते

**वाशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वारशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा।

वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फाक्स न्यूज से बात. चीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि



■ बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे: वेंस

राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं। ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमे. रिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। वेंस ने कहा कि बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। उन्होंने कहा हम कोशिश जारी रखेंगे। लेकिन राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वे तय करें कि कूटनीति अपनी सीमा तक पहुंच गई है या नहीं।

## पीओके पर भारत की पाक को फटकार, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में सुनवाई खरी-खरी

# जबरन कब्जे वाले इलाके खाली करो

■ पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है: अनुपमा सिंह

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए तगड़ी फटकार लगाई है। भारत ने इस्लामाबाद पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर का विकास पथ पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं के बिल्कुल विपरीत है।

23 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित हो रहे सत्र में 25 फरवरी को आयोजित उच्चस्तरीय सत्र के दौरान भारत के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस समूह ने खुद को एक सदस्य देश के लिए 'प्रतिबिंब कक्ष' के रूप में इस्तेमाल होने दिया है।

अनुपमा सिंह ने कहा कि हम इन आरा. पों को सिरे से खारिज करते हैं। साथ ही यह भी जोड़ा कि पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है। सिंह ने भारत के उस चिरस्थाई रुख को दोहराया कि जम्मू और कश्मीर 'भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।' उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता अधि. नियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार, 1947 में इस क्षेत्र का भारत में विलय पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से संबंधित एकमात्र लंबित विवाद पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है और उन्होंने इस्लामाबाद से अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों को खाली करने को कहा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के नियमित सत्र के उच्च स्तरीय खंड में, जिनेवा में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान और ओआईसी द्वारा उच्च स्तरीय खंड के दौरान उठाए गए मुद्दों के जवाब में भारत को अपने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है। हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार को दो. हराकर, ओआईसी यह प्रकट करता है कि वह किस हद तक एक सदस्य देश के प्रभाव में आ गया है, और उस देश की राजनीतिक बाध्यताओं के लिए एक प्रतिध्वनि कक्ष बनकर रह गया है। पाकिस्तान का निरंतर दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा है। हम इसे महत्व नहीं देना चाहते, लेकिन तथ्यों के आधार पर इसका खंडन करने के लिए हम कुछ बिंदु उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान की किसी भी प्रकार की मनगढ़ंत बयानबा. जी या दुस्साहसी दुष्प्रचार इस अटल तथ्य को नहीं बदल सकता कि जम्मू और कश्मीर का भारत में विलय 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। वास्तव में, एकमात्र लंबित मुद्दा यह पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है। हम पाकिस्तान से जबरन कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आम चुनाव और विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान इस बात का प्रमाण है कि वहां की जनता ने पाकिस्तान द्वारा प्रचारित आतंकवाद और हिंसा की विचारधारा को खारिज कर दिया है और विकास और लोकतंत्र के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर पिछले साल जम्मू और कश्मीर में उद्घाटन किया गया दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, चेनाब रेल पुल, फर्जी माना जाता है, तो पाकिस्तान को हकीकत की दुनिया में रहना चाहिए या शायद उसे यह अविश्वसनीय लगता है कि जम्मू और कश्मीर का विकास बजट आईएमएफ से मांगे गए हालिया राहत पैकेज से दोगुने से भी अधिक है।

## भारत-इजरायल की दोस्ती से पाक चिंतित

**इस्लामाबाद।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर इजरायलमें हैं। पीएम मोदी को इस दौरे पर इजरायल का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुआ है। वहीं भारत इजरायल के बीच इस दोस्ती को देखकर पाकिस्तान को झटका लगा है।

पाकिस्तान की घबराहट उसके हालिया प्रस्ताव में साफ दिखाई दे रही है। दरअसल, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी के इस दौरे पर भारत और दूसरे देशों के साथ क्षेत्रीय गठबंधन बनाने के बारे में बताया, जिसका नाम हेक्सागन अलायंस होगा। पाकिस्तान को पीएम नेतन्याहू की ये बात चुभ रही है। तभी तो पाकिस्तान ने इजरायली प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव पास कर दिया है। भारत और इजरायल रक्षा, व्यापार और सुरक्षा क्षेत्रों में संबंध मजबूत



■ पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुए

करने पर फोकस कर रहे हैं। भारत और इजरायलने एक सुरक्षा एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया है जो भारत में हथियार की व्यवस्था को एक साथ विकसित करने पर फोकस है। यह समझौता आयरन डोम को भारत में इजरायलके सहयोग से विकसित करने पर हुआ है।

## अमेरिका उत्तर कोरिया के परमाणु राष्ट्र संपन्न दर्जा स्वीकार करे: किम जोंग उन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि यदि अमेरिका अपनी शत्रुतापूर्ण नीति छोड़कर उत्तर कोरिया के परमाणु संपन्न राष्ट्र के संवैधानिक दर्जे को स्वीकार करता है, तो उत्तरी कोरिया अमे. रिका के साथ संबंधों को सुधारने के लिए तैयार होगा। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की नौवीं कांग्रेस के अवसर पर आयोजित एक परमाणु सैन्य परेड में किम ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका उत्तर कोरिया के संविधान में परिभाषित परमाणु राष्ट्र की वर्तमान स्थिति का सम्मान करता है और उत्तर कोरिया के प्रति अपनी शत्रुतापूर्ण नीति वापस लेता है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम अमेरिका के साथ अच्छे संबंध स्थापित न कर सकें। किम ने कहा कि अमेरिका और उत्तर कोरिया साथ चल सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब अमेरिका यह स्वीकार कर ले कि उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार स्थाई रूप से रहेंगे। उत्तरी कोरिया के सुप्रीम लीडर की टिप्पणियों को अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा से पहले अमेरिका के साथ बातचीत का रास्ता खोलने के रूप में देखा गया।

# चीन के वैश्विक जासूसी नेटवर्क का खुलासा



■ हैकिंग समूह ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी

**न्यूयार्क।** तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने एक बेहद संगठित और खतरनाक अंतर्राष्ट्रीय साइबर जासूसी नेटवर्क को ध्वस्त करने का दावा किया है।

गूगल ने बताया कि चीन से जुड़े एक हैकिंग समूह यूएनसी2814 (जिसे गैलियम भी कहा जाता है) ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी। गूगल थ्रेट इंटेलिजेंस ग्रुप के मुख्य विश्लेषक जान हल्टक्विस्ट ने कहा कि यह एक विशाल जासूसी तंत्र था, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और विशिष्ट संस्थानों की निगरानी करना था। यह समूह लगभग एक दशक से सक्रिय है। वैसे, गूगल ने स्पष्ट किया कि यह किसी उत्पाद की तकनीकी खामी नहीं, बल्कि प्लेटफार्म का दुरुपयोग था। हैकरों ने ग्रिडटाइड नामक एक गुप्त बैकडोर स्थापित किया था, जिससे उन्हें लोगों के नाम, फोन नंबर, जन्म तिथि, मतदाता पहचान पत्र और नेशनल आईडी जैसे बेहद निजी डेटा तक पहुंच मिल गई थी। हल्टक्विस्ट ने कहा कि जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से सरकारी संस्थाओं और दूरसंचार कंपनियों को अपना निशाना बनाता रहा है। हालांकि, गूगल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हैकिंग समूह की ओर से नियंत्रित क्लाउड प्रोजेक्ट को बंद कर दिया है और उनके इंटरनेट बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय कर दिया है। हमलों का उद्देश्य काल डाटा रिकॉर्ड और एसएमएस संदेशों की चोरी करना था।

## ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर शुरू

■ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में अमे. रिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। इससे पहले वार्ता के पहले और दूसरे दौर इस महीने की शुरुआत में मस्कट और जिनेवा में आयोजित किए गए थे।

इससे पहले ओमान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री बद्र अल्बुसैदी ने बुधवार शाम जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों मंत्रियों ने हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा क्योंकि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ऐसे हथियारों के विकास प्रतिबंध लगा रखा है। पेजेशकियन ने कहा कि किसी समाज का धार्मिक नेता राजनेताओं की तरह झूठ नहीं बोल सकता और जब उन्होंने घोषणा कर दी है कि हमारे पास परमाणु हथियार नहीं होंगे, तो इसका मतलब है कि हम इसे नहीं बनाएंगे।

## मार्च की शुरुआत मे हो सकती है अमेरिका, यूक्रेन रूस के बीच बैठक

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अगले दौर की बातचीत मार्च की शुरुआत में होने की उम्मीद है। स्थानीय मीडिया ने जेलेंस्की के हवाले से कहा कि बातचीत से पहले यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार एवं राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद सचिव रुस्तम उमरोव गुरुवार को अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस द्विपक्षीय बैठक में आगामी तीन-तरफा बातचीत की तैयारियों, यूक्रेन की पुनर्निर्माण निधि और यूक्रेन तथा रूस दोनों देशों के बीच कैदियों की संभावित अदला-बदली पर ध्यान दिया जाएगा।

# पुलिस थानों में सीसीटीवी की कमी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## अदालत ने दिए केंद्र सरकार को बैठक में शामिल होने के निर्देश, 14 मार्च को अहम मीटिंग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश एमिकस क्यूरी द्धन्यायालय का मित्रऋ वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया। दवे ने बताया कि 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी। इस

■ 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी



दलील पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि भारत सरकार के वकील ने पहले ही क्षमा मांग ली है कि संचार में कुछ गड़बड़ी के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि अगली बैठक में वे पूरा सहयोग देंगे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मित्र ने बैठक के लिए 14 मार्च, 2026 की तारीख सुझाई है। बैठक पहले दिए गए निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को आयोजित की जाए। कोर्ट ने कहा कि अगली बैठक 14 मार्च 2026 को होगी और सभी पक्षों को सहयोग करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को तय की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए पुलिस स्टेशनों में कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। दिसम्बर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सीबीआई, ईडी और राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्धएनआईएत्रऋ सहित जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकार्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन में, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर, मुख्य द्वार पर, लाक-अप में, गलियारों में, लाबी और रिसेप्शन में, साथ ही लाक-अप कमरों के बाहर के क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि कोई भी हिस्सा बिना सुरक्षा के न रह जाए।

## ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हुई

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी मिनास गेरैस राज्य में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन की ओर से बुधवार को आए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित शहर जुइज डे फोरा में 40 मौतें हुई हैं, जबकि पास की उबा नगरपालिका में छह मौतों की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि जुइज डे फोरा में 19 और उबा में दो लोग लापता हैं। जुइज डे फोरा में लगभग 3000 लोग और उबा में 26 लोग बेघर हो गए हैं, जबकि भूस्खलन और बाढ़ के खतरे के कारण क्रमश: 400 और 178 लोगों को निकाला गया है।

# कनाडाई धरती पर अपराधों से नहीं जुड़ा भारत: कनाडा

## पीएम कार्नी के भारत दौरे से पहले दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत दिए

**ओटावा।** प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे से पहले कनाडा ने दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत देते हुए कहा है कि भारत अब उसकी सरजमीन पर हिसक अपराधों में शामिल नहीं है। टोरोंटो स्टार की ओर से प्रकाशित एक खबर के अनुसार, एक वरिष्ठ कनाडाई अधिकारी ने बुधवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कनाडा सरकार को विश्वास है कि अब इस तरह की घटनाएं नहीं हो रहीं।

रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से कहा गया कि हमारा कूटनीतिक आदान-प्रदान बहुत मजबूत है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच भी है। मुझे लगता है कि अब यह कह सकते

■ भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे



हैं कि उस तरह की कोई गतिविधि जारी नहीं है। अप्रैल 2025 में कनाडा की कमान संभालने वाले कार्नी गुरुवार को भारत के लिए रवाना होंगे। यह उनके हिंद-प्रशांत दौरे का पहला पड़ाव होगा। भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे। इस दौरे का लक्ष्य द्विपक्षीय संबंधों को फिर से कायम करना और व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में सहयोग का विस्तार करना है। उल्लेखनीय है कि कनाडा ने 2023 में खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते कटु हो गए थे। इस विवाद के कारण दोनों देशों ने अक्टूबर 2024 में उच्चायुक्तों और राजनयिकों को वापस बुला लिया गया। कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को काम पर लौटा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि वरिष्ठ स्तर पर व्यवस्थित बातचीत ने संवाद के लिए रास्ता बनाया है। अपने भारत दौरे पर कार्नी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य उद्यमियों से मिलकर दोनों देशों के बीच आर्थिक और निवेश संबंध मजबूत करेंगे। साल 2024 में भारत कनाडा का सातवां सबसे बड़ा व्यापार-साथी था। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 30.8 अरब डॉलर था। नों ही देश फिलहाल एक विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत कर रहे हैं जिससे व्यापार 2030 तक 70 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है।

# यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग

■ चीन ने कहा: देशों की प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान जरूरी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र स्थित चीनी स्थाई मिशन के राजनयिक थंग फेइ ने एक आपात विशेष यूएन महासभा में यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की। शांति के समर्थन पर फैसले का मसौदा पारित होने के बाद अपने भाषण में थंग फेइ ने कहा कि वर्तमान नाजुक वक्त में चीन को इंतजार है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय संकट के राजनीतिक समाधान के लिए लाभकारी वातावरण तैयार करेगा।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यूएन महासभा शांति के लिए रचनात्मक भूमिका निभाएगी। चीन इस संकट के राजनीतिक समाधान के लिए सकारात्मक कोशिश जारी रखेगा। थंग फेइ ने कहा कि चीन अभी यूएन महासभा के फैसले मसौदे पर मतदान से अलग हुआ है। चीन का हमेशा से विचार है कि विभिन्न देशों की प्रभुसत्ता और प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान करना जरूरी है, और साथ ही यूएन चार्टर के सिद्धांतों का पालन करना है। विभिन्न पक्षों की सुरक्षा चिंताओं को महत्व देना है और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए लाभदायक सभी कोशिशों का समर्थन करना चाहिए। थंग फेइ ने कहा कि समस्या का जड़ से समाधान करना चाहिए ताकि अधिक संतु. लित, प्रभावी और सतत् यूरोपीय सुरक्षा ढांचा बन जाए। जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने फोन पर विस्तार से चर्चा की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने का रास्ता खोजना है। यूक्रेनी राष्ट्रपति का मानना है कि इन बैठकों के माध्यम से बातचीत को शीर्ष नेताओं के स्तर तक ले जाने का मौका मिलेगा।

